

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 3 अंक: 185 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 19 अप्रैल 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## बंगाल को बनाया जाए केंद्र शासित राज्य : पंडित राजेश अग्निहोत्री भगवताचार्य।

मथुरा।। भगवताचार्य पंडित राजेश अग्निहोत्री ने कहा है कि वक्फ बोर्ड तो बहाना है, केवल हिन्दू निशाना है। बंगाल में ममता मुख्यमंत्री के राज्य में जो हो रहा है उसमें हिंदुओं को चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है। आपको क्या लगता है कि ये वक्फ बोर्ड कानून बिल के संशोधन का विरोध है यदि आप ये सोच रहे हैं तो आप बहुत बड़ी भूल कर रहे हैं। विरोध करने के और भी तरीके हैं। धरना दिया जा सकता है, शांत प्रदर्शन किया जा सकता है, हाई कोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट जा सकते है। विरोध प्रगट करने के और भी अन्य कई तरीके हो सकते हैं। लेकिन गड्डियों को फूंकना, घर जलाना, किसी के साथ मारपीट करना, किसी की इज्जत तार तार कर देना, किसी को जान से मार देना, आगजनी करना ये विरोध करने का कौन सा तरीका है? हर जगह शाहीन बाग बना देंगे, कुबार्नी देने की बातें करना ये सब कहां तक उचित है? संशोधन से



गरीब मुसलमान को ही लाभ होगा। वक्फ की जमीन पर अलीगढ़ में एक शानदार फॉर्म हाउस बना है जिसमे विवाह कार्यक्रम होते हैं लाखों रुपए की आमदनी होती है परंतु टेक्स के नाम जीरो। ममता मुख्यमंत्री हमेशा भड़काने और तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। वहां के हिंदुओं को ही नहीं सभी हिंदुओं को जागना पड़ेगा और ये सब खेल को समझना चाहिए। राष्ट्रपति शासन की अपेक्षा बंगाल को केंद्र शाशित प्रदेश बनाना चाहिए।

# दिल्लीवालों के लिए राहत लेकर आई बारिश

## दिन में धूप, शाम को तेज हवाओं से अचानक पलटा मौसम

नई दिल्ली. देश की राजधानी में इस वक्त झमाझम बारिश होने के कारण जहाँ तरफ मौसम सुहाना हो गया है वही दूसरी तरफ दिल्ली वालों को गर्मी से राहत लेकर आई है। जिसके कारण दिल्लीवालों को तेज और झुलसती धूप से राहत मिल गई है. पिछले दो-तीन दिनों से दिल्ली-एनसीआर के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई थी. जिसके कारण लोग खासे परेशान थे. शुक्रवार को शाम से ही हवाओं के चलते अचानक दिल्ली सहित सोनीपत, गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद का मौसम बदल गया. फिर देर शाम सेंट्रल दिल्ली सहित




कई अन्य इलाकों में बारिश ने लोगों के चेहरे पर खुशी ला दी. मौसम विभाग के अनुसार यह मौसम दो दिनों तक दिल्ली वालों के लिए राहत लेकर आई है। अगले

*दिल्ली में इस वक्त करीब 33 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं. बारिश के कारण लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है. सोनीपत से लेकर गुरुग्राम, गाजियाबाद से नोएडा हर जगह मौसम सुहाना हो गया है. अगले दो दिन तक गर्मी का असर कम रहने की संभावना जताई जा रही है.*

दो दिनों मे बारिश होने की संभावना भी है। दिल्ली मे बदले मौसम ने भले ही कुछ दिनों के लिए दिल्ली वालों को राहत दी है लेकिन यह परमानेंट नही है। क्योंकि मानसून आने मे अभी बहुत समय है।

## बिहार में नया बॉटलिंग प्लांट खोलने जा रही है कैम्पा कोला, रिलायंस ग्रुप करेगा 1,000 करोड़ रुपये का निवेश

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की FMCG शाखा रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के स्वामित्व




वाली सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड कैम्पा कोला बिहार में नया बॉटलिंग प्लांट खोलने जा रही है। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के स्वामित्व वाली यह ब्रांड कथित तौर पर बिहार के बेगूसराय जिले में 35 एकड़ जमीन पर नया प्लांट लगाएगी, जिसमें करीब 1,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिरोमणि कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो

जैतो, 18 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर रायपुर में श्री गुरु नानक देव जी की स्मृति में डिग्री एवं कौशल



विकास कालेज तथा गुरमत संगीत अकादमी की स्थापना के लिए 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में शिरोमणि कमेटी सदस्य भाई राजिंदर सिंह मेहता, ओएसडी स. सतबीर सिंह धामी, निजी सचिव शाहबाज सिंह शामिल थे। सिख मिशन छत्तीसगढ़ प्रभारी गुरमीत सिंह सैनी, स्थानीय सिख नेता गुरमेल सिंह भंवरा, पूर्व एसपी एस अमरजीत सिंह छाबड़ा, अल्पसंख्यक आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष। जगजीत सिंह खनूजा एवं परिंदर मिश्रा शामिल थे। शिरोमणि कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में कहा गया कि छत्तीसगढ़ में सिखों की बड़ी आबादी है और हर जिले में बसे सिख परिवार छत्तीसगढ़ के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सिखों का अपना अनूठा धार्मिक इतिहास है, जो समस्त मानवता को जोड़ने का मार्ग प्रदान करता है। छत्तीसगढ़ राज्य में सिखों की बड़ी संख्या को देखते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी राजधानी रायपुर के नवां रायपुर अटल नगर में श्री गुरु नानक देव जी की स्मृति में डिग्री एवं कौशल विकास कालेज के साथ-साथ गुरमत संगीत अकादमी खोलना चाहती है। इसके लिए सरकार को 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की पहल करनी चाहिए ताकि ये संस्थाएं सामाजिक और सामुदायिक मजबूती के लिए काम कर सकें। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि यदि सरकार यह कार्य अपने हाथ में लेती है तो सिखों की प्रतिनिधि संस्था होने के नाते शिरोमणि कमेटी स्वयं इसका निर्माण करेगी। प्रतिनिधिमंडल के नेता भाई राजिंदर सिंह मेहता ने कहा कि शिरोमणि कमेटी पहले से ही पंजाब में बड़ी संख्या में शिक्षण संस्थाएं चला रही है और इसके अलावा देश के अन्य राज्यों में भी शिक्षा को बढ़ावा देने में अग्रणी है। इसका एक उदाहरण मुंबई में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का सफलतापूर्वक चल रहा शैक्षणिक संस्थान है। भाई मेहता ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सिखों की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई है, जिस पर उन्होंने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है।

## बिहार के 102 अनुमंडलों में शुरू होगी डीलक्स बस सेवा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:-वेद प्रकाश

पटना/ बिहार सरकार ने राज्य के सभी 102 अनुमंडलों को डीलक्स बस सेवा से जोड़ने का फैसला किया है। यह योजना राज्य में परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने और ग्रामीण व अर्ध-शहरी इलाकों को जिला मुख्यालयों एवं बड़े शहरों से सीधे जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, सहरसा और मुंगेर जैसे प्रमुख शहरों से डीलक्स बसों का संचालन किया जाएगा। इन बसों के माध्यम से छोटे कस्बों और गांवों को बड़े शहरों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रशासनिक सेवाओं तक सरल पहुंच मिल सके। इन डीलक्स बसों में यात्रियों के आराम का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बसों में आरामदायक सीटें, एयर-कंडीशनिंग, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम और सुरक्षा कैमरों जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद होंगी। इससे यात्रियों को एक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसटीआरसी) ने इस योजना को लागू करने की तैयारी पूरी कर ली है। कुल 166 डीलक्स बसों का संचालन प्रस्तावित है, जिनमें से 96 बसों को पहले ही परमिट मिल चुका है। शेष बसों के लिए 30 अप्रैल तक परमिट जारी कर दिए जाएंगे। मई के पहले या दूसरे सप्ताह से यह सेवा शुरू होने की संभावना है। इस योजना के लागू होने से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि राज्य के परिवहन ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। पंचायत और प्रखंड स्तर तक लोगों को अब आसानी से जिला मुख्यालय पहुंचने का साधन मिलेगा। इससे सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। डीलक्स बस सेवा शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। बस ड्राइवर, कंडक्टर, मैकेनिक और अन्य स्टाफ की आवश्यकता होगी। साथ ही, बस अड्डों, डिपो और टर्मिनलों के निर्माण व संचालन से निर्माण और सेवा क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा। इन बसों की निगरानी के लिए एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष बनाया जाएगा, जहां से सभी रूट्स पर नजर रखी जाएगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल टिकटिंग सिस्टम भी लागू किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और कतारों में लगने की परेशानी से मुक्ति मिल सके। यह योजना बिहार की परिवहन व्यवस्था में एक नई शुरूआत के रूप में देखी जा रही है, जो ग्रामीण-शहरी अंतर को कम करने में मदद करेगी और राज्य के समग्र विकास को गति देगी




## पोस्टमॉर्टम की दुनिया में भारत से नई क्रांति, अब शरीर की नहीं होगी चीरफाड़

ऋषिकेश : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश ने फॉरेंसिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई पहल हुई है. इसके तहत दुनिया की पहली न्यूनतम इनवेसिव शव परीक्षण विधि (मिनिमली इनवेसिव ऑटोप्सी) शुरू की गई. यह न सिर्फ क्राइम ट्रायल और उसकी जांच को और सटीकता देगी, बल्कि पोस्टमार्टम के पूरे प्रोसेस को ज्यादा अधिक मानवीय और सम्मानजनक भी बनाएगी. इसमें पारंपरिक तौर पर पूरे शरीर की चीरफाड़ करने के बजाय दूरबीन से पोस्टमॉर्टम को अंजाम दिया जाएगा. आखिर ये Minimally Invasive Autopsy है क्या, चलिए जानते हैं...

एम्स-ऋषिकेश के विधि विज्ञान (फॉरेंसिक) विभाग के अध्यक्ष बिनय कुमार बस्तिया ने इसकी पूरी जानकारी दी..

-नई टेक्नोलॉजी में शव के आंतरिक अंगों की जांच के लिए मृत शरीर पर तीन जगहों पर करीब दो-दो सेंटीमीटर के छेद किए जाएंगे.

-फिर सीटी स्कैन से इमेजरी तैयार की जाएगी, जिसे अदालत को सीधे सबूत के तौर पर दे दिया जाएगा.



वैसे देखा जाए तो अभी तक पोस्टमार्टम में शव की अमानवीय चीरफाड़ होती थी और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट को ह्यहार्ड कॉपीह्न में अदालत तक पहुंचाया जाता था.

उन्होंने बताया कि ये इनोवेशन न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से एडवांस्ड है, बल्कि इससे ऑटोप्सी प्रोसिजर ज्यादा मानवीय और सम्मानजनक भी रहेगा.

बस्तिया ने बताया कि 14 अप्रैल को शुरू हुई इस तकनीक में उच्च-रिजॉल्यूशन लैप्रोस्कोपिक कैमरों के इस्तेमाल से आंतरिक चोटों और नुकसान का अधिक सटीकता से पता लगाया जा सकता है, जबकि यौन उत्पीड़न जैसे संवेदनशील मामलों में यह प्रोसेस अधिक सम्मानजनक और विस्तृत जांच की सुविधा देगा, जिससे अहम सबूत जुटाने में मदद मिल सकती है.

उन्होंने बताया कि जहर या नशीले पदार्थों के सेवन के मामलों में एंडोस्कोपिक उपकरणों के माध्यम से बिना घाव के मुंह तथा नाक का आंतरिक परीक्षण किया जाता है.

उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को पूरी तरह से रिकॉर्ड किया जाता है, जिससे कानूनी जांच के लिए पारदर्शी दस्तावेजीकरण और चिकित्सा शिक्षा के लिए उपयोगी सामग्री उपलब्ध होती है.

इसको विज्ञान और मानवीय संवेदनशीलता का एक ह्यअनूठा संगमह्न बताते हुए बस्तिया ने कहा कि एम्स-ऋषिकेश की यह उपलब्धि भारत और विश्व में फॉरेंसिक प्रथाओं के लिए एक नया मानक स्थापित करती है.

## बंगाल में हो रही हिंदुओं के साथ हिंसा के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी ने ममता बनर्जी का फुका पुतला

दैनिक समाज जागरण

फिरोजाबाद! ठारपूठा चौराहे पर हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष प्रवीण भारद्वाज उर्फ रानू नेत्व मै एव हिंदूवादी लोगों ने ममता बनर्जी का पुतला फूंका

पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में हो रही हिंसा में हिंदुओं को मारने एवं सुरक्षा नहीं मिलने पर हिंदूवादी लोगों ने आज ठारपूठा चौराहे पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया बताया कि बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं उन्हें घरों से



निकालकर मारा जा रहा है वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे है लगातार हिंदुओं पर उत्पीड़न किया जा रहा है जिसके लिए आज ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया है अगर अत्याचार नहीं रुका तो आगे भी ऐसे हो पुतला दहन होते रहेंगे प्रदर्शन करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान रानू भारद्वाज जिला अध्यक्ष, सुशील जाट, राजा भारद्वाज, विकास पचौरी, विक्रम कुशवाहा, प्रेम सिंह, मयंक पचौरी, रजनी शर्मा,राहुल यादव, प्रवीण भारद्वाज, नवीन शर्मा, अनिल शर्मा, विपिन ठाकुर अंकित यादव आशीष भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे!

## सीएम रेखा गुप्ता ने किया जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण।

समाज जागरण

नई दिल्ली 18 अप्रैल 20025। दिल्ली के सीएम रेखा गुप्ता ने जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर अधिकारियों को समय से कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सीएम रेखा गुप्ता के द्वारा जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि माना जा रहा है । सीएम रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को मिडिया पीटीआई से बात करते हुए कहा है कि मानसून के मौसम मे जसभराव को रोकने के लिए हर प्रयास किए जा रहे है। जिसमे रणनीतिक स्थलों पर कर्मचारियों और स्वचालित पंपो को तैनात करना भी शामिल है।

## 'विधानसभा की सर्वोच्चता में दखलंदाजी': कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट पर वीपी धनखड़ की टिप्पणी की निंदा की

नई दिल्लीः राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की आलोचना की, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हाल के उस फैसले की आलोचना की है, जिसमें राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई थी और तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों पर स्वीकृति न देने के फैसले को रद्द कर दिया गया था।

उन्होंने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा राज्य विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को रोके जाने पर विचार किया और इसे "विधानसभा की सर्वोच्चता में दखलंदाजी" बताया।

सिब्बल ने ध्यान दिलाया कि राष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों ही संवैधानिक रूप से "मंत्रियों की सहायता और सलाह" पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं और कहा कि राज्यपाल की कार्रवाई विधानमंडल के अधिकार में हस्तक्षेप





के समान है।

सिब्बल ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछा, "यह धनखड़ जी (उपराष्ट्रपति) को पता होना चाहिए, वे पूछते हैं कि राष्ट्रपति की शक्तियों को कैसे कम किया जा सकता है, लेकिन शक्तियों को कौन कम कर रहा है? मैं कहता हूं कि एक मंत्री को राज्यपाल के पास जाना चाहिए और दो साल तक वहां रहना चाहिए, ताकि वे उन मुद्दों को उठा सकें जो सार्वजनिक महत्व के हैं, क्या राज्यपाल उन्हें अनदेखा कर पाएंगे?" राज्यपाल द्वारा विधेयकों को रोके रखने को "विधानसभा की सर्वोच्चता में दखलंदाजी" बताते हुए सिब्बल ने कहा, "यह तो उल्टी बात है। अगर संसद कोई विधेयक पारित करती है, तो क्या राष्ट्रपति उसके क्रियान्वयन को अनिश्चित काल के लिए टाल सकते हैं? अगर उस पर हस्ताक्षर नहीं भी किए गए हैं, तो क्या किसी को इस बारे में बात करने का अधिकार नहीं है?"

## सोनाराम मांझी बने झामुमो के केंद्रीय सदस्य , लोगों ने दी बधाई

कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव

हजारीबाग, झारखंड। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पोटंगा पंचायत अंतर्गत उरीमारी न्यू बर टोला निवासी सोनाराम मांझी को झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के द्वारा पुनः झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त किया गया है। जिसे लेकर श्री मांझी ने पार्टी के संस्थापक संरक्षक दिशुम गुरु शिबू सोरेन , नवर्निवाचित केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एंव गाण्डे विधानसभा क्षेत्र के विधायक कल्पना सोरेन सहित झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी वरिष्ठ नेतागण का आभार व्यक्त किया है। रांची में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13 वां केंद्रीय महाधिवेशन में केंद्रीय समिति सदस्य नियुक्त होने के बाद सोनाराम मांझी ने कहा कि नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन की कुशल नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। पार्टी ने मुझे जो दायित्व देकर सम्मान दिया है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करूंगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करना ही मेरा लक्ष्य होगा। वहीं सोनाराम मांझी को पुनः झारखंड मुक्ति मोर्चा का केंद्रीय समिति



सदस्य नियुक्त किए जाने पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ,प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, रैयत विस्थापित मोर्चा केअध्यक्ष सूरज बेसरा , संजय करमाली , गणेश गंझू ,जीतन मुंडा , मोहन सोरेन , विनोद हेंब्रम , दिनेश टुडू , पंकज हेंब्रम , मिथुन सोरेन , अजय मरांडी , अजय करमाली , रविंद्र सोरेन , अजय बेसरा , रमेश , संजय सोरेन , विनोद सोरेन, सुखराम बेसरा एंव आनंद बेसरा सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## शेयर बाजार आजः बीएसई सेंसेक्स 380 अंक नीचे बंद हुआ; निफ्टी 50 22,400 से नीचे

शेयर बाजार आजः वैश्विक बाजारों से संकेत लेते हुए भारतीय इक्विटी बेंचमार्क



सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 बुधवार को लाल निशान में बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स इंट्राडे में 73,700 से नीचे चला गया, जबकि निफ्टी 50 22,350 के करीब लुढ़क गया। बीएसई सेंसेक्स 380 अंक या 0.51% की गिरावट के साथ 73,847.15 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 137 अंक या 0.61% की गिरावट के साथ 22,399.15 पर बंद हुआ।

# भड़कने का संवैधानिक अधिकार आपको भी

देश के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनकड़ को भड़कता देख कभी-कभी मेरा मन भी भड़कने का करता है ,लेकिन सवाल ये है कि मैं आखिर भड़कूं तो किसके ऊपर भड़कूं ? संविधान ने भड़कने का अधिकार सभी को दिया है ,इसीलिए धनकड़ साहब भी भड़क रहे हैं और ममता बनर्जी भी। योगी आदित्यनाथ भी भड़क रहे हैं और तमाम दूसरे लोग भी। अब आप सोचिये कि यदि संविधान ने आम आदमी को भड़कने का अधिकार न दिया होता तो क्या धनकड़ साहब देश की सबसे बड़ी अदालत के किसी फैसले पर भड़क सकते थे ?



धनकड़ साहब उप राष्ट्रपति बनने से पहले बंगाल के राज्यपाल थे । उन्होंने भड़कना तभी से सीखा। वे जब बंगाल में राज्यपाल थे तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर दिन-रात भड़का करते थे । उन्हें लगता था कि राज्यपाल का काम केवल और केवल राज्य की सरकार पर भड़कना होता है। धनकड़ साहब हालाँकि वकील हैं, उन्होंने कानून पढ़ा है किन्तु जब वे कुर्सी पर होते हैं तो कानून-वानून भूल जाते हैं। उप राजयपाल के रूप में भी और राज्य सभा के सभापति के रूप में भी उन्हें भड़कने के अलावा और कुछ याद नहीं रहता। वे विपक्ष कि ऊपर लगातार बरसते हैं बेमौसम बरसात की तरह।

धनकड़ साहबआजकल सुप्रीम कोर्ट पर भड़क रहे हैं। संविधान पर भड़क रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समयसीमा तय किये जाने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भड़क गए है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं रख सकते, जहां अदालतें भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें. उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत मिले कोर्ट को विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। धनकड़ साहब भूल जाते हैं की यदि हमारे संविधान ने सुप्रीम कोर्ट को कुछ न्यूक्लियर मिसाइल न दिए होते तो ये देश कब का हिन्दू राष्ट्र बन गया होता।

कभी-कभी मुझे लगता है कि इस देश में संविधान को हमारे नेता एक कमसिन लड़की से ज्यादा नहीं समझते और जैसे ही उन्हें मौका मिलता है वे इसे छेड़ बैठते हैं। संविधान से छेड़छाड़ इसके बनने से लेकर आजतक जारी है और जब भी किसी दल को अखंड या प्रचंड बहुमत मिलेगा संविधना के साथ छेड़छाड़ की जाएगी। अब तक संविधान से छेड़छाड़ की कोई 106 घटनाएं हो चुकी है। कानून की शब्दावली में संविधान से छेड़छाड़ को 'संशोधन' कहा जाता है। कांग्रेस ने चूंकि देश पर सबसे ज्यादा समय तक राज किया है इसलिए संविधान से छेड़छाड़ की वारदातें सबसे ज्यादा कांग्रेस के समय में हुई हैं। भाजपा को अभी सत्ता में आये ग्यारहवां साल है इसलिए उसने संविधान के साथ छेड़छ-ाड़ में अभी कांग्रेस का कीर्तिमान तोड़ नहीं पाया है ,हालाँकि भाजपा ने संविधान के साथ सबसे बड़ी छेड़छाड़ अनुच्छेद 370 को हटाकर की है।

आप अन्यथा न लें तो हकीकत ये है कि संविधान कलिकाल में एक द्रोपदी है। ऐसी निरीह द्रोपदी का चीरहरण करने का दुस्साहस कोई भी कर लेता है। जरूरत सिर्फ हाथ में सत्ता और सत्ता में भी अखंड,प्रचंड बहुमत का होना है। देश का सुप्रीम कोर्ट जब तब संविधान की द्रोपदी का चीरहरण रोकने के लिए कृष्ण की भूमिका में आता है तो धनकड़ जैसी पुण्य आत्माएं सुप्रीम कोर्ट पर भड़क उठतीं हैं, लेकिन वे उस समय शांत रहतीं हैं जब सुप्रीम कोर्ट सत्ता प्रतिष्ठान के मन माफिक फैसले करता है या निर्देश देता है।

जहाँ तक मेरा ज्ञान है उसके मुताबिक धनकड़ साहब को सुप्रीम कोर्ट पर भड़कने का कोई नैतिक अधिकार है नहीं। वे जिस पद पर बैठे हैं उसकी मयार्दा है। उन्हें अपने पूर्ववर्ती उप राष्ट्रपतियों से इस मयार्दा का पाठ सीखना चाहिए ,लेकिन वे ऐसा नहीं करेंगे। ,क्योंकि धनकड़ साहब अपने आपको भाजपा का देवतुल्य कार्यकर्ता जो मानते हैं [जबकि वे हैं नहीं ] धनकड़ साहब कभी आरएसएस की शाखा में प्रशिक्षण लेने नहीं गये । भाजपा में शामिल होने से पहले उन्होंने घाट-घाट का पानी पिया है ,किन्तु आज वे भाजपा के सबसे निष्ठावान कार्यकर्ता है। कोर्ट हो या कोई और जैसे ही भाजपा के खिलाफ कोई टिपण्णी करता है सबसे पहले उदरशूल धनकड़ साहब के पेट में होता है । मुमकिन है कि धनकड़ साहब आजकल में ही सुप्रीम कोर्ट को नए वक्फ कानून पर दिए जाने वाले फैसले के लिए भी कोसने लगें।

सुप्रीम कोर्ट पर भड़कने वाले धनकड़ साहब देश को बता रहे हैं कि "भारत में राष्ट्रपति का पद बहुत ऊंचा है और राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण एवं बचाव की शपथ लेते हैं, जबकि मंत्री, उपराष्ट्रपति, सांसदों और न्यायाधीशों सहित अन्य लोग संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं. हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और वह भी किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। "धनकड़ साहब भूल जाते हैं कि राष्ट्रपति का पद सचमुच बहुत ऊंचा है किन्तु उसे सचमुच इतना छोटा कर दिया गया है ,क्योंकि राष्ट्रपति अब देश के प्रधानमंत्री को केवल दही- मिश्री खिलाने के अलावा कोई काम नहीं करता/करती है ,संविधान की रक्षा,संरक्षण या बचाव नहीं। राष्ट्रपति ने अपनी भूमिका खुद ही बदल ली है।

बहरहाल मैं माननीय धनकड़ साहब के लिए प्रार्थना करता हूँ कि ईश्वर उन्हें पल-पल होने वाले उदरशूल से मुक्ति दिलाये। धनकड़ साहब उदरशूल से पी-ड़ित अकेले व्यक्ति नहीं हैं। बहुत से लोग हैं उनकी तरह। लेकिन निसे उदरशूल होना चाहिए वो कभी अपना मुंह नहीं खोलता । न मणिपुर पर ,न बंगाल पर ,न अमेरिका पर ,न चीन पर। उसने बोलना छोड़ ही दिया है जैसे /वो केवल अपने मन की करता है या फिर मन की बात करता है। इस प्रवृत्ति को देशज भाषा में मनमानी भी कहते हैं।

**@राकेश अचल**

## नदी न अपना जल स्वयं पीती है

दूसरे के चेहरे पर हँसी, जीवन में
खुशी लाने की जो सोच रखता है,
वह व्यक्ति स्वयं भी खुश रहता है,
और दूसरों को भी खुश रखता है।

ईश्वर उसके जीवन में कभी हँसी
और खुशी कम नहीं होने देता है,
वह अपने जीवन में सफलता की
हर ऊँचाई को प्राप्त कर लेता है।

प्रकृति अपनी संपदा अपने लिए नहीं,
अपने परिवेश में रहने वाले प्राणियों
के हित के लिए विकसित करती है,
और सारे जग को संरक्षित रखती है।

नदी न अपना जल स्वयं पीती है,
वृक्ष नहीं अपने फल खुद खाते हैं,
रवि रश्मियाँ प्रकाशित जग करती हैं,
फूलों की महक चहुँ ओर बिखरती है।

एक दूसरे के हित जीवन जीना है,
यही हमारी प्रकृति का नियम भी है,
आदित्य हमेशा यही याद रखना है,
औरों के लिये समर्पण भाव रखना है।

**डा०कर्नल आदि शंकर मिश्र**

## खिलौना समझकर खेल गया।

जिंदगी में मेरी मुझे बिखेर गया,
कर दिल के टुकड़े कई ढेर गया।

भावनाओं में बहकर मचलते रहे,
तमन्नाओं को सारी बिखेर गया।

आरजू करते रहे उसकी चाहत की,
वो वायदों के बताशे बिखेर गया।

लौट कर फिर आएगा अगली शाम,
कहकर वो खूबसूरत एक शेर गया।

अपना या अजनबी सा था वो,
देकर सपने वो रंगीन ढेर गया।

मेरे अरमानों को खेल किया बर्बाद,
आह जिंदगी से मेरी बहुत देर गया।

जब था तो बहुत अपना वो संजीव
जब गया लगा जैसे कोई गैर गया।

**संजीव ठाकुर**

# तुष्टिकरण जितनी ही खतरनाक है उग्र आस्था



डॉ घनश्याम बादल

आखिर वही हुआ जिस बात का डर था। संसद ने दोनों सदनों में बहुमत की मोहर लगने के साथ वक्फ संशोधन बिल कानून में तो बदल गया लेकिन जिस तरह एक सांसद ने कहा था कि मुस्लिम समाज इस बिल को कानून के रूप में स्वीकार नहीं करेगा और कुछ प्रतिक्रियावादी नेता इस पर बयान दे रहे थे तो यह तो तय था कि कानून बनने के बावजूद इसके खिलाफ वह अदालत में जाएंगे और वह गए भी । एक दो नहीं बल्कि देशभर से इस कानून की खिलाफत करते हुए और इसे वक्फ बोर्ड के अधिकारों पर डाका डालने वाला बताते हुए या फिर मुस्लिम संप्रदाय के धार्मिक अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप बताते हुए एक दो नहीं अपितु 120 जनहित याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में दायर की गई । यह इस बात का संकेत देने की कोशिश है कि यदि सरकार मनमाने तरीके से कानून बनाएगी तो हम भी मनमाने तर्क गढ़कर प्राप्त अधिकारों का उचित - अनुचित प्रयोग करते हुए प्रतिरोध करेंगे।

सरकार समर्थकों का मानना है कि वक्फ बोर्ड के मनमर्जी करने वाले अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलते ही कुछ खास लोग बिलबिल उठे। यदि कहा जाए कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से वक्फ बोर्ड के तथाकथित मालिकों को लगा कि अब उनके पर कतर दिए गए हैं तो इधर-उधर के तर्क गढ़कर जिनमें से कुछ उचित भी कहे जा सकते हैं न्यायालय की शरण में पहुंच गए यहां तक इसमें कुछ भी अनुचित नहीं है क्योंकि भारतीय संविधान हर व्यक्ति संस्था या धर्म को अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का अधिकार देता है ।

भारत के दो जाने-माने वकीलों या कहिए कि वकील से अधिक नेता कैसे-कैसे तर्क लेकर न्यायालय में आए वह एक दुख एवं हंसी दोनों का सबब है। ये दोनों वकील शायद स्वर्गीय राम जेठमलानी के बाद के ऐसे सबसे अधिक चर्चित वकील है जो किसी भी ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर तुरंत हाज़िर होते हैं। और संविधान की खामियों का फायदा उठाते हुए न केवल भारी भरकम फीस लते हैं अपितु खुद को चर्चा में रखते हैं।

अगर संविधान की बात करें तो यह उनका अधिकार है लेकिन तर्क तक तो यह ठीक है मगर भावनाएं संवेदनाएं बहुत सारी नैतिकताएं तथा आदर्श इस प्रक्रिया में मर जाते हैं।

वकील का काम है अपने मुवक्किल के पक्ष में हर तरह के तर्क पेश करके उसे लाभ पहुंचाना । कपिल सिब्बल एवं अभिषेक मनु सिंघवी तथा उनकी टीम ने यही किया तो इसमें गलत क्या है। लेकिन जिस तरह से न्यायालय ने टिप्पणी की वह चचाओं में है हालांकि न्यायालय ने इस संबंध में कोई अंतिम फैसला नहीं सुनाया बल्कि उसने स-रकार को 5 मई तक सब्र करने की नसीहत देते हुए इस कानून की कुछ धा-राओं पर रोक लगा दी । खुद सॉलिसिटर जनरल मेहता ने न्यायालय से एक सप्ताह का समय कुछ स्पष्टीकरण देने के लिए मांगा था । लेकिन मुख्य मुद्दा एवं चर्चा का विषय रहा ह्यवक्फ बाय यूजरह्व तथा गैर मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश। इस से पूर्व भी उच्चतम न्यायालय ने देश के सर्वोच्च पदधारक राष्ट्रपति एवं राज्यपालों को एक निश्चित समय अवधि में फैसला लेने का निर्देश भरा परामर्श देने का अचंभित करने वाला फैसला सुनाया था जिसकी प्रतिक्रिया में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने जिस तरह न्यायपालिका को ह्यसुपर संसदह्व के रूप में काम करने वाली संस्था के रूप में व्याख्यित किया वह भी विस्मयकारी है इसमें दो राय नहीं कि भारतीय लोकतंत्र व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका का एक संतुलित समन्वयन है जिसमें इन तीनों स्तंभों के दायरे सुपरिभाषित हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से जैसे यह दूसरे के क्षेत्र में हस्तक्षेप करते दिख रहे हैं वह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता कि न्यायालय ने संसद के दायरे को पार किया है या नहीं लेकिन इस निर्णय की वजह से कुछ चीजें तो उभर कर आई हैं । जैसे यदि व्यवस्थापिका एवं कार्यपालिका को एकाधिकारवादी नहीं माना जा सकता है वैसे ही न्यायपालिका को भी आत्मावलोकन की आवश्यकता तो है । यदि हर भारतीय नागरिक न्यायपालिका के निर्णय से बंधा है एवं उसके दायरे में आता है तो फिर न्यायपालिका को भी अपना दायरा तय करना पड़ेगा । जिस तरह कुछ मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लेकर न्यायालय कार्रवाई करता है वैसे ही उसके जजों को भी इस दायरे में आना चाहिए। एक जज के भ्रष्ट आचरण की जांच दूसरा जज करे यह बात हजम होने वाली नहीं है ठीक वैसे ही जैसे सांसद स्वयं बैठकर यह तय करें कि उन्हें कब और कितना वेतन बढ़ाना है।

यदि कोई अपराध करने पर किसी के भी खिलाफ एफ आई आर दर्ज की जा सकती है तो फिर उसमें माननीय जजों को ही क्यों छोड़ा जाए? हालांकि ऐसा नियम बनने पर भी बहुत सारी पेंचीदगियां आयेंगी लेकिन हमें उनका तोड़ तो ढूंढना होगा क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में जब राष्ट्रपति तक भी स्वेच्छाचारी नहीं हो सकते तब न्यायपालिका को भी यह अधिकार नहीं दिया जा सकता है।

जिस तरह आज अति उत्साही सोशल मीडिया एवं टीवी चैनलों पर अधकचरे विचारों को स्थान मिल रहा है वह भी खतरनाक है। चैनलों, अखबारों एवं सोशल मीडिया मंचों की जिम्मेदारी तय करना बहुत जरूरी है । जैसे कभी अखबार में छपी हुई बात एक नजीर बन जाया करती थी वैसे ही आम आदमी की नजर में टीवी एंकर द्वारा कही गई बात या सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए विचार बहुत मायने रखते हैं और इससे वह कई बार दिग्भ्रमित भी होते हैं । इसमें भी यह है अकाउंटेबिलिटी तय करना जरूरी है कि बिना जांचे परखे एवं उसके क्या आफ्टर इफेक्ट होंगे इसका जिम्मा व्यक्ति चैनल या सोशल मीडिया मंच को लेना होगा।

इसमें दो राय नहीं की लंबे समय तक देश में तुष्टिकरण का दौर चला और अब अंधभक्ति भरा उग्र आस्था का दौर जोर पकड़ रहा है । देश के दो बड़े संप्रदायों के बीच जितनी गहरी खाई इन दिनों देखी जा रही है इससे पहले कभी नहीं थी । सही वह तुष्टिकरण का दौर भी नहीं था और लंबे समय के लिए देखा जाए तो यह उग्र धार्मिक उन्माद का दौर भी अच्छा सिद्ध होने वाला नहीं है । यदि भारत ने आजादी के बाद उल्लेखनीय प्रगति की है तो उसमें बेश-ाक सबका योगदान रहा है और यहां शांति एवं सद्भाव के चलते ही विकास का एक बड़ा ढांचा खड़ा किया जा सका है। जरा सोचिए यदि एक तरफा झुकने का यह दौर लंबा चला तो फिर उसे नए, पुराने विकास का क्या होगा?

जिन देशों ने अशांति एवं युद्ध देखे हैं वहां के नागरिकों से पूछिए उसका परिणाम क्या होता है ! अस्तु, इस संक्रमण काल में मुद्दे ही मुद्दे हैं, कुछ गरम मुद्दे, कुछ बहुत गर्म मुद्दे और उनकी गर्मी से राजनीतिक पार्टियां और सियासतदां फायदा भले ही उठालें लेकिन देश का भला होना मुश्किल है। अतः बुद्धिजीवी वर्ग को खास तौर पर निष्पक्ष रहते हुए एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए आम आदमी तक बातें पहुंचाने में बहुत सावधानी बरतनी होगी।

# जेलें भरीं, कोर्ट खाली - कहां है इंसाफ ?

न्याय व्यवस्था संविधान में निहित सामाजिक और लैंगिक समता के उद्देश्यों पर भी भलीभांति खरी नहीं उतरती है।

इंडिया जस्टिस रिपोर्ट का ताजा संस्करण अधिकांश भारतीयों के समक्ष मौजूद एक परेशान करने वाले तथ्य को सामने लाता है। वह यह कि न्याय देने की व्यवस्था ज्यादातर मामलों में नागरिकों को न्याय नहीं दिला पाती। टाटा ट्रस्ट और सामाजिक नागरिक संगठनों के एक समूह द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में राज्यों को 24 मानकों के आधार पर रैंकिंग दी गई है। ये मानक न्याय व्यवस्था के चार स्तंभोंः पुलिस, न्यायपालिका, जेल और विधिक सहायता से संबंधित हैं।

अनुमान के मुताबिक ही यह प्रदर्शन में अंतर को दिखाता है। दक्षिण भारत के राज्य चारों स्तंभों पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु बड़े और मझोले आकार के राज्यों में शीर्ष पर हैं जबकि पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड और राजस्थान तालिका में सबसे निचले स्तर पर हैं। राज्यों की रैंकिंग से यह संकेत निकलता है कि उच्च अंक पाने वाले राज्य किफायत, संसाधन और यहां तक कि सामाजिक समता हासिल करने के मामले में आदर्श हैं। वास्तव में कोई राज्य यह दावा नहीं कर सकता है कि उसके यहां पूर्ण व्यवस्थित और सुचारु न्याय व्यवस्था है। उदाहरण के लिए कर्नाटक सबसे ऊंची रैंकिंग वाला राज्य है और उसे 10 में से 6.78 अंक मिले। यह औसत से कुछ ही बेहतर प्रदर्शन है।

यकीनन पूर्वनिर्धारित मानकों के आधार पर आकलन न्याय आपूर्ति की पूरी सचाई सामने नहीं लाता है। परंतु रिपोर्ट आंशिक रूप से यह अवश्य बताती है कि आखिर क्यों न्याय देने की पूरी व्यवस्था इस कदर शिथिल है। समस्या का एक बड़ा हिस्सा है न्याय व्यवस्था के हर स्तर पर कमी। उदाहरण के लिए पुलिस बलों में 23 फीसदी पद रिक्त हैं और देश के फोरेंसिक क्षेत्र में 50 फीसदी पद रिक्त हैं। यह स्थिति तब है जब 2020 से 2024 के बीच देश में फोरेंसिक लैब की संख्या बढ़कर 94 से 110 हो गई है। यह समस्या खासी गंभीर है क्योंकि 30,000 से अधिक मामलों में फोरेंसिक विश्लेषण लंबित है।

अकेले उत्तर प्रदेश में 11,000 से अधिक मामले लंबित हैं। रिपोर्ट दिखाती है कि जेलों में क्षमता से अधिक यानी करीब 131 फीसदी कैदी बंद हैं। इनमें से 76 फीसदी कैदी विचाराधीन हैं। ऐसा तब है जब सर्वोच्च न्यायालय कई बार राज्यों को निर्देश दे चुका है कि वे एक खास अवधि से ज्यादा समय से जेल में बंद अंडरट्रायल कैदियों को रिहा करें। जेलों में कर्मचारियों की संख्या भी काफी कम है। देश भर की जेलों में 30 फीसदी पद रिक्त हैं। न्यायपालिका की स्थिति भी इससे ज्यादा बेहतर नहीं है। रिपोर्ट बताती है



कि हर 10 लाख की आबादी पर 15 न्यायाधीश हैं जबकि विधि आयोग के मुताबिक इतनी आबादी पर 500 न्यायाधीश होने चाहिए। विधिक सहायता के बारे में रिपोर्ट कहती है कि पैरालीगल वॉलंटियर्स की संख्या में तेजी से कमी आई है। इससे संकेत मिलता है कि गरीब और वंचित वर्ग के भारतीयों की न्याय तक पहुंच बहुत सीमित है।

न्याय व्यवस्था संविधान में निहित सामाजिक और लैंगिक समता के उद्देश्यों पर भी भलीभांति खरी नहीं उतरती है। राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो सरकार की ओर से 33 फीसदी की अनुशंसा के बावजूद वरिष्ठ पदों पर केवल 8 फीसदी महिला अधिकारी हैं। कोई भी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश पुलिस बलों में महिलाओं के लिए तय कोटे को पूरा नहीं करता। न्यायपालिका में निचले स्तर पर 38 फीसदी महिलाएं हैं जबकि उच्च न्यायालयों में 14 फीसदी महिलाएं हैं। राज्यों की बात करें तो केवल कर्नाटक की न्यायपालिका ही जातीय आरक्षण को पूरा करती है। इसके साथ ही खराब गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण हालात को और गंभीर बनाता है। अधीनस्थ स्तर पर कानून और संविधान को लेकर पर्याप्त समझ का अभाव है। दमन और नियंत्रण की औपनिवेशिक विरासत में आबद्ध भारत को अभी भी ऐसी न्याय व्यवस्था को अपनाना है जो संवैधानिक स्वतंत्रता को बरकरार रखने के लिए लोगों की सेवा करने के उद्देश्य से संचालित हो। यह एक बड़ी चुनौती है जिसे दूर करना उतना ही आवश्यक है जितना कि संसाधनों की कमी से निपटना।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## बाल विकास परियोजना शहरी एवं बिसरख में पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत "पोषण रैली" का किया गया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों की क्रम में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतम बुद्ध नगर के नेतृत्व में पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विगत दिवस बाल विकास परियोजना (शहर एवं बिसरख) की आंगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस "पोषण रैली" का मुख्य उद्देश्य समुदाय में पोषण संबंधी जागरूकता फैलाना एवं "सुपोषित भारत" की दिशा में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था। रैली के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने पोषण के महत्व, संतुलित आहार, स्तनपान, एनीमिया मुक्त भारत और बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की देखभाल से संबंधित नारों और पोस्टरों के माध्यम से संदेश प्रसारित किए। रैली विभिन्न मोहल्लों एवं प्रमुख स्थानों से होकर गुजरी, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारियों ने भी उपस्थित होकर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया और पोषण को लेकर अपने विचार साझा किए।



पोषण पखवाड़ा के आगामी दिनों में भी विभिन्न गतिविधियाँ जैसे पोषण प्रतियोगिताएं, गृह भ्रमण, स्वस्थ भोजन प्रदर्शनी आदि आयोजित की जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दी जा सके। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## पोषण पखवाडे के अंतर्गत नालंदावे फाउंडेशन एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से नोएडा के ककराला गांव में माताओं के लिए एक मातृ बैठक का किया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में विगत दिवस पोषण पखवाडे के अंतर्गत नालंदावे फाउंडेशन द्वारा एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से नोएडा के ककराला गांव में माताओं के लिए एक मातृ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की योजना गौतम बुद्ध नगर की जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी द्वारा की गई थी। उन्होंने स्वयं माताओं से संवाद किया और बच्चों की देखभाल को लेकर प्रेरणादायक बातें साझा कीं।



उन्होंने माताओं को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देने के महत्व के बारे में बताया और जंक फूड से बचने की सलाह दी। साथ ही, सफाई और स्वच्छता की भूमिका पर भी जोर दिया। उनके प्रेरक शब्दों ने बातचीत को एक सार्थक दिशा दी, जिसे नालंदावे फाउंडेशन की टीम ने आगे बढ़ाया।

टीम ने एक गतिविधि आधारित सत्र आयोजित किया, जिसमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने मिट्टी की सहायता से सब्ज़ियां और फल बनाए और कल्पनात्मक थाली में सजाकर एक संतुलित आहार की थाली तैयार की। इस रचनात्मक गतिविधि ने पोषण संबंधी कई मिथकों को तोड़ने में मदद की।

बैठक के दौरान माताओं ने न सिर्फ.अपने बच्चों की भलाई पर चर्चा की, बल्कि उन्होंने अपने स्वयं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को भी समझा। यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि माताओं के लिए उत्साह जनके अनुभवे भी रहा। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

## भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में तृतीय विशाल वार्षिकोत्सव "जश्न-ए-भीमोत्सव"कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जश्न-ए-भीमोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के माननीय मंत्री असीम अरुण जी रहे उपस्थित

डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय से सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को माननीय मंत्री जी ने किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 18 अप्रैल 2025 :भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में आज डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा (मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र) के तत्वाधान में तृतीय विशाल



वार्षिक उत्सव "जश्न-ए-भीमोत्सव"एक शाम बाबा साहब के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री माननीय असीम अरुण जी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर माननीय मंत्री जी ने भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और कहा कि हमें भी अपने जीवन में बाबा साहब के सिद्धांतों और आदर्शों को अपनाकर देश हित में कार्य करने चाहिए। इस दौरान मा0 मंत्री जी ने डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय नोएडा (मुख्यमंत्री अभ्युदय केंद्र) से सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस दौरान देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार भी उपस्थित रहे।

# इस देश से प्यार करने वाले पत्रकार तैयार करें शिक्षक: प्रो. योगेश सिंह

*अब डीयू के दक्षिणी परिसर में हिंदी विभाग द्वारा शुरू होगी एमए जर्नलिज्म*

*कुलपति ने किया डीयू के दक्षिणी परिसर में मल्टीमीडिया स्टूडियो का उद्घाटन*

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने मीडिया के शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ऐसे पत्रकार तैयार करें जो इस देश से प्यार करने वाले हों, इस देश के हित को संभालने वाले हों और जो निज हित को देश हित से ऊपर नहीं रखता हो। प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर में हिंदी विभाग द्वारा संचालित पत्रकारिता पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए मल्टीमीडिया स्टूडियो के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि अगले शैक्षणिक सत्र से डीयू के दक्षिणी परिसर में हिंदी विभाग द्वारा एमए जर्नलिज्म भी शुरू की जाए।



इस अवसर पर स्टूडियो टीम द्वारा पॉडकास्ट रिकॉर्डिंग के दौरान कुलपति प्रो योगेश सिंह ने डॉक्टर सीमा भारती के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में अपनी तीन वर्ष की कार्यावधि के अंतर्गत ही उन्होंने आधारभूत संरचनाओं पर कार्य किया और लगभग 22 ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं जो आज भी चल रहे हैं तथा आगे भी वह इन कार्यों को करने में पीछे नहीं हटेंगे। कुलपति ने बताया कि पिछले तीन दशकों के बाद इस विश्वविद्यालय में एक नया कॉलेज जुड़ा है।

प्रो. योगेश सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पहली बार दिल्ली विश्वविद्यालय में ही लागू करने के प्रश्न पर कहा कि ह्लमैं तो चाहता हूँ कि पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति पूर्ण रूप से लागू हो और इस प्रयोग के द्वारा हम शिक्षा में कुछ नई चीजों का भी समावेश कर सकें। प्रयोग करते रहना चाहिए ताकि हम आगे बढ़ सकें।ह्व उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के वैश्विक रैंकिंग के संदर्भ में भी बात की और कहा कि हम पुरजोर कोशिश कर रहे हैं कि हमारा विश्वविद्यालय और अगले पायदान तक आ सके।

इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, कुलसचिव डॉ विकास गुप्ता, डीयू कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन एवं पीआरओ अनूप लाठर, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुधा सिंह, हिंदी विभाग दक्षिणी परिसर के प्रभारी प्रो. अनिल राय, प्रशांत नागर, डॉ सीमा भारती, प्रभाकर मिश्रा एवं अन्य पूर्व छात्र व वर्तमान छात्र उपस्थित रहें।

उन्नत तकनीक और उपकरणों से सुसज्जित है मल्टीमीडिया स्टूडियो दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिणी परिसर का मल्टीमीडिया स्टूडियो मल्टीमीडिया सामग्री के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए उन्नत तकनीक और उपकरणों से सुसज्जित एक अत्याधुनिक स्टूडियो है। इसमें ऑडियो और वीडियो उत्पादन, ग्राफिक डिजाइन, एनीमेशन और अन्य डिजिटल मीडिया प्रोजेक्ट शामिल हो सकते हैं। स्टूडियो को छात्रों के एक रचनात्मक और सहयोगी स्थान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जहाँ वे विभिन्न मल्टीमीडिया तत्वों का उपयोग करके अपने विचारों को जीवंत कर सकते हैं।

# हैल्थ सेक्टर इन्नोवेशन में इंडिया अग्रदूत: डॉ. शिरुमल्ला

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फामेर्सी कॉलेज और इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशनः स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री-अकेडमिया कोलाबोरेशन पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस- एनसीपीआरआई 2025 का शुभारम्भ

**खास बातें**

*मुख्य अतिथि बोले, फामेर्सी सेक्टर में एआई ने खोजी तीन हजार से ज्यादा ड्रग्स*

*फामेर्सी में रिसर्च के लिए तीन हजार करोड़ की दी बड़ी सौगातः डॉ. विभु साहनी*

*कोविड 19 के बाद और निखरी फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीः वीसी प्रो. वीके जैन*

*प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा ने बताई विकास यात्रा, कॉन्फ्रेंस की थीम की प्रस्तुत*

*कॉन्फ्रेंस में अतिथियों को मेडिसिन प्लांट्स के संग भेंट किए स्मृति चिन्ह भी*

**दैनिक समाज जागरण**

नेशनल बायोफर्मा मिशन के डायरेक्टर डॉ. राज के. शिरुमल्ला बोले, आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। यह कहावत आज के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सार्थक सिद्ध हो रही है। बढ़ती बीमारियां, संसाधनों की कमी और जनसंख्या का दबाव स्वास्थ्य पेशेवरों को लगातार नए समाधान खोजने के लिए प्रेरित कर रहा है। डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स और हेल्थ टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स के लिए इंडिया अब मात्र सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि नवाचार का अग्रदूत बन चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बावजूद मोबाइल क्लिनिक, टेलीमेडिसिन और कम लागत वाले डायग्नोस्टिक उपकरणों ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाया है। कोविड-19 महामारी ने भी यह सिद्ध कर दिया है, कैसे आवश्यकता के समय चिकित्सा क्षेत्र में अभूतपूर्व नवाचार संभव होते हैं ? वेंटिलेटर की कमी से लेकर टीकाकरण तक हर चुनौती के साथ एक नया समाधान जन्म लेता गया। डॉ. शिरुमल्ला बोले, सीमित संसाधनों में ही आविष्कार जन्म लेते हैं। यही कारण है, आज भारत जैसे विकासशील देशों में भी स्वास्थ्य क्षेत्र में स्टार्टअप्स, डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म्स, आयुर्वेद और एलोपैथी का समन्वय तीव्र गति से बढ़ रहा है। डॉ. राज के. शिरुमल्ला तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फामेर्सी कॉलेज और इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशनः स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री-अकेडमिया कोलाबोरेशन पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस- एनसीपीआरआई 2025 के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व डॉ. राज के. शिरुमल्ला ने बतौर मुख्य अतिथि, पीसीआई फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन डॉ. विभु साहनी, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके ऑडी में नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ किया। इस मौके पर कॉन्फ्रेंस चेयर एवम् फामेर्सी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा, कन्वीनर प्रो. फूलचन्द, को-कन्वीनर- प्रो. मयूर पोरवाल एवम् प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा, सेक्रेटरी श्री आदित्य विक्रम जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। सभी अतिथियों को मेडिसिन प्लांट्स भेंट करके स्वागत और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेहमानों ने सोवेनियर का विमोचन भी किया। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन उद्योगों की जरूरतों के मुताबिक आवश्यक स्किल्स, इंटर्नशिप, इंडस्ट्री द्वारा प्रायोजित प्रोजेक्ट, करिकुलम अपडेट, पर्सनेलाइज्ड मेडिसिन, जैव प्रौद्योगिकी, प्रोसेस ऑटोमेशन के स्किल्स पर पैनल डिसक्शन भी हुआ। संचालन कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. आशीष सिंघई ने किया।

डॉ. राज ने फामेर्सी क्षेत्र में एआई, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोटेक्नोलॉजीकल, सेल और जीन थैरेपी, आरएनए थैरेपी, बायोसिमेलर ड्रग्स, बायोम ड्रग्स, बायो इन्नोवेशन, फार्मास्युटिकल स्टार्टअप्स पर विस्तार से प्रकाश डाला। फामेर्सी सेक्टर में एआई को वरदान बताते हुए बोले, एआई की मदद से अब तक तीन हजार से ज्यादा ड्रग्स को खोजा जा चुका है। एआई से समय, श्रम और धन की बचत होती है। मौजूदा वक्त में कैंसर के निदान और जीन थैरेपी में एआई ने सकारात्मक भूमिका दर्ज कराई है। रिसर्च के



क्षेत्र में भी एआई ने सक्सेस रेट में इजाफा किया है। अब तक ट्रीटमेंट में हम गोली, सीरप, इंजेक्शन आदि का उपयोग करते हैं, लेकिन बदलती टेक्नोलॉजी में हम सेल जीन थैरेपी का सर्वाधिक उपयोग कर रहे हैं। इसके नतीजे भी चमत्कारिक साबित हो रहे हैं। कैंसर मुक्ति में तो मोडिफाइड कोशिकाएं संजीवनी की मानिंद है। टी सेल्स और नेचुरल किलर सेल्स संक्रमित रक्त और जीन को प्यूरिफाई करता है। आरएनए थैरेपी हमारे डीएनए को परिवर्तित करके रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। डॉ. राज ने आधुनिक ट्रीटमेंट की तमाम उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए फामेर्सी स्टुडेंट्स से आहवान किया कि वे अपनी स्किल्स को डवलप करें। वीसी प्रो. वीके जैन का ध्यानाकर्षित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राज के. शिरुमल्ला ने वैश्विक उड़ान के लिए एआई और बायोटेक्नोलॉजी को तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में शामिल करने की सलाह दी। पीसीआई फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन डॉ. विभु साहनी बतौर विशिष्ट अतिथि बोले, केंद्र सरकार ने फामेर्सी में रिसर्च के लिए तीन हजार करोड़ की बड़ी सौगात दी है। साथ ही जीपैट उत्तीर्ण छात्रों के लिए एक हजार अस्सी करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति का प्रावधान भी किया है। एक और सौगात का जिक्र करते हुए बोले, डिप्लोमा होल्डर फामेर्सी स्टुडेंट्स भी अब फार्मास्युटिकल पैकेजिंग इंडस्ट्री में भी अपना करियर बना सकेंगे। साथ ही बोले, हील बाय इंडिया योजना में भी फामेर्सी स्टुडेंट्स की बड़ी भागीदारी रहेगी। कोविड काल में फार्मासिस्टों की भूमिका अविस्मरणीय रही। अब फार्मासिस्टों के लिए नए द्वार खुलेंगे, केन्द्र सरकार की ओर से फार्मासिस्टों को एक सेंट्रल आईडी दी जाएगी, जिससे वह देश में कहीं पर भी कार्य कर सकेंगे। साथ ही फामेर्सी स्टुडेंट्स की अटेंडेंस को आधार से ऑथेंटिकेट किया जाएगा।

टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन बोले, कोविड 19 के बाद फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री और निखर कर सामने आई है। नई दवाइयों के संग-सग नई तकनीक और स्टार्ट अप्स के रुप में तेजी से ग्रोथ हुई है। पर्सनेलाइज मेडिसिन, पर्सनल केयर और फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी के तालमेल से स्वास्थ्य के प्रति संजीदगी बड़ी है। छोटी-छोटी सफलताएं मिलकर ही बड़ी सफलता बनती है। इसीलिए, वन, वन, वन थ्री नहीं, बल्कि एक सौ ग्यारह है। ट्रस्ट को ट्रेनिंग, रिफ्लेक्टिंग, अपलिफ्टिंग, सपोर्ट और ट्रांसफॉर्म के तौर पर परिभाषित करते हुए बोले, फामेर्सी स्टुडेंट्स ट्रस्ट को संजीदगी से आत्मसात करें। कॉन्फ्रेंस चेयर एवम् फामेर्सी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा ने फामेर्सी कॉलेज की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कॉन्फ्रेंस की थीम प्रस्तुत की। कॉन्फ्रेंस में बीआईटीएस, पिलानी के डॉ. हेमंत जाधव, सीडीआरआई, लखनऊ के साइंटिस्ट डॉ. नसीम अहमद सिद्दीकी, ल्युपिन के कॉर्पोरेट अफेयर्स डायरेक्टर श्री अभिनव श्रीवास्तव ने बतौर की नोट स्पीकर अपना व्याख्यान दिया। डीपीएसआरयू, दिल्ली की डॉ. प्रीति जैन के अलावा कॉन्फ्रेंस में प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. अमित कंसल, डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. पीयूष मित्तल, श्रीमती दीक्षा वर्मा, डॉ. शिवानी वार्ष्णेय, डॉ. शिप्रा कार्तिक, श्री हरीश वर्मा, डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार शुक्ला, डॉ. मिथुल मेमन, श्री अभिषेक आनन्द, डॉ. कोमल मानवानी आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर राजकीय अवकाश की मांग: डॉ उमेश शर्मा ने किया प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से अनुरोध

*अपील -- देश की महान परंपराओं और धार्मिक विविधताओं का सम्मान करते हुए इस मांग पर गंभीरता से विचार किया जाए : समाजसेवी डॉ उमेश शर्मा*

*भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर राजकीय अवकाश घोषित कर समाज में एक सकारात्मक संदेश दें।----समाजसेवी डॉ उमेश शर्मा*

*यह निर्णय सभी वर्गों में आस्था को बल देगा और हमारी सांस्कृतिक विरासत को गौरवान्वित करेगा।"- ---- समाजसेवी डॉ उमेश शर्मा*

आगरा, संजय सागर सिंह। प्रख्यात समाजसेवी एवं अखिल भारतीय विप्र एकता मंच के अध्यक्ष डॉ उमेश शर्मा



ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया है कि भगवान श्री परशुराम के पावन जन्मोत्सव – जो कि अक्षय तृतीया को पूरे देश में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है – को राजकीय अवकाश घोषित किया जाए।

श्री शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम सनातन संस्कृति के प्रतीक, न्याय और धर्म के रक्षक माने जाते हैं। ऐसे में उनके जन्मोत्सव को राजकीय मान्यता देते हुए अवकाश घोषित करना देशवासियों की आस्था को सम्मान देने के समान होगा।

प्रख्यात समाजसेवी डॉ उमेश शर्मा ने अपने निवेदन में कहा, "हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर राजकीय अवकाश घोषित कर समाज में एक सकारात्मक संदेश दें। यह निर्णय सभी वर्गों में आस्था को बल देगा और हमारी सांस्कृतिक विरासत को गौरवान्वित करेगा।"

श्री शर्मा ने सरकार से अपील की कि देश की महान परंपराओं और धार्मिक विविधताओं का सम्मान करते हुए इस मांग पर गंभीरता से विचार किया जाए।

# योगी जैसा ही एक्शन होगा सीलमपुर में कुणाल गिहारा के हत्यारे पर कमजोर हिंदुओं को एक होना पड़ेगा :चंदेल

## ( सीलमपुर को अपराध मुक्त करना मेरी केंद्र सरकार की जल्दी पहल शुरू होने जा रही है अनिल गौड़ )

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली 18 अप्रैल / भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया से प्रभारी एवं प्रचारी महंत गुरुजी राजू चंदेल आज सीलमपुर क्षेत्र में दलित युवक कुणाल गिहारा के घर पहुंचे उनके साथ क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी अनिल गौड़ शर्मा संदीप जैन भाजपा नेता ज्वाला प्रसाद भाजपा नेता कौशल मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे जैसा कि ज्ञात हो सीलमपुर झुग्गी बस्ती में रहने वाले दलित परिवार के 16 वर्षीय कुणाल गिहारा को मुस्लिम यूवको ने मिलकर चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी जिसके चलते बता दें कि इस मोहल्ले में पहले भी 6 हिंदू युवकों की मुस्लिम बदमाशों द्वारा हत्या की जा चुकी है हुई जिसके चलते आज स्थानीय लोगों ने इस दहशत के माहौल में अपने घरों पर मकान बिकाऊ है के पोस्टर चिपका दिए और लोग यहां से पलायन करना चाहते हैं क्षेत्र से पलायन करने वाले लोगों के बीच पहुंचकर चंदेल ने कहा कि हिंदुओं कहां तक भागोगे पाकिस्तान से तुम भगा दिए गए अफगानिस्तान से तुम भगा दिए गए बांग्लादेश से तुम भगा दिए गए अब भारत से भाग कर कहां जाओगे एक हो जाओ और मिलकर मुकाबला करो जिहादियों से ,पूरे इलाके में दहशत का माहौल है इलाके के लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में मुस्लिम लोगों का आतंक है जो जिहादी मानसिकता के चलते यहां घर-घर में हथियार बंदूक देसी कट्टे आदि की फैक्ट्रियां चल रही है यह क्षेत्र मिन्नी पाकिस्तान बन चुका है

**( हिंदू दहशत में पलायन करने पर मजबूर मकान बिकाऊ के पोस्टर लगे)**

इस मौके पर क्षेत्र के निगम पार्षद व भाजपा विधायक प्रत्याशी अनिल गौड़ शर्मा ने सीलमपुर के थाना प्रभारी से जल्द से जल्द इन हथियारों की गिरफ्तारी कर योगी स्टाइल में क्षेत्र से अपराध को जड़ से खत्म करने का आग्रह किया और कहा कि जिस प्रकार लोगों ने यहां के बढ़ते हुए अपराधों का जिक्र किया है इस क्षेत्र से पूरी तरह अपराध अपराधियों का सफाया होना चाहिए तथा मृतक के परिजनों को अपनी सरकार से उचित मुआवजा देने की भी मांग की और कहा कि आगे से क्षेत्र में ऐसी घटना ना हो इसके लिए अपनी सरकार से ठोस रणनीति बनाने का आग्रह करते हुए क्षेत्र को अपराध मुक्त करने का आग्रह किया और कहा कि मैंने अपने गौरवशाली केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी से पत्र लिखकर पहले ही मांग की है कि इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा अपराध व अपराधियों का गठबंदी चली जा रही है हमारी सीलमपुर



विधानसभा इस क्षेत्र में इस ड्रग्स माफिया हथियार माफिया फिरौती माफिया गैंगस्टर अपराधियों की भरमार है इन अपराधी गैंगस्टरों का पूरी तरह सफाया किया जाना और कानून व्यवस्था बनाए जाना अति आवश्यक है

श्री चंदेल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज जब से बकफ बोर्ड में संशोधन किया है जिहादी मानसिकता के लोग छोटे नाबालिक मुस्लिम बच्चों को आगे कर कर हिंदू बच्चों की हत्या करने के लिए आगे कर रहे हैं जिससे कि वह नाबालिक के होने के नाते जल्दी छूट जाते हैं आज यमुना पार के अंदर लगातार दलित सनातनी हिंदू 3 बच्चों की हत्या हो चुकी है पहले सुंदर नगरी में लव जिहाद के चलते वाल्मीकि समाज होना लड़की की हत्या दूसरा गोकलपुरी में वाल्मीकि समाज के नवयुग की चाकू से गोदकर हत्या एवं आज यहां सीलमपुर के कुणाल गिहारा दलित समाज के बच्चे के निर्माण हत्या साफ दशार्ती है की जिहादी मानसिकता वाले लोग अपने बच्चों को हिंदुओं के बच्चों के साथ लव जिहाद के बहाने एवं छोटे-मोटे लड़ाई झगड़े के बहाने उनकी लगातार हत्या कर रहे हैं और इसके पीछे एक सोची समझी साजिश जिहादियों की चल रही है

श्री चंदेल ने कहा कि बंटवारे के चलते पहले ही पाकिस्तान से हिंदुओं को भगा दिया गया अफगानिस्तान से जिहादियों के चलते हिंदू विश्वनाथ न्यू पर अत्याचार कर वहां से भगा दिया बांग्लादेश से हाल ही में लाखों हिंदुओं को कत्लेआम कर वहां से भगा दिया अब हिंदू नहीं जाएगा तो आप भाग कर हिंदुस्तान से कहां जाएगा इसलिए हिंदुओं को अब एकता का परिचय देते हुए जात-पात को बुलाते हुए संगठित होकर इन जिहादियों से लड़ना होगा हिंदू एक रहेगा तो बचा रहेगा बटेगा तो कटेगा का नारा देते हुए अपनी बात समाप्त करते हुए अपनी सरकार से इस गरीब परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की

# अहिल्यबाई होलकर भारतीयता की प्रतीक थी : डॉ.सौरभ मालवीय।

कानपुर विशेष संवाददाता। शिक्षा का क्षेत्र ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम होता है। उसमें साहित्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साहित्य ही ज्ञान को संरक्षित करता है। संस्कारयुक्त शिक्षा हमारा उद्देश्य है। विद्या भारती अनेक वर्षों से समाज में भारतीयता पूर्ण शिक्षा एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जुड़े रहने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है। उक्त बातें विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री डॉ.सौरभ मालवीय ने भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा प्रकाशित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर विशेषांक के विमोचन करते हुए कही। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दामोदर नगर कानपुर में भारतीय शिक्षा समिति कानपुर प्रांत द्वारा तीन दिवसीय प्रधानाचार्य समीक्षा एवं कार्य योजना बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी संकुल से प्रधानाचार्यो ने सहभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भवानी प्रांत संघ चालक , डॉ. सौरभ



मालवीय क्षेत्रीय मंत्री पूर्वी उत्तर प्रदेश, रजनीश प्रांत संगठन मंत्री कानपुर प्रांत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉक्टर सौरभ मालवीय, भवानी प्रांत संघ चालक ने रजनीश ने अनुभव पत्रिका का विमोचन संकुल प्रमुख व प्रांत प्रमुख रामकृष्ण बाजपेई के साथ किया इसके बाद सौरभ मालवीय ने कानपुर प्रांत की बेवसाइट का लोकार्पण किया इसके बाद डॉ.मालवीय ने कहा कि हम योजना बनाकर कार्य करते हैं हमारी प्रमुख भूमिका विद्यालय को श्रेष्ठ बनाना है विद्यालय जीवंत है इसके हम प्रेरक हैं तब विद्यालय समाज केंद्रित होता है। छात्रों के सर्वांगीड़ और समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए बहुत सारे कार्यक्रम और गतिविधियों की योजना भी हम विद्यालय स्तर पर करते है भवानी ने कहा कि हम राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का कार्य करते हैं अतः हमको अपने कार्य के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए इस कार्यक्रम में डॉ राकेश निरंजन अध्यक्ष, अयोध्या प्रसाद मिश्र प्रदेश निरीक्षक,आर के सिंह सह मंत्री,अजय ,शिवकरण संभाग निरीक्षक शिव सिंह सेवा प्रमुख,विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश अग्रवाल तथा समस्त प्रधानाचार्य बंधु एवं भगिनी उपस्थित रहे।

## अधिक सवारी बैठने के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही किया गया

जनपद श्रावस्ती परिवहन आयुक्त उ0प्र0 के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद श्रावस्ती, श्री घनश्याम चौरसिया के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपंजीकृत, अवैध ई-रिक्शा एवं बिना नंबर प्लेट ई-रिक्शा वाहनो मानक से अधिक सवारी बैठने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाए जा विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज प्रभारी यातायात श्री मो0 शमीम व यातायात टीम द्वारा जनपद के थाना सोनवा अंतर्गत दिकोली में सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध तरीके से चलाये जा रहे बिना रजिस्ट्रेशन, बिना नंबर प्लेट



ई रिक्शा वाहनो एवं सवारी वाहनों के मानक से अधिक सवारी बैठने के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही किया गया इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत जनपद के विभिन्न स्थानों पर पर सघन चेकिंग कर बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किया गया । आम जनमानस को एकत्र कर सुन लो ये अनमोल वचन सदा सड़क पर रखों ध्यान, तेरा एक परिवार है जिसकी बसी है तुझमे जान के सन्दर्भ मे समस्त को दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट पहनने, व मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने आदि के महत्व के बारे में समस्त को विस्तृत रूप से जागरूक कर यातायात नियमों सम्बन्धित पम्पलेट्स का वितरण किया गया तथा आम जनमानस को शपथ दिलाई गई कि वे सड़क पर चलते समय सदैव यातायात नियमो का पालन करेंगे तथा अन्य लोगो को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे ।

## हिन्दू महासभा राष्ट्रीय कार्यसमिति की गुरुग्राम बैठक की तैयारियों पर आयोजन समिति गठित हुई - बी एन तिवारी

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली, अखिल भारत हिन्दू महासभा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक वीर सावरकर जयंती 26 मई को हरियाणा के गुरुग्राम स्थित फाजलपुर बादली गांव में होगी। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी करेंगे। यह जानकारी हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में दी। बी एन तिवारी ने बैठक के आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का एजेंडा तैयार हो चुका है और देश भर के प्रतिनिधियों को त्वरित डाक द्वारा प्रेषित किया जा रहा है।

# ई-रिक्शा और ट्रक की टक्कर में छह घायल, एक की हालत गंभीर

**दैनिक समाज जागरण**



संभल।असमोली, ग्राम दुगावर में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक ई-रिक्शा और ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में एक बुजुर्ग की हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक ई-रिक्शा ग्राम दुगावर से पाकबड़ा की ओर जा रहा था। ई-रिक्शा को जगत सिंह पुत्र कल्लन, निवासी शाहपुर सोत, थाना असमोली चला रहे थे। रिक्शे में छह लोग सवार थे,जब ई-रिक्शा ग्राम दुगावर स्थित असमोली-मढ़न मार्ग पर पहुंचा, तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक को मोहम्मद अखलाख पुत्र मोहब्बत अली, निवासी मुबारकपुर बंद, थाना असमोली चला रहे थे।टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा में सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को मिली जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली उपचार के लिए भर्ती कराया है जहां उनका उपचार चल रहा है वहीं एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है पुलिस में दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू करती है।

# नशे में धुत पुलिस सिपाही का वीडियो वायरल वर्दी में लड़खड़ाते हुए गिरी राइफल और मोबाइल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



बिजनौर। उत्तर प्रदेश पुलिस की साख को धक्का पहुँचाने वाला एक शर्मनाक वीडियो सामने आया है। यह वीडियो बिजनौर के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जजी चौक का है, जहां वर्दी में तैनात एक सिपाही नशे की हालत में सड़क पर लड़खड़ाता दिखाई दे रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि सिपाही ने पूरी पुलिस वर्दी पहन रखी है, कंधे पर सरकारी राइफल टंगी है और पैरों में चप्पल हैं। लेकिन नशे की हालत इतनी गंभीर है कि न तो वह खुद को संभाल पा रहा है और न ही हथियार को। चलते-चलते राइफल उसके हाथ से गिर जाती है और थोड़ी ही देर में उसका मोबाइल भी हाथ से छूटकर सड़क पर गिर पड़ता है। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद राहगीर हैरान रह गए। किसी ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है प्रशासनिक स्तर पर अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन सिपाही की इस हरकत ने विभाग की अनुशासन व्यवस्था और जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों की मानें तो संबंधित सिपाही की पहचान कर ली गई है और मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। जल्द ही इस पर विभागीय कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

# चांदपुर में किशोरी की बरामदगी के बाद बवाल, पुलिस पर पथराव - गांव में तनाव, फोर्स तैनात

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



चांदपुर थाना क्षेत्र में एक किशोरी की बरामदगी के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए। लड़की को न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद उसकी मजी से लड़के के परिजनों को सौंप दिया गया। इसी बात को लेकर लड़की पक्ष में आक्रोश फैल गया। घटना के अगले दिन रात लगभग नौ बजे लड़की पक्ष के दर्जनों लोग एकत्र होकर हंगामे की तैयारी में थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तभी भीड़ ने पुलिस टीम पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को बिगड़ते देख पुलिस ने तत्काल अतिरिक्त बल बुलाया और मोर्चा संभाला। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके से पाँच लोगों को हिरासत में ले लिया। गांव में हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने 23 नामजद और करीब दर्जनभर अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

# जल्द ही यीडा को मिलेगा नया ऑफिस, 27,800 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में फैला होगा परिसर

**-भविष्य की जरूरतों पर आधारित होगा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का नया सेंट्रल ऑफिस, यमुना एक्सप्रेसवे से मात्र 110 मीटर होगी दूरी**

**-800 लोगों की क्षमता वाला नया परिसर बैंक, क्रेच, लाइब्रेरी, जिम, ईवी चार्जिंग वाली पार्किंग तथा सौर ऊर्जा चालित संयंत्र जैसी सुविधाओं से होगा युक्त**

**-वर्क फ्रेंडली कल्चर को मिलेगा बढ़ावा, हाई स्पीड एलिवेटर्स, 24 घंटे सीसीटीवी सर्विलांस के साथ ही GRIHA 5 स्टार रेटिंग सर्टिफिकेशन युक्त होगा परिसर**

**-ईको फ्रेंडली प्रक्रिया बनेगी निर्माण का आधार, यीडा ने कॉन्सेप्ट प्लान किया तैयार, प्राधिकरण का नया परिसर आगंतुकों के बीच बनेगा आकर्षण का केन्द्र**

लखनऊ, 18 अप्रैल। उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अब जल्द ही यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के लिए नए सेंट्रल ऑफिस परिसर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। यीडा का नया ऑफिस गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-18 में स्थित होगा तथा कुल 27,800 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में फैला होगा। यह नया परिसर 800 लोगों की क्षमता युक्त होगा तथा यमुना एक्सप्रेसवे से इसकी दूरी मात्र 110 मीटर होगी। इस परिसर को वर्क फ्रेंडली डिजायन के आधार पर बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि परिसर में बैंक, क्रेच, लाइब्रेरी, जिम, ईवी चार्जिंग स्टेशन डेसिगनेटेड पार्किंग स्थल तथा सौर ऊर्जा चालित संयंत्र जैसी सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। इस विषय में यीडा द्वारा कॉन्सेप्ट प्लान तैयार किया गया है।

योजना के अनुसार, परिसर को GRIHA 5 स्टार रेटिंग सर्टिफिकेशन युक्त किया जाएगा और उत्तम कनेक्टिविटी युक्त होगा। यहां हाई स्पीड एलिवेटर्स, 24 घंटे सीसीटीवी सर्विलांस व खूबसूरत लैंडस्केप प्लाजा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। भव्य एंट्री लॉबी आगंतुकों के लिए बनेगी आकर्षण का केंद्र यीडा की कॉन्सेप्ट प्लान के अनुसार, नए परिसर में भव्य एंट्री लॉबी का निर्माण होगा जो आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र होगा। यह खूबसूरत लैंडस्केप प्लाजा में बनाया जाएगा तथा फ्यूचर रेडी इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त होगा। परिसर में आकर्षक हरित क्षेत्र का निर्माण व विकास भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, परिसर में स्टाफ पार्किंग, वीआईपी पार्किंग समेत विभिन्न प्रकार की पार्किंग्स का निर्माण किया जाएगा जो कि आगंतुकों को वाहन पार्किंग की समस्या से निजात दिलाएंगे। कम्यूनिटी एंगेजमेंट और सोशल इंटरैक्शन के लिए परिसर में ओपन स्पेसेस को आकर्षक बनाने के लिए विशिष्ट आर्किटेक्चर पर काम किया जाएगा। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए परिसर को सस्टेनेबिलिटी और कम ऊर्जा खपत परिसर के तौर पर विकसित किया जाएगा जहां स्मार्ट लाइटिंग व प्राकृतिक प्रकाश की उत्तम व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा। 45,528.18 स्क्वेयर मीटर के बिल्ड अप एरिया में ऑफिस का होगा निर्माण

यीडा द्वारा तैयार किए गए खाके के अनुसार परिसर का कुल प्रसार 27,800 स्क्वेयर मीटर में होगा, जबकि ऑफिस का कुल बिल्ड अप एरिया 45,528.18 स्क्वेयर मीटर होगा। परिसर में मुख्यतः कई प्रकार की अनावासीय सुविधाओं का निर्माण व विकास किया जाएगा, जिसके लिए कॉन्सेप्ट प्लान के जरिए एक शुरूआती खाका तैयार कर लिया गया है। इसके अनुसार, सर्विस रोड, प्रवेश व निकास द्वार, बाउंड्री वॉल समेत विभिन्न प्रकार की अवसंरचनाओं के निर्माण व विकास का अनुमानित प्रस्ताव बना लिया गया है। योजना के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-18 स्थित प्लॉट नंबर एफ-4 पर प्रस्तावित परिसर का निर्माण किये जाने की तैयारी है। नया परिसर यमुना एक्सप्रेसवे से समीप होगा और मात्र 110 मीटर की दूरी पर स्थित होगा।

# नकली मोबिल ऑयल व ग्रीश बनाने वाली फैक्टी का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**नकली मोबिल ऑयल भरे तीन ड्रम व ग्रीश बरामद, तीन कारें, एक बाइक, एक लैपटॉप व मोबाइल और अन्य सामग्री भी मिली**

**दैनिक समाज जागरण**



बहजोई। बहजोई व बनियाठेर थाना क्षेत्र में नकली मोबिल ऑयल बनाने वाली दो फैक्टी पर पुलिस ने छापेमारी की है। पुलिस को मौके से नकली मोबिल ऑयल से भरा एक ड्रम, दो आधे डम और तीन गाड़िया, लैपटॉप व मोबाइल समेत नामा गिरामी कंपनियों के रेपर, डिब्बा व केन, पैकिंग मशीन, ऑयल निकालने की मशीन व अन्य उपकरण बरामद किए हैं। मौके से दो लोगों को गिरफतार किया गया है। पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता कर खुलासा किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बहजोई व बनियाठेर थाना क्षेत्र में नकली मोबिल ऑयल तैयार कर नामी गिरामी कंपनियों के डिब्बों व केन में भरकर मार्केट में सप्लाई किया जा रहा है। सूचना पर बहजोई पुलिस ने मोहल्ला बंबा रोड पर एक मकान में छापेमारी कर संचालक आशीष वार्ष्णेय तथा बनियाठेर पुलिस ने चन्दौसी में बहतरी फाटक, कन्थरी रोड पर आइसक्रीम फैक्टी के निकट एक बंद स्कूल में छापेमारी कर संचालक प्रतीक वार्ष्णेय को गिरफतार कर लिया। एसपी ने बताया कि दोनों ही स्थानों से भारी मात्रा में कैस्टोल, हीरो, सर्वो, बूडोल, किसान शक्ति, सुपर एक्टिव समेत विभिन्न नामा गिरामी कंपनियों के रेपर, खाली व भरे डिब्बे समेत सील व पैक करने की मशीने तथा अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस को बहजोई से दो कारें, लैपटॉप, प्रिंटर व मोबाइल तथा बनियाठेर क्षेत्र से एक कार समेत एक पूरा भरा हुआ ऑयल का डम, दो आधे भरे डम समेत विभिन्न मोबिल ऑयल कंपनियों के खाली व भरे डिब्बे, केन व बाल्टी भी बरामद हुईं। एसपी ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली से नामी गिरामी कंपनियों के रेपर, बोतल, डिब्बे व गत्ते आदि लाते थे। इसके बाद फैक्टी में नकली मोबिल ऑयल तैयार कर डिब्बों पर नकली रेपर लगाकर आसपास के क्षेत्रों में डिस्टीब्यूटरों व अन्य दुकानों को सप्लाई करके अच्छा मुनाफा कमाते थे।

# नवविवाहिता को जहर देकर मार डाला पति, सास-ससुर पर हत्या का आरोप; परिजनों ने लगाई इंसाफ की गुहार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



बिजनौर/नहटौर। जनपद के नहटौर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवीदास मदीपुरा गांव से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां दहेज की मांग पूरी न होने पर एक नवविवाहिता की कथित रूप से जहर देकर हत्या कर दी गई। मृतका के परिजनों ने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, मृतका काजल (23) की शादी 18 नवंबर 2024 को देवीदास मदीपुरा गांव निवासी सचिन के साथ बड़े धूमधाम से हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद से ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर काजल को प्रताड़ित करने लगे थे। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार बात को सुलझाने की कोशिश की गई, लेकिन ससुराल पक्ष लगातार दबाव बनाता रहा। बीते दिन काजल की संदिग्ध परिस्थितियों में तबीयत बिगड़ गई, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को शक है कि काजल को जानबूझकर जहर देकर मारा गया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पति सचिन, सास और ससुर सहित अन्य के खिलाफ हत्या और दहेज प्रताड़ना की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है और जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी जांच में क्या निकलेगा सच अब सवाल यह उठता है कि काजल की मौत एक सोची-समझी साजिश थी या फिर कोई पारिवारिक कलह का दुखद अंत? पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

# फोन पर अभद्रता, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग और धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



बिजनौर। थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम लुहारी सराय पूर्वी निवासी धर्मेंद्र कुमार पारस पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक व्यक्ति ने उन्हें और उनके बड़े भाई मनोज पारस को मोबाइल फोन पर अशोभनीय भाषा का प्रयोग करते हुए न केवल गाली-गलौच की, बल्कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गंभीर अभद्रता की और जान से मारने की धमकी भी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना नगीना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी की पहचान सोनू कुमार पुत्र विरेंद्र सिंह निवासी ग्राम गौसपुर टोपरी, थाना हल्दौर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण नाम सोनू कुमार पिता का नाम विरेंद्र सिंह निवासी ग्राम गौसपुर टोपरी, थाना हल्दौर, जनपद बिजनौर गिरफ्तारी करने वाली टीम उपनिरीक्षक रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल कौशलेन्द्र प्रताप एवं संदीप तोमर द्वारा यह गिरफ्तारी की गई। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलन में है।

# नवविवाहिता महिला सिपाही ने की आत्महत्या, पुलिस महकमे में शोक की लहर

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



बिजनौर/अलीगढ़ बिजनौर एसएसपी कार्यालय में तैनात एक नवविवाहिता महिला सिपाही ने अपने अलीगढ़ स्थित आवास पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतका की पहचान अलीगढ़ निवासी महिला सिपाही के रूप में हुई है, जिसकी नियुक्ति बिजनौर में एसएसपी कार्यालय में थी। उसकी शादी हाल ही में 23 फरवरी 2025 को अरविंद नामक युवक से हुई थी, जो नोएडा मेट्रो में एसएसएफ (SSF) में कांस्टेबल के पद पर तैनात है। परिजनों के अनुसार, महिला सिपाही कुछ समय से मानसिक तनाव में थी, हालांकि इसकी पुष्टि अभी पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बिजनौर पुलिस ने मृतका के परिजनों और उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी है। विभागीय स्तर पर भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच की जा रही है। इस दुखद घटना ने न सिर्फ मृतका के परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, बल्कि पुलिस विभाग के सहकर्मियों को भी झकझोर कर रख दिया है।

# पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना

**छात्रवृत्ति, विवाह सहायता, कंप्यूटर प्रशिक्षण और छात्रावास अनुरक्षण योजनाओं पर खर्च किए गए करीब ढाई हजार करोड़ रुपए**

**2024-25 में करीब 30 लाख छात्रों को मिली छात्रवृत्ति, एक लाख बेटियों की शादी में मिली आर्थिक सहायता**

**योगी सरकार ने प्रदेश में पिछड़े वर्ग के समग्र विकास और आधारभूत सुविधाओं के लिए उठाया महत्वपूर्ण कदम**

**शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण, सामाजिक सहयोग और आवासीय सुविधाएं देकर सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण का दिया संदेश**

लखनऊ, 18 अप्रैल। योगी सरकार ने 2024-25 में पिछड़े वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए अपना खजाना खोल दिया है। प्रदेश सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत पिछड़े वर्ग के लाखों लोगों को राहत देने और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार पिछड़े वर्ग के समग्र विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उनकी शिक्षा, तकनीकी प्रशिक्षण, सामाजिक सहयोग और आवासीय सुविधाओं के साथ ही आधारभूत सुविधाओं पर ध्यान देकर सरकार सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। छात्रवृत्ति योजना बनी सहारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2024-25 में सरकार ने पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना पर 168.75 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जिससे 7.94 लाख से अधिक छात्रों को लाभ मिला है। इसके तहत, कक्षा एक से कक्षा 10 तक के पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। वहीं, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 1981.45 करोड़ रुपए व्यय किए गए, जिससे 21.31 लाख छात्रों को शैक्षिक सहायता मिली। इसमें कक्षा 11 से उच्च शिक्षा में पढ़ने वाले छात्र लाभान्वित होते हैं। गरीब बेटियों की शादी में मिला संबल सरकार ने पिछड़ी जातियों की गरीब बेटियों की शादी में मदद के लिए 2024-25 में 200 करोड़ रुपए की राशि खर्च की है। इसका लाभ एक लाख बेटियों और उनके परिवारों को मिला, जिससे उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीवन की नई शुरूआत करने का अवसर मिला। तकनीकी शिक्षा पर भी दिया जोर प्रदेश सरकार ने पिछड़ी जातियों के छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ने के लिए 2024-25 में 32.92 करोड़ रुपए की राशि खर्च की है। इस योजना से 29,769 छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान मिला, जिससे उनके रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इस योजना का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ना है। छात्रावासों के लिए भी मिला बजट शिक्षा के साथ-साथ आवास सुविधा को बेहतर बनाने के लिए भी सरकार ने छात्रावास अनुरक्षण योजना के अंतर्गत 2024-25 में 2 करोड़ रुपए की राशि व्यय की है। यह बजट प्रदेश के छह छात्रावासों के अनुरक्षण हेतु दिया गया है। इन छात्रावासों के माध्यम से योगी सरकार पिछड़े वर्ग के छात्रों को आवासीय सुविधा भी प्रदान कर रही है।

# साइबर ठग गिरफ्तार: OTP के जरिए उड़ाए थे हजारों रुपये, पुलिस ने दबोचा

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर। नांगल थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक युवक से धोखाधड़ी कर हजारों रुपये उड़ा लिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर ठग को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है ग्राम जीतपुर खास निवासी अभिषेक कुमार ने थाने में तहरीर दी थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनसे फोन पर संपर्क कर ओटीपी प्राप्त किया और उनके क्रेडिट कार्ड से ड्ड79,367 की रकम धोखाधड़ी से ट्रांसफर कर ली। शिकायत मिलते ही थाना नांगल पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त राहुल पुत्र अजयपाल है, जो वर्तमान में ग्राउंड सिटी प्रतीक, विजय नगर, गाजियाबाद में रह रहा था। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से बरामद हुआ 18 बैंक पासबुक 12 एटीएम कार्ड 16 सिम कार्ड 6 मोबाइल फोन 22 चेक बुक 3 आधार कार्ड 1 पैन कार्ड 1 चेक ड्ड500 नकद पुलिस के मुताबिक, राहुल लंबे समय से फर्जी कॉल और ओटीपी के जरिए लोगों से धोखाधड़ी कर रहा था। उसके पास से मिली दस्तावेजी सामग्री से उसके नेटवर्क के बड़े होने के संकेत मिले हैं। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में शामिल रहे निरीक्षक सुभाषचंद व क्षेत्राधिकारी कार्यालय से अजय कुमार। पुलिस अब आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि उसके साथ जुड़े अन्य लोगों और इस गिरोह के नेटवर्क का भी पदार्फाश किया जा सके। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि किसी अनजान कॉल पर कोई भी गोपनीय जानकारी साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।



# शादी की खुशियाँ मातम में बदलीं नहर में डूबे 5 युवक, दो अब भी लापता

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर। हल्दौर थाना क्षेत्र के झालू नहर में सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना घट गई। शादी की रौनक से लौट रहे पांच युवकों की नहर में नहाने के दौरान ज़िंदगी एक दर्दनाक मोड़ ले गई। धामपुर से बिजनौर शादी समारोह में शामिल होने आए ये युवक लौटते वक्त नहर के पास कुछ देर रुककर नहाने लगे। लेकिन एक लम्हे की मस्ती ने सब कुछ बदल दिया। नहर का तेज बहाव पांचों को अपने साथ बहा ले गया। स्थानीय ग्रामीणों की



मदद से जमीर, आशिफ और वाहन चालक को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। राहत टीम और गोताखोरों की मदद से कई घंटे तलाशने के बाद जीशान और आदिल के शव को बाहर निकाल लिया गया दोनों शव को धामपुर पहुंचाया गया घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शादी की खुशियाँ पलभर में मातम में बदल गईं।

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम द्वारा हज आजमीनों के लिए टीकाकरण व ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद पिछले 24 सालो की खिदमत की तरह इस साल भी ज़िला बिजनौर के सभी हज आजमीनो के लिए टीकाकरण व हज ट्रेनिंग कैम्प 2025 का आयोजन, इंजीनियर मुअज्जम द्वारा दिनांक 21 अप्रैल 2025, सोमवार को कसमिया इंटर कॉलेज नजीबाबाद में किया जा रहा है। चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने हज आजमीनों से अपील की सभी हज आजमीनो से गुजारिश है सुबह 7:30 बजे तक शिरकत करे। उन्होंने सभी के लिए दुआएं की अल्लाह आप सभी का हज कुबूल फरमाए और तमाम हाजियों के सफर-ए-हज को आसान और मकबूल बनाए, और हम सबको बार-बार अपने मुकद्दस घर की ज़ियारत नसीब कराए

# एसईसीएल बनेगा कोयला खनन के लिए पेस्ट भरण प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाला पहला सार्वजनिक उपक्रम

एसईसीएल और टी.एम.सी. खनिज संसाधनों के बीच ड्ड7040 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) कोयला खनन के लिए पेस्ट फिल तकनीक को अपनाने वाला भारत का पहला कोयला पी.एस.यू. बनने के लिए तैयार है- जो टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल खनन प्रथाओं की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस नवीन भूमिगत खनन प्रौद्योगिकी को लागू करने के लिए, एसईसीएल ने टी.एम.सी. खनिज संसाधन निजी लिमिटेड के साथ ड्ड7040 करोड़ के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक कमरे में खड़े पुरुषों का एक समूहविवरण स्वचालित रूप से उत्पन्न होता है

# कमिश्नर साहब एक नजर इधर भी

**गलत जगह संचालित हो रही भांग की दुकान, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भांग की आड़ में बिक रहा मादक पदार्थ, नशेड़ियों के जमावड़े से ग्रामीण परेशान**

**दैनिक समाज जागरण**
**अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव में चल रहे भांग की दुकान गलत जगह संचालित होने तथा भांग की आड़ में अन्य मादक पदार्थ की बिक्री किए जाने से हो रहे नशेड़ियों के जमावड़े को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। मामले को लेकर स्थानीय गांव वालों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन दुकान को सही स्थान पर स्थानांतरित करने तथा कार्रवाई के बजाय आबकारी विभाग द्वारा गोल-गोल रिपोर्ट लगाकर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर महावीर चौराहा नामक स्थान पर कल्याणी गुप्ता के नाम से पंजीकरण संख्या 319725001894 भांग की दुकान आवंटित है लेकिन उक्त दुकान आवंटन स्थान महावीर चौराहा पर न होकर वहां से लगभग 2 किलोमीटर दूर इमलिया गांव में अवैध तरीके से चलाई जा रही है, स्थानीय ग्रामीण इंद्रजीत सिंह, पवन सिंह, ब्रिजेश कुमार, दीपक कुमार, सुनील कुमार, अशोक कुमार, विरेंद्र, विशाल, अरुण कुमार, जगदीश ने बताया कि भांग की आड़ में अवैध रूप से गाजा व अन्य मादक पदार्थ की बिक्री की जा रही है, उक्त दुकान पर नशेड़ियों का जमावड़ा पूरे दिन बना रहता है। भांग की दुकान के ठीक बगल में तीन विद्यालय भी संचालित होते हैं जहां छात्र-छात्राओं के आवागमन में नशेड़ियों के वजह से भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। मामले को लेकर स्थानीय निवासी अजय सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज करायी। आबकारी निरीक्षक पवन मिश्रा ने शिकायतकर्ता को मामले की जांच कर दुकान को आवंटित जगह पर स्थानांतरित किए जाने तथा उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया लेकिन नतीजा शून्य निकला। ग्रामीणों का कहना है कि यदि संबंधित विभाग टालमटोल करेगा तो वे धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

# पुलिस उपायुक्त गोमती जोन और होप वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए किया जायेगा ग्रीन आर्मी का गठन।

**दैनिक समाज जागरण प्रभात कुमार सेठ फुलपुर वाराणसी**

थाना फूलपुर व थाना बड़ागाँव क्षेत्र में परम्परागत रूप में शराब निर्माण का कार्य किया जाता रहा है जिसके सम्बन्ध में पुलिस द्वारा समय समय पर वैधानिक कार्यवाही की जाती है। परन्तु स्थाई सुधार हेतु शराब निर्माण में लिप्त परिवारों को वैकल्पिक रोजगार देने के सम्बन्ध में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गोमती जोन श्री आकाश पटेल द्वारा, अपने पूर्व कार्यकाल अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन रहते हुए, होप वेलफेयर ट्रस्ट को इस कार्य में शामिल किया गया एवं इन क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया गया जसमें संलिप्त परिवारों द्वारा यह आश्वासन दिया कि यदि उन्हें जीवन यापन के लिए रोजगार उपलब्ध कराया जाए, तो वे इस कार्य को छोड़ने के लिए तैयार होंगे। इस संदर्भ में, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत लघु उद्योगों के लिए प्रशिक्षण देने और सामाजिक-आर्थिक विकास में



फंडिंग हेतु औद्योगिक क्षेत्र, फूलपुर के उद्यमियों के साथ मीटिंग की गयी संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया था। साथ ही, ट्रस्ट को राजभवन उत्तर प्रदेश से सहयोग दिलाया गया । वर्तमान में होप वेलफेयर ट्रस्ट को उक्त कार्यों के लिए सीएसआर फंड दिये जाने पर सहमति बन गयी है जिससे शीघ्र ही इन क्षेत्रों में छोटी फैक्ट्रियाँ लगाकर परिवारों को वैकल्पिक रोजगार दिया जायेगा। साथ ही महिला शसक्तिकरण के लिए महिलाओं की ग्रीन आर्मी का गठन किया जाएगा जिससे कानून और व्यवस्था बनी रहे । होप वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा पूर्व में इस तरह के सफल प्रयोग किये जा चुके हैं । इसी क्रम में आज दिनांक 18.04.2025 को होप वेलफेयर ट्रस्ट के सह-संस्थापक श्री संदीप गुप्ता, श्री श्यामाकान्त सुमन और श्री विकास दिक्षित के साथ वार्ता कर थाना फूलपुर व थाना बड़ागाँव क्षेत्र में "ग्रीन आर्मी" के गठन की योजना को साकार रूप देने हेतु वार्ता किया गया ।

**क्या है ग्रीन आर्मी ?**

ग्रीन आर्मी महिलाओं का एक संगठित समूह होगा, जिसमें प्रत्येक समूह में 50 महिलाएं शामिल होंगी। इस आर्मी का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना, नशामुक्ति अभियान चलाना, महिलाओं को सशक्त बनाना, बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और पुलिस के साथ मिलकर कानून व्यवस्था को बनाए रखना होगा। ग्रीन आर्मी के मुख्य उद्देश्यः नशामुक्ति अभियानः ग्रीन आर्मी स्थानीय क्षेत्रों, विशेष रूप से थाना फूलपुर और थाना बड़ागाँव में नशामुक्ति चौपाल का आयोजन करेगी। नशे के कारोबार से जुड़े व्यक्तियों को जागरूक किया जाएगा और उन्हें वैकल्पिक आजीविका अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**महिला सशक्तिकरणः**

महिलाओं को कुटीर उद्योगों जैसे सिलाई, कढ़ाई, आटा चक्की, चप्पल निर्माण आदि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन स्तर को सुधारने में सहायक होगा।

**पुरुषों का रोजगार विकासः**

ग्रीन आर्मी औद्योगिक क्षेत्र करखियाँव में पुरुषों को विभिन्न प्रकार के उद्योगों के लिए प्रशिक्षित करेगी। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें रोजगार दिलाने की व्यवस्था की जाएगी।

**बच्चों की शिक्षाः**

बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बाल श्रम और अनपढ़ता को समाप्त करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाएंगे।

**कानून व्यवस्था में सहयोगः**

ग्रीन आर्मी, पुलिस के साथ मिलकर कानून और व्यवस्था बनाए रखने में सहायता करेगी। इस पहल से समाज में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बनेगा।

**ग्रीन आर्मी की भूमिकाः**

ग्रीन आर्मी न केवल एक सामाजिक संगठन होगा, बल्कि यह महिलाओं और पुरुषों के जीवन को सशक्त बनाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसका उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक उन्नति के लिए सामूहिक प्रयास करना है।

# चोलापुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता 25 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**तीन पहले गिरफ्तार कर भेजे जा चुके हैं जेल**

**दैनिक समाज जागरण**
**अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी**



गोवध निवारण अधिनियम में फरार चल रहे 25 हजार के इनामियां अभियुक्त शुक्रवार को चोलापुर पुलिस ने अभियुक्त के घर से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। एसीपी सारनाथ अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि बीते वर्ष 2023 में 17 मई को विकास पुत्र चुलबुली निवासी ग्राम खेवसीपुर थाना जलालपुर अपने साथी जोगेंद्र पाल, डब्बू व भोरिक के साथ पिकअप में गोवंश लादकर खेवसीपुर से मुरली, धरसौना होते हुए चंदौली जा रहा था। इस दौरान चोलापुर थाना क्षेत्र के मुरली अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान विकास मौके से भाग निकला था, जबकि अन्य आरोपी गिरफ्तार हो गए थे। आरोपी के विरुद्ध 82 की कार्रवाई के साथ-साथ पुलिस ने ₹25000 का इनाम भी घोषित कर रखा था। आरोपी को उसके जलालपुर थाना क्षेत्र के खेवसीपुर घर से शुक्रवार प्रातः पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी अजगरा अभिषेक पांडेय, उपनिरीक्षक चंदन कुमार, हेड कांस्टेबल दीपक पांडेप्रमुख रूप से शामिल रहे।

# आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर संचारी रोग के बारे में जागरूकता का दायित्व निभाएं।

***सात का वार ,संचारी रोगों पर प्रहार पर जागरूकता का कार्य।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी हरहुआ ब्लाक में चल रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आशा व आंगनबाड़ी बहने घर-घर जाकर संचारी रोग के बारे में जागरुकता का कार्य कर रही हैं जिससे संचारी रोगों के नियंत्रण का सकारात्मक रिजल्ट मिल रहा है। पीएचसी हरहुआ प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण के लिए ब्लाक क्षेत्र में 215 आशा 42 एएनएम व 301 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्य कर रही हैं। इनको एक मूलमंत्र 'सात का वार,



संचारी रोगों पर प्रहार' डेंगू, मलेरिया,चिकनगुनिया, दिमागी बुखार ,क्षय रोग व कुष्ठ रोगियों की सूची बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। घर घर दस्तक देकर जहाँ जागरूकता का कार्य कर रही हैं वहीं टीबी, लेप्रोसी, कलाजार, कुपोषित बच्चों, आई एल आई, का सर्वे भी कर रही हैं। साथ में हीट वेव से बचाव, हाथ धोने की कला, अपने घर के आस-पास जल जमाव न होने देने, मच्छर से बचाव के उपाय पूरी बांह के कपड़े पहनने, समय से टीकाकरण, साफ तथा स्वच्छ जल पीने हेतु जानकारी के साथ-साथ उथले हैंडपंप का पानी न पीने हेतु मना करने का कार्य कर रही है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरहुआ ने अवगत कराया कि प्रत्येक दिन इन सभी कार्यों की समीक्षा कर नियंत्रण प्रगति लिया जा रहा है।इससे पूरी तरह से संचारी रोगों पर नियंत्रण किया गया है।यह नियमित रूप से 30 अप्रैल तक अभियान चलता रहेगा।

# विश्व धरोहर दिवस

**स्मारकों की छाया चित्र प्रदर्शनी देखने पहुचे पर्यटक,जाना अपनी विरासत के धरोहरों की प्राचीनता और संस्कृति**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विश्व धरोहर दिवस के मौके पर शुक्रवार को सारनाथ स्थित पुरातात्विक खंडहर परिसर में स्मारकों की छाया चित्र प्रदर्शनी लगाकर विश्व धरोहर दिवस की प्राचीनता व संस्कृति की दी गई जानकारी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के तहत पुरातात्विक खंडहर परिसर में दिल्ली का कुतुबमीनार, हुमायूं का मकबरा, दिल्ली का लाल किला, आगरा



के फतेहपुर सीकरी,तेलंगाना के रुद्रेश्वर मन्दिर, सांची स्तूप, ताजमहल, आगरा का किला, महाराष्ट्र का एलोरा की गुफाएं , साथ धर्मचक्र मुद्रा में भगवान बुद्ध की प्रतिमा,सहित अन्य पुरातत्व स्मारकों की 25 स्मारकों की छाया चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी पुरातात्विक खण्डहर परिसर में सूर्योदय से सूर्यास्त तक रही। इस प्रदर्शनी से हजारों पर्यटकों ने विरासत की प्राचीनता ,महत्व और संस्कृति से परिचित हुए। इस मोके पर सहयोग के लिए शैलेन्द्र श्रीवास्तव, गुलाब यादव,अन्य लोग मैजूद रहे।

# पेयजल नलकूप की बैटरी हुयी चोरी, पेयजल आपूर्ति ढप

***ग्रामीण पेयजल को लेकर रहे परेशान।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जलजीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के पर्वतपुर(बीकापुर) में लगे पेयजल नलकूप की सोलर पैनल से जुड़ी सभी बैटरियां चोरी हो गयी।पम्प आपरेटर पवन सिंह ने इसकी लिखित सूचना चौबेपुर थाने में दिया है।बैटरी चोरी होने से पर्वतपुर,बीकापुर गांव के लोगों की पेयजल आपूर्ति बीते गुरुवार से बंद है।पेयजल आपूर्ति नहीं होने से पानी के लिए दोनों गांवों के ग्रामीण परेशान हैं।पेयजल नलकूप



का संचालन कर रहे लार्सन एण्ड टूब्रो के जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों को जल्द ही पेयजल आपूर्ति शुरू होने का झूठा आश्वासन दे रहे हैं।

इस बाबत एल0 एंड टी0 के अवर अभियंता से पूछा गया तो बताया कि बैटरी चोरी हो गयी है।इसकी सूचना स्थानीय थाने को दे दिया गया है।जब उनसे चोरी हुयी बैटरियों की संख्या और कीमत पूछी गयी तो आनाकानी करने लगे।जल्द ही पेयजल आपूर्ति होने की बात कही।पर्वतपुर के निरहू,पन्नू गुप्ता, दीपक मौर्य बीकापुर के सहदेव तिवारी, विजयानंद तिवारी, रितेश दूबे,अमरदेव आदि ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल आपूर्ति बीते गुरुवार से ही बंद है।पेयजल के लिए लोग परेशान हैं।

# उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन हरहुआ इकाई का हुआ गठन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन वाराणसी से जुड़ी हरहुआ ब्लॉक की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की शुक्रवार को बाबूलाल मौर्य की अध्यक्षता में ब्लॉक कैम्पस में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पूजा सिंह,महामंत्री सीमा गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनीता, कोषाध्यक्ष मीना देवी संगठन मंत्री क्षमा तिवारी और संयुक्त मंत्री मूर्ति देवी को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बाबूलाल मौर्य ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने निम्न माँगों को रखा। जैसे शासकीय कर्मचारी घोषित करने, मानदेय बढ़ाने,पदोन्नति में 50 वर्ष आयु सीमा की बैधता को समाप्त करने, सेवा निवृत्ति पर एक मुश्त 10 लाख रुपये के फण्ड के साथ अन्य राज्यों की तरह आजीवन पेंशन देने, पोषण ट्रैकर पर आनलाईन कार्य हेतु अच्छी क्वालिटी का मोबाइल के साथ स्थानीय बाजार दर पर रिचार्ज का पैसा देने, और एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ प्रत्येक माह परियोजना स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं की उपस्थिति में बैठक करने की बात मांग को रखा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बाबूलाल मौर्य जिलाध्यक्ष एवं गीता सिंह जिला मंत्री उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन वाराणसी ने अपनी माँगों को जायज बताया जिसका ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय व उद्धड बाल विकास वाराणसी के माध्यम से प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी को भेजने की बात कही। साथ ही कहा कि माँग पूरा नही हुआ तो काम बन्द, कलम बन्द करते हुए 30 अप्रैल को धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक मे मौसम मिश्रा, विपुल सिंह,किरन त्रिपाठी, सविता यादव, ज्योति राय,रेखा, मीना नीलम कुमारी, वृजेश,सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे। तथा संचालन गीता सिंह ने किया।

# किसानो के घर जाकर करें गेंहू खरीद :अवधेश सिंह

**बीपैक्स लगधरपुर मे अभीतक 227 कुंटल गेंहू खरीद**

**समाज जागरण वाराणसी।**

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक जौनपुर अमित कुमार पांडेय के निर्देश पर गेंहू क्रय केन्द्र लगधरपुर का निरीक्षण एडीओ रामपुर अवधेश सिंह द्वारा किया गया।k मौके पर सात किसानो से 227.50 कुंटल खरीद पाई गई। एडीओ सहकारिता ने सचिव के साथ समिति के निकटवर्ती गांवो का भ्रमण किया और किसानो से बात करके केन्द्र पर गेंहू बेचने हेतु प्रेरित किया। ग्राम चित्तापुर मे किसान छोटेलाल पटेल ने पैंतीस कुंटल गेंहू देने की बात कही जिसपर केन्द्र प्रभारी विपिन पांडेय ने किसान के घर पर गेहूं की तौल प्रारंभ करा दी। अवधेश सिंह ने सचिव तथा केन्द्र प्रभारी विपिन पांडेय को



निर्देशित किया कि स्थानीय किसानो से निरंतर संपर्क करके दो दिन के भीतर खरीद कम से कम पांच सौ कुंटल पहुंचाना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देशित किया गया कि अगले दो तीन दिनो मे मौसम विभाग की चेतावनी के दृष्टिगत गेंहू की सुरक्षा के चौकस इंतजाम सुनिश्चित करें। निरीक्षण मे केन्द्र पर बैनर , इलेक्ट्रॉनिक कांटा,झरना , पावर डस्टर और आवश्यक स्टेशनरी पाई गई। अवधेश सिंह ने केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन सुबह ससमय केन्द्र पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा मानक के अनुरूप गेंहू खरीद कर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए

**अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें**
**आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में प्रभावितों को तत्काल राहत राशि का वितरण करें**
**घायलों का समुचित उपचार कराया जाए**
**सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके**
**जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए**

लखनऊ : 18 अप्रैल, 2025 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए।

# विकास की रोशनी से रौशन हो रहा श्रीराम का प्रिय चित्रकूट

**- काशी, अयोध्या के बाद धर्मस्थल के रूप में बढ़ा चित्रकूट का क्रेज**
**- चित्रकूट के समग्र विकास के लिए चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का हो चुका है गठन**
**- पर्यटकों के लिए सुविधाओं को और बेहतर करने पर जुटी योगी सरकार**
**- पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए 50 करोड़ की मंजूरी**
**- चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे, राम वनगमन मार्ग, सतना ग्रीनफील्ड हाइवे से और बेहतर हो जाएगी कनेक्टिविटी**

लखनऊ,18 अप्रैल। कभी दस्यु गिरोहों के लिए बदनाम रहा चित्रकूट अब विकास की रोशनी से रौशन हो रहा है। यह वही चित्रकूट है जहां कभी ददुआ, ठोकिया, राधे, बबली कोल, गौरी यादव, साधना पटेल और गोप्पा जैसे दस्यु गिरोहों का समानांतर शासन चलता था। लोगों में हरदम इन दस्युओं को लेकर दहशत का माहौल था। यहां तक कि ये राजनीति को प्रभावित करने की स्थित में थे। लेकिन सीएम योगी के शासन काल में अब यह सब बीते दिनों की बात हो गई है। वनवास के दौरान भगवान श्री राम ने पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण सहित जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय बिताया था। जो चित्रकूट उनको अयोध्या से भी अच्छा लगने लगा था (अवध सहस सम बनु प्रिय लागा)। उन्होंने यहीं कोल, किरात आदि को खुद से जोड़कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इसी चित्रकूट में भरत के साथ हुआ उनका मिलन भाई-भाई के प्रेम की मिसाल बन गया। उसी चित्रकूट में वह ऋषियों और मुनियों के संपर्क में आए। कुल मिलाकर राम,लक्ष्मण और सीता के लिए चित्रकूट प्रवास का अहसास जंगल में मंगल जैसा रहा। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निजी रुचि और प्रयासों के नाते चित्रकूट एक बार फिर वैसा ही अहसास करा रहा है। त्रेता में क्या थी चित्रकूट की ख्याति त्रेता युग में चित्रकूट की ख्याति क्या थी इसका वर्णन करते हुए तुलसीदास ने रामचरित मानस में लिखा है कि जब वनवास के दौरान वह बाल्मीकि ऋषि से मिलने उनके आश्रम गए थे चलते उनको ऋषिवर ने चित्रकूट में कुछ समय गुजारने के साथ उसकी महिमा का वर्णन कुछ ऐसे किया था, "चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहँ तुम्हार सब भाँति सुपासू। सैलु सुहावन कानन चारू। करि केहरि मृग बिहग बिहारू। नदी पुनीत पुरान बखानी। अत्रिप्रिया निज तपबल आनी। सुरसरि धार नाउँ मंदाकिनि। जो सब पातक पोतक डाकिनि।। अत्रि आदि मुनिबर बहु बसहीं। करहिं जोग जप तप तन कसहीं" अब उसी चित्रकूट को योगी सरकार उसी ख्याति के अनुसार सजा और संवार रही है जिसका वर्णन करते हुए तुलसीदास ने कहा है,"चित्रकूट महिमा अमित कही महामुनि गाइ" चित्रकूट की बेहतरी के लिए योगी सरकार की ओर से किए गए कार्य चित्रकूट के समग्र विकास के लिए चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद का गठन हो चुका है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से सड़क कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। यहां की पहाड़ियों पर एक खूबसूरत एयरपोर्ट भी खुल चुका है। यह सात जिलों वाले बुंदेलखंड का पहला एयरपोर्ट है। कनेक्टिविटी बढ़ने और पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं बढ़ने से हाल में यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान उलट प्रवाह के कारण यहां ढेर सारे पर्यटक आए। आने वाले दिनों में चित्रकूट आने वाले पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। इसके मद्देनजर योगी सरकार पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं लगातार बेहतर कर रही है। पर्यटक सुविधाओं के विकास के लिए 50 करोड़ की मंजूरी 8 अप्रैल को हुई कैबिनेट की बैठक में भी इसके किए सरकार ने 50 करोड़ रुपए मंजूर किए। इस पैसे से राम वनगमन के पड़ाव स्थल पर पर्यटक सुविधा केंद्र की सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसमें करीब 12 करोड़ रुपए की लागत आएगी। एयरपोर्ट के पास देवांगना में 17.56 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटक सुविधा केंद्र बनेगा। इसी क्रम में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के विकास में 20.45 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन सभी कार्यों के लिए पहली किस्त के रूप में क्रमशः 50, 70 और 75 लाख रुपए जारी भी किए जा चुके हैं। राम के वनवास से जुड़े स्थलों, मंदाकिनी जिसका हमारे धर्मग्रंथों में खासा महत्व है। उसके घाटों खासकर रामघाट, तुलसी दास की जन्म स्थली राजापुर ,महर्षि बाल्मीकि का आश्रम लालपुर आदि का सुंदरीकरण शामिल हैं। काशी, अयोध्या के बाद धर्मस्थल के रूप में बढ़ा चित्रकूट का क्रेज उल्लेखनीय है कि काशी और अयोध्या के बाद चित्रकूट में धार्मिक पर्यटन तेजी से बढ़ा है। महाकुंभ के पहले यहां बाहर से प्रति दिन औसतन 2500 वाहन आते थे। महाकुंभ के दौरान इनकी संख्या बढ़कर 7000 के करीब हो गई। सप्ताह के अंत या छुट्टियों के दौरान करीब 14000 हजार वाहन आए। यह धर्म स्थल के रूप में चित्रकूट के बढ़ते क्रेज का प्रमाण है। इस क्रेज को ट्रिपल पी मॉडल से बना रोपवे भी पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। सिर्फ पर्यटन ही नहीं चित्रकूट को निवेश का भी हब बना रही सरकार योगी सरकार का ध्यान सिर्फ पर्यटन पर ही नहीं है, वह चित्रकूट को निवेश का भी हब बनाना चाहती है इसी मंशा से पर्यटकों के साथ निवेशकों को आकर्षित करने के लिए छह जिलों को शामिल करते हुए प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र का गठन किया गया है। इसमें प्रयागराज एवं चित्रकूट साथ फतेहपुर, बांदा, कौशांबी और हमीरपुर भी शामिल हैं। इसके गठन की घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में हुई बैठक के दौरान की थी। अयोध्या से लेकर चित्रकूट तक राम वनगमन मार्ग में पड़ने वाले हर महत्वपूर्ण स्थल का सरकार पहले से विकास करा रही। डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स में से एक चित्रकूट भी है। कुल मिलाकर योगी के कार्यकाल के दौरान चित्रकूट की चमक बढ़ी है। चल रहे विकास कार्यों के पूरा होने पर यह चमक और बढ़ेगी। पहले ही कार्यकाल से योगी का था चित्रकूट के विकास पर फोकस दरअसल, श्रीराम की देश दुनियां में स्वीकार्यता के मद्देनजर चित्रकूट को सजाने संवारने का काम 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तभी से शुरू हो गया था। रामायण कॉन्क्लेव, रामायण मेले का आयोजन, करीब 52 करोड़ रुपए की लागत से डिजिटल रामायण गैलरी एवं वॉटर स्क्रीन लेजर शो तैयार किया गया। चित्रकूट की ब्रांडिंग के लिए टूर ऑपरेटर्स का फेम टूर पैकेज की भी पहल हुई। साथ दूसरे कार्यकाल के शुरू में ही सरकार ने जिन चुनिंदा धार्मिक स्थलों पर वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाएं सृजित करने और ब्रांडिंग का लक्ष्य रखा उसमें चित्रकूट भी शामिल था। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे, राम वनगमन मार्ग, सतना ग्रीनफील्ड हाइवेसे और बेहतर हो जाएगी कनेक्टिविटी चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस वे , बुंदेलखंड को चित्रकूट को बाया प्रयागराज रीवा मार्ग से जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे से जोड़कर चित्रकूट की कनेक्टिविटी को और बेहतर किया जा रहा है। सतना से चित्रकूट को जोड़ने के लिए भी चार लेन के ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे की घोषणा केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कर चुके हैं। भारत माला परियोजना के तहत इस पर काम भी हो रहा। इससे मध्यप्रदेश और इससे आगे मुंबई तक चित्रकूट की कनेक्टिविटी और बेहतर हो जाएगी।

# महिलाओं की सुरक्षा को संबल देंगे शक्ति सदन, 10 जिलों में नये आश्रय केंद्र की जल्द होगी शुरूआत

लखनऊ, 18 अप्रैल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तीकरण और पुनर्वास को लेकर शक्ति सदन के संचालन की योजना अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। 'मिशन शक्ति' योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 10 जनपदों में ॄशक्ति सदनॄ की स्थापना की जा रही है, जो संकटग्रस्त, घरेलू हिंसा से पीड़ित, आपदा प्रभावित और अन्य असहाय महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होंगे। इन केंद्रों का योगी सरकार जल्द शुरूआत करने जा रही है। इसके संचालन की दिशा में आगे बढ़ते हुए योगी सरकार द्वारा 127.72 लाख रुपये की धनराशि भी

# ममता सरकार को बर्खास्त कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू हो--राकेश शरण मिश्र

**- हिंदूओ पर हो रही हिंसा और उनके पलायन को रोकने के लिए कठोर कारवाई करें केंद्र सरकार**

**- संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधान मंत्री मोदी को लिखा पत्र**



**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के प्रति हो रही हिंसा एवं अमानवीय घटनाओं को रोक लगाने की अपील की है।

श्री मिश्र ने पत्र में लिखा है पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जनपद में ममता बनर्जी सरकार के सह पर एक विशेष वर्ग द्वारा हिंदु परिवारों पर लगातार जबरदस्त एवम भयावह अत्याचार,मार काट, कत्ल एवम घर जलाए जाने की हिंसक खबरे विगत कई दिनो से समाचार पत्रों एवम सोशल मीडिया पर पढ़ने को मिल रही है जो बहुत ही पीड़ादायक है। ममता बनर्जी सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने में बुरी तरह फेल कर चुकी है। इसलिए आप से सादर अनुरोध करता हूं कि हिंदुओ पर हो रहे अमानवीय अत्याचार को रोकने के लिए एवम इसके दोषियों के विरुद्ध कठोर से कठोर कारवाई करने के लिए पश्चिम बंगाल में जल्द से जल्द राष्ट्रपति शासन लागू करने की कृपा करे। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि माननीय प्रधान मंत्री जी पश्चिम बंगाल की जो स्थिति हो गई है अगर इस पर जल्द प्रभावी करवाई नही की गई तो पश्चिम बंगाल से हिंदुओं का पूरी तरफ पलायन हो जाएगा और जो हाल 1990 में कश्मीर में हिंदुओं का किया गया था वही हाल आज पश्चिम बंगाल में होने से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए आप इस मामले पर तत्काल कठोर फैसला लेते हुए पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू करें एवं वहां की अनियंत्रित स्थिति को नियंत्रित करने की कृपा करें जिससे हिंदुओ के अस्मिता एवम उनके सम्मान की सुरक्षा हो सके।

# एक युवक को चाकु मारकर किया हत्या, आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

**शिव प्रताप सिंह/ दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। रामपुर बारकोनिया क्षेत्र के पथरहिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां 17 वर्षीय एक किशोर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भी मृतक के गांव का ही रहने वाला है। घटना के बाद चरका पहाड़ी मिले शव की सूचना पर ग्रामीण और मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से हत्या में शामिल आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि यह हत्या बहन को छेड़ने के कारण हुई, पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। घटना को लेकर परिजनों ने बताया हमारा घर बन रहा था लड़का दिन भर वहां काम करके थक कर घर पर सो गया। विजय नामक लड़के ने आर्केस्ट्रा देखने के बहाने हमारे लड़के को बुला कर अपने साथ ले गया। रात में हमलोग सोने की तैयारी में थे ही कि घटनास्थल के आसपास के लोगों द्वारा 10-11बजे रात में जानकारी दी गई की आपका लड़का वहां पहाड़ पर गिरा पड़ा है। विजय नाम का लड़का लड़के के साथ ही रहता था। कैसे घटना किया इसकी जानकारी नहीं। घटना के बारे में जो बताया जा



रहा है लड़की का मामला वह गलत है। लड़की का कोई मामला है ही नहीं। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने हत्या की घटना के बारे में बताया कि रामपुर बरकोनिया थाने के डोमरिया ग्राम में अर्जुन चौहान नाम के लड़के द्वारा करम चंद की चाकू मार के हत्या कर दी। घटना के पीछे का कारण, करमचंद अर्जुन की चचेरी बहन को काफी दिनों से छेड़ता था अर्जुन की बहन ने केवल इस बात की जानकारी अर्जुन को दी थी और अपने मां-बाप तक को नहीं बताया था। अर्जुन ने इस बात को लेकर कई बार करमचंद को आगाह किया था लेकिन वह माना नहीं कल रात सिगरेट पीने के बहाने अर्जुन ने करमचंद को बुलाया और चाकू मार करके उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मुलजिम को गिरफ्तार करके आगे की विवेचनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस चला रही महिला जागरूकता व सशक्तिकरण का अभियान

**दैनिक समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह।**

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।



# लोजपा महिला मोर्चा प्रधान महासचिव का किया गया जोरदार स्वागत।

**संवाददाता विनोद कुमार सिंह। दैनिक समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। नगर के सेक्टर सी हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को दोपहर लगभग एक बजे वनवासी समाजिक विकास समिति डाला का एक बैठक की आहुति दी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभा सूर्या सिंह लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव महिला मोर्चा सामिल रहीं। जहा सर्व प्रथम मुख्य अतिथि प्रतिभा सूर्या सिंह एव आरती राय जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा वाराणसी का जोरदार भव्य रूप से स्वागत किया गया वहीं बैठक के दौरान वनवासी सामाजिक विकास समिति डाला के अध्यक्ष मदन प्रसाद अग्रहरि व संरक्षक लक्ष्मण कुशवाहा द्वारा मलिन बस्ती आबाद कैसे रहें उसको लेकर गहन विचार-विमर्श कर होने वाले समस्या से विस्तार पूर्वक अवगत करवाया गया इसके साथ ही वनवासी समाजिक विकास समिति द्वारा प्रत्रक के रूप में ज्ञापन सौंपा गया वहीं दूसरे तरफ नगर में एक भी सरकारी इण्टर कालेज, सरकारी अस्पताल, बनवाएं जानें की मांग उठाई गई। उसी क्रम में अल्ट्राटेक सीमेंट आवासीय परिसर में स्थित आदित्य बिड़ला इण्टर कालेज में पढ़ने वाले बच्चों को पत्थरीले व जंगल वाले रास्ते को लेकर बात रखी गई। जहा प्रधान महासचिव महिला मोर्चा ने मलीन बस्ती की महिलाओं से रू-ब-रू हुईं उनकी तमाम समस्याओं को सुनी जिसके उपरांत प्रतिभा सूर्या सिंह लोजपा महिला मोर्चा प्रधान महासचिव ने आश्वासन देते हुए कहा कि हम आप सभी के बस्ती की लड़ाई में सदैव साथ रहेंगे और आपकी समस्याओं को प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री व लोजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान तक बात पहुंचाने का प्रयास करेंगे। अल्ट्राटेक कंपनी द्वारा नगर में आएं दिन फैलाएं जा रहें वायु प्रदूषण व दुर्गंध को लेकर केन्द्रीय पर्यावरण विभाग को बहुत ही जल्द अवगत करवाया जायेगा। इस दौरान बबून्दर पाठक रामदयाल गौतम मोहित पाठक, रिंकु गुप्ता किरन यादव नागेन्द्र पासवान चंपा देवी सरस्वती देवी शांति देवी शकुंतला देवी प्रमिला देवी चंदा देवी रेखा पटेल तमाम लोग शामिल हुए।

# विद्युत नगरी ओबरा में पीसीएल उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रही सुचारु रूप से बिजली

## रोजाना लो वोल्टेज समस्या, एक फेस से परेशान उपभोक्ता त्रस्त, कर्मचारी मस्त

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**




ओबरा/ सोनभद्र। विद्युत नगरी ओबरा में चिराग तले अंधेरा यह कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है। एशिया के सबसे बड़े पावर प्लांट में से एक ओबरा नगर में स्थित है लेकिन यह केवल नाम का है, ओबरा नगर में हजारों मेगावाट का विद्युत उत्पादन होने के बावजूद यहां के पीसीएल उपभोक्ता को बिजली की भी सुविधा नहीं मिल पाती। हालात ये है कि सुविधा के नाम पर केवल यहां का उपभोक्ता परियोजना से निकलने वाला धुआं और प्रदूषण झेल रहा है। बताते चले कि ओबरा तहसील मुख्यालय भी है, यहां पर प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गौड़ का गृह क्षेत्र भी है, मगर ये सब केवल नाम मात्र साबित हो रहा है।

लगातार पीसीएल विभाग में फाल्ट के नाम पर हो रही विद्युत कटौती से उपभोक्ता त्रस्त हो चुके है। आए दिन फाल्ट के नाम पर कभी 12 घंटे तो कभी 24 घंटे बिजली गायब रहती है। अभी गर्मी की शुरूआत हुई है और विद्युत विभाग ने अपना रूख दिखाना शुरू कर दिया। घरों में लग रहे स्मार्ट मीटर कहने को है कि सब कुछ स्मार्ट हो रहा है मगर विद्युत व्यवस्था वही पुरानी जर्जर स्थिति से उबरने का नाम नहीं ले रही।

गुरुवार को ओबरा नगर में सेक्टर 10 सब स्टेशन से होने वाली आपूर्ति में मुख्य बाजार चूड़ी गली की विद्युत सप्लाई अचानक 11 बजे रात्रि से एक फेस गायब हो गई जो पूरी रात गायब रही, कुछ उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से सम्पर्क कर जानकारी दी तो संबंधित क्षेत्र के विद्युत संविदा कर्मी ने ये कहकर फोन काट दिया कि रात में कुछ नहीं हो सकता रात्रि में कोई स्टॉप नहीं है विद्युत व्यवस्था ठीक करने के लिए अब जो भी होगा सुबह होगा। जिससे भीषण गर्मी में रात भर सैकड़ों घरों में सप्लाई बाधित रही। आए दिन हो रहे इस प्रकार की समस्या से उपभोक्ता ट्रस्ट है। बतातें चले की गर्मियों में एसी कई घरों में अवैध रूप से लगे होने के कारण सप्लाई ट्रिप करती रहती है और लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। ऐसे में सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों सहित ऑफिस आदि कार्य के लिए जाने वाले कर्मचारी परेशान रहे और विद्युत विभाग के अधिकारियों को कोसते रहे। यह हाल एक दिन का नहीं लगभग आए दिन फाल्ट के नाम पर घंटों कटौती कर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से, दुकान एवं घर का सारा सामान जलकर खाक

**संवाददाता आदिवासी सुनील त्रिपाठी। दैनिक समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। शुक्रवार को जुगैल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोरिया में एक दुकान पर अचानक आग लगने से दुकान एवं घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। जैसे ही इस बात की जानकारी लोगों को हुई तो मौके पर पहुंचकर किसी प्रकार से आग पर काबू पाया गया जब तक फायर ब्रिगेड को सूचना किया जाता तब तक सारा सामान जलकर खाक हो गया लोगों का कहना है कि दुकान में लगभग 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है उनके दुकान पर सुई से लेकर सोने तक का सामान बिकता था जो सब जलकर राख हो गया पूरे परिवार का रो रो के बुरा हाल हो गया है। वहीं पिड़ित दुकानदार सेवक सोनी पुत्र रामकिशुन सोनी का कहना था कि आग कैसे लगी कुछ समझ में नहीं आया जबतक कोई कुछ कर पाता आग बिकराल रुप ले ली दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।



# चकबंदी समिति की आवश्यक बैठक हुई संपन्न।

**सरफुद्दीन संवाददाता सलखन/ दैनिक समाज जागरण**

सलखन/ सोनभद्र। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत मारकुंडी टोला अवई



प्राथमिक विद्यालय शुक्रवार को चकबंदी समिति सदस्यों की आवश्यक बैठक प्रधान उधम सिंह यादव समिति के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

उक्त सम्बंध में प्रधान ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चकबंदी समिति सदस्यों की बैठक में मुख्य रुप से बताया गया कि चकबंदी में सर्वप्रथम सभी भूमि की स्थली पड़ताल प्रारंभ गाटा संख्या 1 से अंत तक किया जायेगा।प्रत्येक गाटे के रसीद समुनियो का विवरण अभिलेखों में भी अंकित किया जायेगा। इस सम्बंध में सभी उपस्थित सदस्यों व ग्रामीणों को भी अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर मुख्य रुप से रामविलास, चंद्रिका, अनिल भाष्कर, सजीवन, विजयमल, आशा, सत्यदेव, बी पी गौतम, मनोज, कुलदीप इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# अधिवक्ता पर जानलेवा पिटाई के आरोपी पुलिस कर्मी को तत्काल निलंबित करें मुख्यमंत्री --राकेश शरण मिश्र

**- नैनी के अधिवक्ता आदर्शन मिश्र को पीटने वाले चौकी इंचार्ज के विरुद्ध कठोर कारवाई की मांग**

**- संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री व प्रदेश के पुलिस कमिश्नर को लिखा पत्र**

**- अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम जल्द लागू करने हेतु पुनः की माँग**



**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। दो दिन पूर्व प्रयागराज जनपद के औद्योगिक क्षेत्र नैनी में अधिवक्ता आदर्शन मिश्र को चौकी इंचार्ज संजीव कुमार द्वारा बुरी तरह पीटने की घटना की जानकारी होते ही जनपद प्रयागराज सहित प्रदेश के अधिवक्ता संघों एवम अधिवक्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। पुलिस द्वारा बेवजह अधिवक्ता आदर्शन मिश्र की जान लेवा पिटाई की घटना की जानकारी होते ही संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ एवम प्रदेश के उच्च पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल दोषी पुलिस अधिकारी पर कठोर से कठोर कारवाई करने हुए निलंबन की मांग की है।

संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर थाने में अधिवक्ता आदर्शन मिश्र की जानलेवा पिटाई करने वाले आरोपी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कारवाई की माँग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में आए दिन अधिवक्ताओ पर हो रहे प्राणघातक हमले से अधिवक्ताओ में भय ब्याप्त हो गया है और अधिवक्ताओं पर आए दिन होने वाले हमले इस बात का प्रमाण है कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ना तो प्रदेश सरकार और ना ही उत्तर प्रदेश की पुलिस के पास कोई कार्य योजना है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने माननीय मुख्यमंत्री जी से माँग किया है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जाँच करवाकर घटना में संलिप्त पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कारवाई करें अन्यथा प्रदेश के अधिवक्ताओ को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। साथ ही गंभीर रुप से घायल अधिवक्ता संजीव कुमार के इलाज हेतु आर्थिक सहयोग धनराशि को भी तुरंत देने की मांग की है। इसके अलावा श्री मिश्र ने एक बार पुनः माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उत्तर प्रदेश में जल्द से जल्द अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की पुरजोर माँग करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने से आए दिन प्रदेश के अधिवक्ताओ पर हो रहे जानलेवा हमलों में बहुत कमी आएगी और प्रदेश के अधिवक्ताओ की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

# करमा पुलिस ने चोरी प्रकरण में अभियुक्तों को किया गिरफतार कब्जे से चोरी की बैटरी को किया बरामद।

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र। दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र (ऑपरेशन) व क्षेत्राधिकारी घोरावल के कुशल नेतृत्व में जनपद सोनभद्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करमा पुलिस द्वारा दिनांक -17.04.2025 थाना करमा पर ट्रैक्टर आइसर कम्पनी में लगा पावर जोन कम्पनी की बैटरी चोरी हो जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-44/2025 धारा-305 बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर अभियुक्त 1.आकृत सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी जोगिनी थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 25 वर्ष व चोरी की बैटरी खरीदने वाले दुकानदार/अभियुक्त माता प्रसाद सिंह पुत्र चुल्ला सिंह निवासी इमलीपुर फुलवारी थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 45 वर्ष को चोरी की बैटरी के थाना आज दिनांक 18.04.2025 को समय करीब 14.00 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दोनो अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा गया।

# जिलाधिकारी मिजार्पुर एवं मझवा विधानसभा की विधायक सुष्मिता मौर्य ने बजहा ग्राम सभा का किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण जिला रिपोर्टर संतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डु**

समाज जागरण मिजार्पुर आज दिनांक के 18 4 2025 दिन शुक्रवार को मझवा विधानसभा के ग्राम सभा ब ज हां मैं विधानसभा की विधायक सुष्मिता मौर्य एवं जिलाधिकारी मिजार्पुर प्रियंका निरंजन के द्वारा गांव सभा का निरीक्षण किया गया गांव सभा की जनता की काफी दिनों से मांग है कि आदर्श नगर पंचायत कछुआ की जो गंदा पानी हमारे ग्राम सभा में आकर के लगभग सैकड़ो बीघा जमीन खेती योग्य बर्बाद हो रही है काफी संख्या में किसान परेशान है आए दिन गांव सभा की जनता कहीं मुख्यमंत्री पोर्टल कहीं तहसील दिवस कहीं थाना दिवस का चक्कर लगाते लगाते थक चुकी है क्योंकि अभी हाल ही में पूर्व आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा के द्वारा निरीक्षण किया गया था और मौके पर जनता को अवगत कराया गया था कि जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा अगर गांव सभा में कहीं भी जमीन उपलब्ध हो जाए तो एसटीपी प्लांट का निर्माण कर पानी जो गंदा आ रहा है उसे साफ सुथरा कर खेती के सिंचाई के योग्य बनाया जाए इस लेकिन काफी दिन व्यतीत होने पर जनता निराश होकर के अभी हाल ही में जनपद में माननीय मुख्यमंत्री जी का आगमन हुआ था उसे दरमियां भी उन्हें अष्टभुजा गेस्ट हाउस में अवगत करा दिया गया था कल माननीय कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी को अवगत कराया गया इस परिपेक्ष में मनी कृषि मंत्री के दिशा निर्देश पर माननीय विधायक एवं जिला अधिकारी मिजार्पुर प्रियंका निरंजन के द्वारा आज गांव सभा में पहुंचकर इसके निराकरण के लिए विचार विमर्श किया गया जल्द ही कुछ ना कुछ निराकरण होगा किसानों को राहत मिलेगी इस अवसर पर एसडीएम सदर गुलाबचंद द्वितीय तहसीलदार नायक तहसीलदार कानून को लेखपाल की पूरी टीम लेकर के जिलाधिकारी मौके पर आई थी और जनता जनार्दन को स्पष्ट किया है कि आप सभी के समस्या का जल्द समाधान निकाला जाएगा जनता की मांग है हम सभी काफी दिनों से परेशान हैं हम सभी किसान की समस्या का अगर निदान अब नहीं होगा तो हम सभी जनता किसान सभी लोग माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के समक्ष उपस्थित होंगे जबकि इस मैटर को हमारे क्षेत्र की विधायक सुष्मिता मौर्य द्वारा विधानसभा में भी उठाया जा चुका है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है अब हम सभी किसान भाई काफी दिनों तक अपनी खेती योग्य जमीन की बबार्दी होते तंग आ चुके हैं अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम सभी लखनऊ चलकर के आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे इस अवसर पर ओम नारायण सिंह राकेश कुमार सिंह दीपक कुमार उपाध्याय पवन कुमार उपाध्याय लक्ष्मी शंकर पांडे राधेश्याम उपाध्याय भारत गैस एजेंसी के मलिक बच्चे लाल यादव छोटे लाल यादव पांचो पाल दया शंकर पासी सच्चे लाल पटेल नागेश उपाध्याय छोटेलाल राम पासी मंडल अध्यक्ष कछुआ पवन कुमार उपाध्याय मंडल अध्यक्ष मझवा आकाश कुमार राय विनोद कुमार सिंह मलिक बबलू सिंह धीरज सिंह धीरेंद्र सिंह बाबा सिंह ब दो त्रिभुवन नारायण सिंह इत्यादि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे

# आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सोनभद्र की अध्यक्षता में आकांक्षी जनपद एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक विकास से जुड़े सूचकों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों केजनपद एवं ब्लॉकस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी महोदय ने समीक्षा के दौरान कहा कि आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत सभी सूचकों पर लगातार निगरानी रखते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कृषि से संबंधित जिन सूचकों की प्रगति वर्तमान में राज्य के औसत से नीचे है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारते हुए राज्य औसत से बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए।

**स्वास्थ्य एवं पोषण:**

गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषाहार की उपलब्धता, बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण एवं पोषण स्तर में सुधार पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र गर्भवती महिला पोषाहार से वंचित न रहे। साथ ही, कुपोषण के सूचकों पर विभागीय एक्शन प्लान के अनुसार निरंतर कार्य करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि रोस्टर के अनुसार 30 से अधिक आयुवर्ग के लोगों का हाइपरटेंशन और शुगर की जांच करे और उन्हें स्वस्थ दिनचर्या, भोजन एवं उपचार के लिए प्रेरित करें।

शिक्षाः बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि गणित एवं भाषा विषयों में छात्रों के प्रदर्शन में सुधार , छात्र शिक्षक अनुपात युक्त विद्यालयों की संख्या बेहतर करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। परीक्षा परिणामों में उत्कृष्टता लाने के लिए स्कूलों में विशेष कक्षाएं एवं साप्ताहिक मूल्यांकन पर बल दिया गया। कक्षा 8 से प्रोन्नत सभी छात्रों को नजदीकी राजकीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में नामांकित किया जाए। कोई भी छात्र उच्च शिक्षा से वंचित न रहे और उनका अधिगम स्तर भी बेहतर करने के लिए उपचारात्मक शिक्षण और ब्रिज कोर्स संचालित किए जाएं।

कृषिः कृषि विभाग को मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड वितरण, फसल बीमा योजना की कवरेज, एवं माइक्रो सिंचाई व्यवस्था में सुधार हेतु व्यापक जनजागरूकता एवं लक्ष्य आधारित कार्य योजना बनाने को कहा गया। मृदा स्वास्थ कार्ड के लिए उन किसानों को सम्मिलित करें जिनके भूमि का परीक्षण 2 वर्ष से अधिक समय पहले हो चुका है।

सामाजिक विकास एवं आधारभूत अधोसंरचना से जुड़े अन्य सूचकों पर भी चर्चा की गई और सभी संबंधित विभागों को आगामी समीक्षा बैठक तक संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि जनपद सोनभद्र में आकांक्षी कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके एवं जीवन स्तर में सुधार हो सके।

# खजुरी में माउंट मिनरल वाटर का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

## तदोपरांत बिजली विद्युत संविदा कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा

**विनोद कुमार सिंह/ दैनिक समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। शुक्रवार को कस्बे से लगे खजुरी गांव स्थित माउंट मिनरल वाटर केंद्र अमवार रोड खजुरी का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने फीता काटकर किया।

माउंट मिनरल वाटर के उद्घाटन पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष नंदलाल ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण सुविधा है जो लोगों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल प्रदान करेगी। उन्होंने कहा की कुछ समय पहले जल को लेकर काफी बीमारियां हुआ करती थी लेकिन जब से लोगों में जागरूकता आया तब से आम लोगों के द्वारा शुद्ध और साफ मिनरल वाटर फिल्टर पानी सेवन किए जाने के कारण तमाम बीमारियों से छुटकारा मिला और मिल रहा है। ऐसे में आम लोगों को चाहिए कि हमेशा शुद्ध और साफ पानी का सेवन करें जिससे जीवन पूरी तरह से सुरक्षित और निरोग हो।दूषित पानी तमाम तरह के शरीर में बीमारियों को उत्पन्न करता है और विभिन्न बीमारियों से ग्रसित करता है अगर शुद्ध साफ पानी पिया जाएं तो लोगों को बीमारियों से हमेशा के लिए निजात मिलेगा । अंत में आयोजकों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

माउंट मिनरल वाटर के आयोजक राकेश कुमार व दीपक जायसवाल ने संयुक्त रूप से सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

तत्पश्चात जिलाध्यक्ष को पवार कार्पोरेशन के संविदा कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा, प्रदेश शासन के नाम संबोधित दिए ज्ञापन में संविदा कर्मचारियों ने बिजली निजीकरण का विरोध किया और इसे रोकने की मांग की। साथ ही संविदा कर्मचारियों ने जिला अध्यक्ष से अनुरोध किया कि उन्हें उनके पदों से न हटाया जाए और उनकी सेवाओं को नियमित किया जाए। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शाह रामेश्वर राव पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह उर्फ बबलू राजन चौधरी शम्भु गुप्ता जानकी प्रसाद गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बरेली में भी मेरठ जैसी वारदात : पत्नी और उसके प्रेमी ने घोंटा था संविदा सफाई कर्मी का गला, दोनों भेजे गए जेल

- प्लान के तहत घटना को दिया अंजाम, पत्नी ने खाने में मिलाकर खिलाई थीं नशे की गोलियां

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**





बरेली। बरेली के थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने नगर पंचायत के संविदा सफाई कर्मचारी केहर सिंह की मौत की गुत्थी सुलझा ली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि केसर सिंह ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उसकी गला घोंटकर हत्या करने के बाद आत्महत्या का रूप देने को शव को फंदे पर लटकाया गया था। हत्यारोपी कोई और नहीं, बल्कि मृतक की पत्नी रेखा और उसका प्रेमी पिंटू हैं। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

संविदा सफाई कर्मचारी केहर सिंह का शव 13 अप्रैल को कमरे में रस्सी के सहारे फंदे पर लटका मिला था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ने के बाद शव नीचे उतारा था। इसलिए पुलिस आत्महत्या का मामला मान रही थी। मगर मृतक के भाई अशोक सिंह ने हत्या का शक जताया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस को भी अशोक सिंह की बातों पर यकीन हो गया।

**प्लान के तहत घटना को दिया अंजाम, पत्नी ने खाने में मिलाकर खिलाई थीं नशे की गोलियां**

मृतक के भाई का आरोप है कि केहर सिंह की पत्नी के पिंटू सिंह नाम के युवक से अवैध संबंध हैं। इन दोनों के संबंधों की जानकारी केहर सिंह को हो गई थी, जिसकी वजह से इन दोनों ने उसे रास्ते से हटाने का प्लान तैयार कर लिया। साजिश के तहत पत्नी ने शाम को खाने के साथ केहर सिंह को नींद की गोलियां खिला दी थीं, जिससे वह रात को बेसुध होकर सो गया। सोते समय रस्सी से उसका गला घोंटा और आत्महत्या दर्शाने के लिए शव को फंदे पर लटका दिया।

**भाई ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी पर लिखाई एफआईआर**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मामला आत्महत्या के बजाय हत्या जैसा निकाला तो पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस ने केहर सिंह के भाई अशोक कुमार की तहरीर पर आरोपी रेखा और पिंटू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरूआत में रेखा टालमटोल करती रही, लेकिन पुलिस के थोड़ी सख्ती करने पर वह टूट गई। पुलिस को रेखा ने बताया कि उसने खाने में जहर मिलाया था। फिर प्रेमी पिंटू के साथ मिलकर केहर सिंह का गला घोंट दिया और आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पंखे पर लटका दिया।

**मृतक की पत्नी और उसका प्रेमी भेजे गए जेल**

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि मृतक की आरोपी पत्नी रेखा और उसके प्रेमी पिंटू को राजश्री मेडिकल कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया गया है। लिखा पढ़ी के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया।

# आलोचक मधुरेश के साहित्यिक अवदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 20 को

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**




बरेली। हिंदी आलोचना के शिखर पुरुष, बरेली की विभूति मधुरेश के छह दशकों के अनवरत साहित्यिक अवदान पर 20 अप्रैल को रोटरी भवन में राष्ट्रीय साहित्यिक संगोष्ठी भारतीय पत्रकारिता संस्थान तथा मानव सेवा क्लब के संयुक्त तत्वावधान में होगी।इस साहित्यिक संगोष्ठी में लखनऊ के वरिष्ठ साहित्यकार शैलेंद्र सागर, मुक्तेश्वर, उत्तराखंड के डॉ. कर्ण सिंह चौहान, दिल्ली की वरिष्ठ साहित्यकार डा. साधना अग्रवाल, जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार हरिशंकर शर्मा सहित अनेक विद्वान मधुरेश के आलोचना-कर्म पर प्रकाश डालेंगे।क्लब के कहरवान स्थित कार्यालय पर शुक्रवार को हुई प्रेस वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में जानकारी देते हुए, मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम में मधुरेश की सद्यः प्रकाशित चार पुस्तकों कथा वार्ता, सीढ़ियों पर उपन्यास, अपनों के बीच तथा राजेंद्र यादव और मन्नू भंडारी पर केंद्रित ह्यतोता मैना की कहानीह्न का विमोचन भी होगा।

उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी 1939 को बरेली में जन्मे मधुरेश 1962 से आलोचना के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। उनकी अब तक 70 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें हिंदी आलोचना का विकास, हिंदी कहानी का विकास, हिंदी उपन्यास का विकास, आलोचना का संकट, समय समाज और उपन्यास, , होना भीष्म साहनी का, शिनाख्त, अमृत लाल नागरः व्यक्तित्व और रचना संसार, ,ऐतिहासिक उपन्यासः इतिहास और इतिहास द्दृष्टि काफी चर्चित हुई हैं। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से मानव सेवा क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, महासचिव प्रदीप माधवार, डा.अवनीश यादव, रणजीत पांचाले, इन्द्रदेव त्रिवेदी तथा देवेन्द्र उपाध्याय उपस्थित रहे।

# मुन्नी की फेर में उलझी पुलिस! बेकसूर महिला को भेजा जेल, पता चला तो पैरों तले खिसकी जमीन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**







बरेली । परसाखेड़ा चौकी प्रभारी की लापरवाही से एक बेकसूर महिला को पांच दिन बिना जुर्म के जेल में रहना पड़ा। बिजली चोरी का वारंट जिसके नाम जारी हुआ, पुलिस ने उसी नाम की दूसरी महिला को जेल भेज दिया। बाद में उसे जेल से बाहर निकालने की पैरवी शुरू की गई। पांच दिन बाद गुरुवार को महिला जेल से बाहर आई। एसएसपी ने एसपी सिटी को जांच देकर रिपोर्ट मांगी है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के परसाखेड़ा चौकी में आने वाले बंडिया गांव की रहने वाली मुन्नी देवी को 13 अप्रैल को पुलिस बिजली चोरी के मुकदमे में वारंट होने की बात कहकर ले गई। जबकि मुन्नी देवी पुलिस से गुहार लगाती रही कि उनके खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं है। पुलिस ने एक नहीं सुनी और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। बिजली चोरी की रिपोर्ट में गिरफ्तारी वारंट गांव की ही रहने वाली मुन्नी पत्नी छोटे शाह के नाम से जारी हुआ था। परसाखेड़ा चौकी इंचार्ज सौरभ यादव ने गांव की ही मुन्नी देवी पत्नी जानकी प्रसाद को जेल भेज दिया।

**पांच दिन रहना पड़ा जेल के अंदर**

मुन्नी के परिजनों ने उन्हें बेगुनाह बताते हुए बिजली विभाग से लेकर पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस को गलती का पता लगा और महिला को छुड़ाने की कार्रवाई की। महिला के बेटे राकेश ने बताया कि पुलिस की लापरवाही से उसकी मां को बिना जुर्म के पांच दिन जेल में रहना पड़ा।

**चौकी प्रभारी पर लगाया आरोप**

मुन्नी पत्नी छोटे शाह की जगह मुन्नी देवी पत्नी जानकी प्रसाद को गिरफ्तार करने वाले चौकी इंचार्ज सौरभ यादव पर आरोप लगाया गया कि दोनों महिलाओं के नाम में अंतर है वहीं दोनों के पति के नाम अलग हैं फिर भी बिना जांच किए निर्दोष महिला को जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी का कहना है कि जानकारी के बाद महिला की पैरवी कर जेल से बाहर निकलवा दिया गया है। बहरहाल जिस महिला का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था उसकी हाथों हाथ जुमार्ना जमा करने के बाद जमानत हो गई। मुन्नी देवी का कोई जुर्म नहीं होने के बाद भी पांच दिन जेल में रहना पड़ा।

**रिपोर्ट भेजकर कराई महिला की जमानत**

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि वारंट में पति का नाम स्पष्ट नहीं होने के चलते ऐसा हुआ है। पुलिस के पूछने पर महिला ने भी बताया था कि बिजली का बिल जमा नहीं हुआ है। कोर्ट में रिपोर्ट भेजकर महिला की बेल करा दी गई है। एसपी सिटी को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है।

# जनपद मिजार्पुर के विभिन्न ब्लाकों में दो-दो ग्राम सभा में लगा चौपाल

**दैनिक समाज जागरण जिला रिपोर्टर संतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू**



समाज जागरण मिजार्पुर आज दिनांक 18 4 2025 दिन शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत मजावा के ग्राम सभा गढ़वाली एवं ग्राम सभा मझवा में लगा ग्राम चौपाल ग्राम चौपाल में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा सभी जनता जनार्दन से अपील किया गया कि आप सभी लोग अपने-अपने अगल-बगल लोगों को अवगत करा दे की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हर पंचायत भवन पर चल रहा है ग्राम विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह एवं ग्राम पंचायत अधिकारी प्रीति सिंह के द्वारा अपने अपने गांव सभा में चौपाल में सभी को अवगत करा दिया गया है कि आप सभी लोग अपने-अपने पंचायत भवन पर उपस्थित होकर अपना-अपना फैमिली आईडी अवश्य बनवा ले नहीं आगे चलकर आप सभी को काफी दिक्कतें उत्पन्न होंगे चौपाल में जनता के द्वारा आवास एवं शौचालय की मांग की गई दोनों गांव स्वभाव में सभी सेक्रेटरी 100 समय उपस्थित होकर के फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कंप्लीट कर ले और जिन लोगों का जन्म या मृत्यु से संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र बनवाना है तो वह सभी लोग 21 दिन के अंदर अपने-अपने ग्राम सचिवालय पर जाकर के अवश्य बनवा ले अन्यथा की स्थिति में काफी दिक्कतें उत्पन्न होगी ग्राम सभा मझवा में चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अनिल कुमार ने किया ग्राम सभा गढ़वाली में प्रधान पति सुरेश कुमार कनौजिया ने अध्यक्षता की मजावा का संचालन ग्राम विकास अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने किया ग्राम सभा का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी प्रीति सिंह के द्वारा किया गया

# हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में परशुराम सेना ने ममता बनर्जी का फूंका पुतला

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार हत्याओं के विरोध में परशुराम सेना ने सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में कार्यकर्ता इकट्ठे होकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला चौकी चौराहा पर फूंका और ममता बनर्जी मुदार्बाद के नारे लगाए।

परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने बताया पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर बर्बरता, अत्याचार व हिन्दुओं की हत्याओं से आहत होकर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी का कड़ा विरोध किया और ममता बेनर्जी मुरदाबाद के नारों के साथ जय ममता बेनर्जी का पुतला दहन किया गया। जय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पाकिस्तान, बंगलादेश की भाषा बोल रही है और हिन्दुओं पर अत्याचार करवा रही हैं। जिसका जय परशुराम सेना कड़ा विरोध करती है। मुरशिदाबाद में हुए हिंसक प्रदर्शन से स्पष्ट होता है कि यह ममता सरकार द्वारा संयोजित दंगा था, जिसे ममता बनर्जी द्वारा कराया गया है। ममता बनर्जी शुरू से ही हिन्दुओं के प्रति नकारात्मक विचार रखती हैं व हिन्दुओं पर अत्याचार करती आ रही हैं। हम महामहिम राष्ट्रपति से मांग करते हैं तत्काल ही पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

प्रदर्शन के दौरान ऐडवोकेट जयपाल सिंह कश्यप,अमित गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सोनेलाल शुक्ला, महेश कुमार, राजकुमार गुप्ता, अंकित चौधरी, पंचम अजय भगवान दास आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ के बाद चार शातिर बदमाश गिरफ्तार, चोरी के पुराने मामले का पदार्फाश

- सुनार की दुकान से की थी लाखों की चोरी
- बड़ी मात्रा में माल और हथियार बरामद

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। बीती रात चोरी की योजना बना रहे चार बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया।

थाना मीरगंज व एसओजी टीम ने चोरी की योजना बना रहे अन्तर-जनपदीय गैंग के 4 शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया एक अभियुक्त मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 14,210 रुपए, सिल्वर कलर धातु लगभग एक 1 किलो 79 ग्राम चांदी व गोल्डन कलर की जेवर धातु लगभग 20 ग्राम सोना ,एक तमन्चा व एक जिन्दा व एक खोखा कारतूस, महिन्द्रा कार काला बिना नम्बर, 2 मोबाइल अन्य सामान बरामद हुआ।

**सुनार की दुकान से की थी लाखों की चोरी**

पूछताछ में बदमाशों ने कबूला कि करीब 9 महीने पहले उन्होंने ग्राम सिधौली में एक सर्राफ की दुकान से बड़ी चोरी की थी। चोरी की इस वारदात में असरुद्दीन के अलावा निसार, चिरागुद्दीन, रियाजुद्दीन उर्फ भूरा और दिलशाद भी शामिल थे। चुराए गए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी को हमजा ज्वेलर्स और मुकीम सुनार को बेच दिया गया था।

**बड़ी मात्रा में माल और हथियार बरामद**

पुलिस को तलाशी के दौरान बदमाशों के पास से 14,210 रुपये नकद, एक किलो 79 ग्राम चांदी, 20 ग्राम सोना, एक तमंचा, एक महिंद्रा कार और दो मोबाइल फोन मिले। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान असरुद्दीन, रुखसत उर्फ बिहारी, कादिर और हरिओम के रूप में हुई है। सभी आरोपी फतेहगंज पूर्वी और सुभाष नगर थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

**आपराधिक रिकॉर्ड से भरे पड़े हैं पन्ने**

गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ बरेली और शाहजहांपुर के अलग-अलग थानों में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इन पर चोरी, लूट और नकबजनी जैसी संगीन धाराओं में मामले चल रहे हैं।

**कई थानों की पुलिस ने मिलकर चलाया ऑपरेशन**

इस संयुक्त ऑपरेशन में मीरगंज थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह के नेतृत्व में दरोगा हरकिशोर मौर्य, सूरजपाल सिंह, राजवीर सिंह, जयप्रकाश सिंह, नवरत्न सिंह और उरवीर सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# नकली फोन पे से दुकानदारों को लगाते थे चूना, दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरा फरार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने किया खुलासा फर्जी PhonePe ऐप से दुकानदारों को लगा रहे थे चूना, दो गिरफ्तार बरेली फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने एक फर्जी पेमेंट ऐप का इस्तेमाल कर दुकानदारों को ठगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी मेडिकल स्टोर समेत कई दुकानों से नकली लेन-देन दिखाकर सामान हड़प लेते थे।




थाना बरेली फरीदपुर के मोहल्ला महादेव निवासी चाणक्य नईर उर्फ आदि गुप्ता पुत्र भारत भूषण और समर्थ सिंह उर्फ क्रिस तोमर पुत्र आदित्य कुमार को पुलिस ने आज फर्जी फोन पे के माध्यम से दुकानदारों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार 17 अप्रैल को मोहल्ला बाजार जनूबी थाना फतेहगंज पूर्वी निवासी संयम प्रियदर्शी पुत्र पंकज प्रियदर्शी की तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमे के बाद समर्थ सिंह और चाणक्य नईर को गिरफ्तार किया गया उनका तीसरा साथी युवराज सिंह चौहान फरार है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि वह और उनका दोस्त युवराज सिंह फोन पे की तरह दिखने वाला फर्जी अप चलाते हैं इसी फर्जी एप के माध्यम से किसी भी दुकानदार या किसी व्यक्ति को जब किसी सामान या काम के बदले पैसे देने होते हैं उसे फर्जी फोन पे एप के माध्यम से दुकानदार या व्यक्ति का क्यूआर कोड स्कैन कर उसको पैसे डालते हैं उक्त ट्रांजैक्शन बिल्कुल असली लगता है जबकि वास्तव में कोई ट्रांजैक्शन नहीं हुआ होता है और दुकानदार को लगता है कि पैसा उसके खाते में आ गया है यही काम उन्होंने फतेहगंज पूर्वी में मेडिकल की दुकान पर किया था तब दुकान मालिक ने उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी और आज पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में फरीदपुर इंस्पेक्टर संतोष कुमार, एसआई भूपेंद्र सिंह, हेमंत कुमार कांस्टेबल दीपक कुमार व रिंकपाल शामिल रहे।

# घरेलू गैस की कालाबाजारी का खुलासा, 82 सिलेंडर जब्त

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। शहरी क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर हो रही है। आपूर्ति विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। बृहस्पतिवार की रात प्रेमनगर



क्षेत्र में टीम ने छह अलग-अलग घरों में छापा मारा और 82 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। प्रेम नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

आपूर्ति विभाग की टीम ने गुरुवार की रात प्रेमनगर पुलिस के साथ प्रेम नगर क्षेत्र में स्थित कोहाड़ापीर में कब्रिस्तान वाली गली में चांद बाबू. मोहम्मद यामीन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद कादिर समेत छह लोगों के घरों से 61 घरेलू गैस सिलेंडर और 21 व्यवसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए।

सात रिफिलिंग रॉड बरामद की हैं। सिलेंडर और अन्य उपकरण टीम ने जब्त कर लिए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# फर्जी फर्मों का भंडाफोड़, कागजों में किया करोड़ों का कारोबार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**



बरेली। जिले में बोगस (फर्जी) फर्में बनाकर कागजों में करोड़ों का कारोबार किया जा रहा है। जबकि हकीकत में न खरीद हो रही है और न ही बिक्री। सेंट्रल जीएसटी में पंजीकरण कराने के बाद बोगस फर्मों से गैर राज्यों में आईजीएसटी के तहत ट्रांसफर दिखाया जा रहा था।

जीएसटी के अधिकारियों ने गोपनीय जांच करते हुए तीन फर्जी फर्मों में इस तरह के खेल का भंडाफोड़ कर सेंट्रल जीएसटी के उच्चाधिकारियों से संपर्क करने के बाद पंजीयन निरस्त कराया है।

अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्यकर दिनेश कुमार मिश्र के अनुसार, छानबीन में बरेली में कुछ फर्मों के बारे में जानकारी मिली। शर्मा इंटरप्राइजेज बरगांव की जांच में पता चला कि, जनवरी 2025 में फर्म का पंजीकरण किया गया। फरवरी 2025 में आउटवर्ड ई-वे बिल (गैर राज्यों में सामान की बिक्री) के माध्यम से 94 लाख 11 हजार 750 की सप्लाई दिल्ली को प्रदर्शित की गई थी,

लेकिन व्यापारी ने इस बिक्री के सापेक्ष खरीद के लिए कोई भी इनवर्ड ई-वे बिल डाउनलोड नहीं किया गया। मामला और संदिग्ध लगने पर व्यापार स्थल की रेकी कराई गई। बताया कि, जांच में जिस व्यक्ति नीरज शर्मा के प्रपत्रों पैन कार्ड, आधार कार्ड का उपयोग कर पंजीयन कराया गया, वह फर्नीचर रिपेयरिंग का कार्य करते हैं। उन्हें अपने नाम से फर्म के पंजीकरण की जानकारी ही नहीं थी।

भानु ट्रेडर्स बिल्डिंग नंबर 24 डिफेंस कॉलोनी नैनीताल रोड के नाम से होने की जानकारी हुई। जांच में पता चला कि, आयरन स्क्रैप की खरीद-बिक्री के लिए 15 अगस्त 2024 को पंजीकरण कराया गया था। शुरूआती दौर में व्यापारी ने खरीद-बिक्री के रिटर्न शून्य दाखिल किए।

इसके बाद फरवरी 2025 में 10,84, 43, 040 रुपये की सीमेंट, आयरन स्टील की आउटवर्ड सप्लाई दिखाई गई, जिसमें 2,42,01,767 रुपये की आईटीसी को महाराष्ट्र राज्य में ट्रांसफर कर दिया गया था। इसी तरह अन्य खेल किए। जांच में अधिकांश फर्मों के पंजीयन निरस्त पाए गए। इस नाम से कोई भी फर्म डिफेंस कॉलोनी नैनीताल रोड पर स्थित नहीं हैं।

एमके इंटरप्राइजेज दुकान नंबर 245, एकता रोड गैलेक्सी टॉवर शॉपिंग काम्पलेक्स दीन दयाल पुरम के नाम से फर्म उड़ीसा के भकारशाही भानरानीजीग निवासी महेंद्र कुमार स्वेन के पैन नंबर से सेंट्रल जीएसटी में पंजीकृत मिली। जांच में पता चला कि, फरवरी और मार्च में 47.41 करोड़ रुपये की सप्लाई गैर प्रांत के लिए प्रदर्शित दिखाते हुए 9.44 करोड़ की आईजीएसटी की देयता स्वीकार की। जिसे फर्जी तरीके से अर्जित आईटीसी से समायोजित किया गया है। बताया कि, सीजीएसटी (सेंट्रल गुड्स सर्विस टैक्स) 4.90 करोड़ और एसजीएसटी (स्टेट गुड्स सर्विस टैक्स) 4.54 करोड़ से समायोजित करते हुए इसका लाभ हरियाणा राज्य में में पंजीकृत दो फर्मों संतोष सर्विसेज, विष्णु सर्विसेज को पहुंचाया गया है। ऐसा करके बोगस फर्म ने जीएसटी के संग्रह में 4.54 करोड़ के राजस्व की क्षति की है। जबकि फर्म अस्तित्व में नहीं थी।

अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि बोगस फर्मों की चेन बनाकर बिना कोई खरीद-बिक्री किए दूसरी फर्मों को आईटीसी हस्तांतरित कर राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही है। इस तरह की तीन फर्में कागजों में करोड़ों का लेनदेन दिखा रही हैं। गोपनीय जांच के बाद तीन फर्मों का पंजीयन निरस्त कराया गया। हरियाणा की दो फर्में निलंबित कराई गईं। 9 करोड़ के राजस्व की क्षति हो गई थी। पंजीयन निरस्त करके 1.53 करोड़ की कर चोरी रोकी गई है।

# फरीदपुर में मीट विक्रेता का कत्ल, शराब के नशे में दोस्त ने चाकू से काटी गर्दन, गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**





बरेली। फरीदपुर की बड़ी सब्जी मंडी में मीट विक्रेता ने अपने दोस्त के साथ शराब पी। नशा चढ़ा तो दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोस्त ने चाकू से मीट विक्रेता की गर्दन पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

फरीदपुर की बड़ी सब्जी मंडी में बृहस्पतिवार रात मीट विक्रेता इलियास उर्फ भूरा की उसके साथी जाहिद उर्फ मल्ली ने गर्दन में चाकू मारकर हत्या कर दी। साथ बैठकर शराब पीने के दौरान कहासुनी में हत्या हुई। आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर कस्सावान निवासी इलियास उर्फ भूरा फरीदपुर बड़ी सब्जी मंडी में मुर्गे का मांस बेचता था। पुलिस के अनुसार, इसी मंडी में जाहिद उर्फ मल्ली भैंस का मांस बेचता है। दोनों दोस्त थे। बृहस्पतिवार रात नौ बजे दोनों सब्जी मंडी में एकांत जगह बैठकर शराब पीने लगे।

नशा हावी हुआ तो किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। आरोप है कि जाहिद ने चाकू से इलियास की गर्दन पर हमला कर दिया। इलियास लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। परिवार में मचा कोहराम

पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसके कुछ देर बाद इलियास की मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं, जिसमें एक लड़की व दो लड़के हैं। तीनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल था

एसपी दक्षिणी अंशिका ने बताया कि इलियास और जाहिद के बीच शराब पीकर विवाद हुआ था। इसी दौरान जाहिद ने इलियास को चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# बिजली के कर्मचारियो के यहां मीटर लगाने की प्रक्रिया को रोका गया

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। अधीक्षण अभियंता नगरीय द्वारा अपने कार्यालय में कर्मचारियों अधिकारियों एवं सेवानिवृत्ति पेंशनर्स एवं उनके आश्रितों को लेकर मीटर लगाने की प्रक्रिया पर आज एक वार्ता आयोजित की गई ' लम्बे दौर की वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि कर्मचारी संघटनों द्वारा प्रेषित पत्र पर कारपोरेशन द्वारा जब तक कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जाता तब तक मीटर लगाने की प्रकिर्या को रोका जाना चाहिए ' कर्मचारी अधिकारियों के सेवा संघ एवं उनके संगठन पदाधिकारी एवं श्रमिक संघ के पदाधिकारियो के साथ में चर्चा के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि अभी मीटर लगाने की प्रक्रिया को टाला जाए ' कर्मचारी संगठनों ने मुख्य अभियंता को संबोधित पत्र के माध्यम से यह अपील की कि बिजली के कर्मचारियों पर लगने वाले टैरिफ एल एम बी 10 के आधार पर इलेक्ट्रिसिटी चार्जेस लगाए जाएं साथ ही जानवरी 2000 के समझौते की पालना की जावे ' कर्मचारी संगठनों की ओर से उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि विभागीय व सेवनिवृत व सेवारत कर्मचारियो की विधुत बिलों व पेंसन सम्बन्धी समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक माह की 25 तारीक को समाधान दिवस के रूप आयोजित किया जायेगा '



आज हुई बैठक में इंजी.ब्रह्म पाल मुख्य अभियंता, इंजी. गौरब शुक्ला अधिशाशी अभियंता, ओमदेव बरतरिया, इंजी. पी सी गंगवार, एस पी सैनी, ओ पी एस यादव, राधेश्याम, के. के. माहेश्वरी, अमजद अली, अनिल सक्सेना, जी.सी. श्रीवास्तव, कमल सक्सेना,के बी यादव, इंजी.अशरफी सिंह आदि उपस्थित थे '

# नशा मुक्त समाज अभियान के तहत चौकी कालांवाली व थाना औढ़ा ने चलाए अपने अपने क्षेत्र में जागरुकता कार्यक्रम



कालांवाली 18 अप्रैल (सुरेश जोगसिया) 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में डबवाली पुलिस ने जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे किया जागरूक । पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस के सभी थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमें आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरूक कर रहीं हैं । जिला पुलिस के अधिकारी गांव के सरपंच और मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक कर डबवाली को नशा मुक्त बनाने को लेकर विचार-विमर्श करके प्लान तैयार किया जा रहा है । इसी कड़ी में प्रभारी कालांवाली PSI सतपाल ने गांव तारुआना व थाना औढ़ा के सब इंस्पैक्टर बनवारी लाल ने गांव नुहीयांवाली में लोगों को नशे से बचने व नशे को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने हेतु जागरूक किया ।
प्रभारी चौकी शहर कालांवाली ढरक सुनील कुमार ने बताया कि जिला पुलिस की टीमें आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए जागरूकता कैंप लगा रही है जिसमें आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी प्रदान करके जागरूक किया जा रहा है । शराब, अफीम, गांजा आदि नशीली दवाओं का सेवन हमारे जीवन के लिए बहुत हानिकारक है । नशे के दुष्प्रभाव का सीधा असर हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है । इन दवाओं का अधिक सेवन करने से शरीर के विभिन्न अंग और अंगों के साथ-साथ दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है । नशा एक समस्या है जो समाज में व्याप्त हो रही है और इसके दुष्प्रभाव व्यक्ति, परिवार और समाज को प्रभावित करते हैं । नशीली दवाओं का सेवन स्वास्थ्य, व्यक्तित्व, शिक्षा, संबंध और आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डालता है । नशा एक समस्या है जिसका समाधान हेतु शिक्षा, उच्चतम स्तर की जागरूकता और सभी समुदाय की सहयोग की जरूरत होती है । नशे के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना चाहिए । नशे के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए समाज को सहयोग करना चाहिए और नशीली दवाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलानी चाहिए । जिला पुलिस की आमजन से अपील है कि नशे से दूर रहें और आपके आसपास यदि कोई व्यक्ति नशा बेचने का काम करता तो तुरंत इसकी सूचना अपने नजदीकी थाना में देकर समाज को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें । पुलिस को सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी । जिला पुलिस सदैव आपकी सहायता के लिए तत्पर है '

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश अवसर पर गुरुद्वारा गुरु के महल में गुरमति समागम आयोजित

- नौवें राजा की शहादत की 350वीं वर्षगांठ का समारोह भी औपचारिक रूप से शुरू हुआ,
- गुरु साहिब की शताब्दी को समर्पित, प्रत्येक सिख को अपनी दिनचर्या के अलावा रोजाना जपजी साहिब का पाठ करना चाहिए :एडवोकेट धामी

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 18 अप्रैल : श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश पर्व पर अवसर पर, नौवें गुरु के जन्म स्थान सचखंड श्री हरमंदिर साहिब और गुरुद्वारा गुरु के महल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब को नमन किया। प्रकाश पर्व के अवसर पर सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाबा अटल राय साहिब में भी सुंदर सजावट की गई। इस बीच, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारा गुरु के महल में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें गुरुगद्दी दिवस के समारोह का भी औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडगज्ज, सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी ज्ञानी गुरमिंदर सिंह, गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब के प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी हरपाल सिंह, मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नन, शिरोमणि कमेटी के सदस्य। सुरजीत सिंह भिट्टेवड, भाई अजायब सिंह अभियासी, सचिव प्रताप सिंह,मैनेजर भगवंत सिंह धंगेडा सहित अन्य प्रमुख हस्तियां और बड़ी संख्या में भक्त इस कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए एसजीपीसी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने संगत को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश पर्व पर बधाई दी और संगत से अपील की कि वे इस वर्ष नवंबर में आने वाले गुरु साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के लिए खुद को समर्पित करें और अपनी दैनिक प्रार्थना के अलावा रोजाना एक जपजी साहिब का पाठ करें। उन्होंने कहा कि नौवें पातशाह का जीवन और शहादत मानव अधिकारों की रक्षा के लिए एक मिसाल है, जिनके मार्गदर्शन में प्रत्येक सिख को समाज में मानवीय सरोकारों को बढ़ाने में योगदान देना चाहिए। इस दौरान



मीडिया से बातचीत करते हुए एडवोकेट धामी ने कहा कि नौवें गुरु और उनके सेवक भाई मती दास, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां गुरुगद्दी दिवस खालसा पंथ द्वारा बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। इस संबंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें नगर कीर्तन, सेमिनार, अमृत संचार और गुरमत समागम शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इन शताब्दी समारोहों की औपचारिक शुरुआत आज श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के साथ हो गई है तथा अगले कार्यक्रम जल्द ही शुरू कर दिए जाएंगे। एक सवाल के जवाब में एडवोकेट धामी ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पिछले बजट सत्र में केंद्र सरकार से गुरु साहिब की शताब्दी को समर्पित स्मारकों के लिए विशेष पहल करने का आग्रह किया गया था, जिसे लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि नौवें सिख गुरु को मानवाधिकारों की सुरक्षा में दुनिया भर में मार्गदर्शक के रूप में जाना जाता है और यह भारत सरकार का कर्तव्य है कि वह इस शताब्दी वर्ष को भाई बलवंत सिंह राजोआना सहित अन्य कैद सिखों की रिहाई की घोषणा के लिए समर्पित करे। आम आदमी पार्टी की पिछली दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा सिख मामलों में जानबूझकर हस्तक्षेप किया है, लेकिन वे जेल में बंद सिखों की रिहाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में कभी ईमानदार नहीं रहे। भाई देविंदरपाल सिंह भुल्लर को दिल्ली की आप सरकार ने भले ही वादा करके रिहा कर दिया हो, लेकिन उन्हें हमेशा सिख विरोधी भूमिका में ही देखा गया है इस दौरान तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार एवं श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडगज ने भी नौवें पातशाह का इतिहास संगत के साथ साझा किया तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी ज्ञानी गुरमिंदर सिंह और गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरपाल सिंह ने संगत को कहानियों और विचारों से सराबोर किया और रागी और ढाडी रागी जत्थों भी शामिल हुए,इस अवसर पर बाबा सुच्चा सिंह, बाबा सतनाम सिंह, अतिरिक्त सचिव विजय सिंह, उप सचिव प्रोफेसर सुखदेव सिंह, बलविंदर सिंह खैराबाद,मनजीत सिंह तलवंडी,हरभजन सिंह वक्ता सुपरिंटेंडेंट नितिन सिंह ,मलकीत सिंह बहिडवाल,सुरजीत सिंह राणा, अतिरिक्त मैनेजर गुरविंदर सिंह देवीदासपुर, बिकरमजीत सिंह झगी,युवराज सिंह, प्रचारक भाई तारसेम सिंह,भाई बलवंत सिंह एनोकोट आदि मौजूद थे।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित खूबसूरत समागम के दृश्य।

# वार्ड नंबर एक और दो में गलियों का निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमि पूजन !

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! नगर निगम वार्ड नं 1 एवं 2 में गली निर्माण कार्य का महापौर कामिनी राठौर ने किया शिलान्यास राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत किया गया कार्यों का शिलान्यास वार्ड नं 1 टीचर कॉलोनी में खड़ंजा एवं गड्ढा युक्त सड़कों का विधिवत गली निर्माण कार्य का पूजन क्षेत्रीय जनता की मौजूदगी में किया गया जिसमें 15वें वित्त एवं राज्य वित्त से लगभग 39 लाख रुपए की लागत से 2 वार्डो की गालियां बनाई जाएगी वार्ड नं 2 की जनता 20 साल से गली निर्माण की राह देख रही जल भराव की समस्या होगी खत्म महापौर के वार्ड में पहुंचते ही जनता में दौड़ी खुशी कहा आज समस्या का हो जाएगा निदान वार्ड नं 2 में विजय नगर में बैनीराम की चक्की से लेकर शंकर के घर से मनोज तक इत्यादि का गलियों का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया वार्ड नं 1 टीचर कॉलोनी में उमेश के मकान से राजबहादुर के मकान तक आरसीसी नाली एवं सीसी सड़क का निर्माण कार्य 23 लाख में किया जाएगा टीचर कॉलोनी में निर्माण कार्य की खुशी में जनता ने महापौर का बाबा साहब का चित्र भेंट के साथ माल्यार्पण करके जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर पार्षद देवेंद्र कुमार ,श्री मती रानी देवी,भाजपा कार्यकर्ता प्रमोद कुमार बघेल,मोनू,उमाकांत गोयल,मुकेश कुमार राघव, चरन सिंह,विजय सिंह,दौजीराम अन्य क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# भाजयुमो ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी का फूका पुतला !

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! महानगर में शुक्रवार को जैन मंदिर चौराहे पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने महानगर अध्यक्ष अंकित तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी का पुतला जलाया। भाजपा नेताओं द्वारा प्रदर्शन करते हुए उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।प्रवर्तन निदेशालय ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर नेशनल हेराल्ड मामले में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए चार्जशीट दाखिल की है। इसमें गांधी परिवार ने कांग्रेस पार्टी का दुरुपयोग करते हुए एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को अपने नियंत्रण में ले लिया। यह संस्था पत्रकारिता और जनसेवा के लिए बनाई गई थी, जिसकी संपत्ति करीब 2000 करोड़ रुपए की थी।
जिलाध्यक्ष भाजपा महानगर डॉ. सतीश चंद्र दिवाकर ने कहा कि ईडी की कार्रवाई पूरी तरह से दस्तावेज, बैंक रिकॉर्ड और शेयर होल्डिंग के आधार पर की गई है, जो किसी भी प्रकार से राजनीतिक बदले की भावना नहीं है। यह चार्जशीट न केवल एक कानूनी दस्तावेज है, बल्कि नए भारत की पारदर्शिता और न्यायप्रियता की प्रतीक है।
कांग्रेस पार्टी ने 90.25 करोड़ का दिया कर्ज कांग्रेस पार्टी ने एजेएल को 90.25 करोड़ रुपये का ऋण दिया, जिसे बाद में बिना किसी पारदर्शिता के यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दिया गया। इस कंपनी में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की कुल हिस्सेदारी 76 प्रतिशत है।
यंग इंडिया ने मात्र 50 लाख रुपये के मामूली निवेश पर एजेएल का पूर्ण स्वामित्व प्राप्त कर लिया, जिससे गांधी परिवार ने दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, भोपाल, पटना जैसे बड़े शहरों की अचल संपत्तियों पर नियंत्रण कर लिया।
पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा नानक चंद्र अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस अब एक राष्ट्रीय आंदोलन नहीं, बल्कि पारिवारिक व्यापार बन गई है।गांधी परिवार स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को निजी लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहा है और संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बनाने के लिए राजनीतिक ड्रामा कर रहा है
भाजयुमो जिलाध्यक्ष महानगर अंकित तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जिस तरह देश के साथ भ्रष्टाचार और शोषण किया, सोनिया और राहुल ने देश का साथ छल किया ,कई मामले है जिसमें उनके खिलाफ कार्यवाही होगी।चार्जशीट जो दाखिल हुई उसका सामना करना चाहिए था। लेकिन, जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ता को लगा दिया, जिन्होंने एऊ कार्यालय का घेराव किया। युवा मोर्चा ने विरोध स्वरूप दोनों का पुतला दहन किया।
पुतला दहन के समय शैलेंद्र गुप्ता शालू, दीपक गुप्ता कालू,देश दीपक,आकाश,राजेश,विकास, राहुल,रविंद्र, अवनीश, दीपक, अनिरुद्ध, राजुल,अनिकेत, सुमित, ध्रुव,संकेत, हिमांशु, बंटी, अजय, आर्यन, मनोज, राज,शनि, अमन, शिवाजी, सूरज,हर्ष, सत्यनारायण, कौशल,आशीष, पियूष, शशांक, अभिषेक,आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे!

# बिहार में लालू परिवार से हटकर राहुल तैयार कर रहे हैं कांग्रेस की सियासी जमीन

विधानचुनाव की घड़ी करीब आती जा रही है। चंद महीनों बाद यहां नई सरकार का गठन होना है। सरकार बनाने के लिये एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ-साथ मैदान में जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर और ओवैसी भी अपना भविष्य तलाश रहे हैं। बिहार में अगला सीएम कौन होगा,इसको लेकर एनडीए ने तो साफ कर दिया है कि उनकी तरफ से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं,लेकिन इंडिया गठबंधन या महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल यानी आरजेडी के बीच भावी सीएम को लेकर कोई नाम नहीं तय हो पाया है,जबकि आरजेडी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा बता रहे हैं। यह सब तब देखने को आ रहा है जबकि कांग्रेस और राजद के बीच रिश्ता दशकों पुराना है।मगर अब लगता है कि दोनों ही दल इसे आगे बढ़ाने के मूड में नहीं हैं। इसी के चलते मौजूदा दौर में यह गठबंधन एक बेहद नाजुक मोड़ पर खड़ा नजर आ रहा है। लालू यादव और सोनिया गांधी की दोस्ती ने वर्षों तक दोनों दलों के संबंधों को मजबूती दी, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि जबसे राहुल गांधी ने कांग्रेस की कमान अपने हाथों में लौ हैं, तबसे यह रिश्ता लगातार खिंचाव का शिकार होता जा रहा है। यह खिंचाव केवल राजनीतिक फैसलों में नहीं, बल्कि वैचारिक टकराव और नेतृत्व के बीच भरोसे की कमी में भी दिखाई देता है। सबसे बड़ी बात यह है कि राहुल गांधी बिहार में तेजस्वी के समानांतर कांग्रेस के एक नेता को उभारना चाह रहे हैं। राहुल गांधी का कन्हैया कुमार को बिहार में आगे करना और समय-समय पर उनका साथ देना, आरजेडी को साफ तौर पर चुभता है। लालू यादव को यह डर सताता है कि कांग्रेस कहीं उनके यादव वोट बैंक में सेंध न लगा ले, और यही डर तेजस्वी यादव के व्यवहार में भी झलकता है। तेजस्वी खुद को बिहार की राजनीति में एकमात्र विकल्प के रूप में स्थापित करने में लगे हैं, और ऐसे में कन्हैया कुमार जैसे नेताओं का उभार उन्हें असहज कर देता है। यह असहजता सिर्फ जातिगत समीकरणों की वजह से नहीं है, बल्कि कांग्रेस की बदली हुई रणनीति का संकेत भी देती है, जिसमें वह अब खुद को हर वर्ग में स्वीकार्य बनाना चाहती है, चाहे वह सवर्ण हों, दलित हों या यादव। लेकिन समस्या यह है कि लालू यादव कांग्रेस को सवर्णों की राजनीति करने से नहीं रोकते, लेकिन जैसे ही कांग्रेस बिहार के यादव या दलित वोट बैंक में हाथ डालती है, उन्हें परेशानी होने लगती है। पप्पू यादव और कन्हैया कुमार ये दोनों चेहरे लालू यादव के लिए खतरे की घंटी बन गए हैं।

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेका

## एसजीपीसी ने सिख कर्मचारियों को हवाई अड्डों पर कृपाण पहनने से रोकने के मुद्दे को हल करने के लिए मांग पत्र सौंपा

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**



जैतो, 18 अप्रैल : केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी आज सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में माथा टेकने पहुंचे। श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद श्री दरबार साहिब के सूचना केंद्र में शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी द्वारा लिखित एक पत्र सचिव प्रताप सिंह को भेजा गया। राजविंदर सिंह भट्टी ने एक पत्र में कहा है कि भारतीय हवाई अड्डों पर ड्यूटी पर तैनात अमृतधारी सिख कर्मचारियों और यात्रियों को कृपाण के संबंध में आने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा गया है।पत्र में कहा गया है कि नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा पिछले दिनों जारी आदेश में हवाई अड्डे पर ड्यूटी पर तैनात सिख कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान कृपाण धारण करने पर रोक लगाई गई है, जो सिखों के लिए एक झटका है। अपने ही देश में यह भेदभाव देश के सिख नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर एक बड़ा हमला है। भारत सरकार को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि सिखों ने इस देश की आजादी के लिए महान बलिदान दिया है। यह दुखद है कि देश के लिए बलिदान देने वाले सिखों को अपने ही देश में सताया जा रहा है। सरकारों को ऐसे काम करने से बचना चाहिए जिससे सिखों की धार्मिक भावनाएं आहत हों। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक को संबंधित मंत्रालय से संपर्क कर इस मुद्दे का स्थायी समाधान ढूंढने को कहा गया। इस अवसर पर उप मैनेजर गुरिंदरपाल सिंह, सूचना अधिकारी जतिंदरपाल सिंह, संदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

# भाजपा बठिंडा कार्यलय में जयंती पर वर्कशॉप आयोजित

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

बठिंडा,18 अप्रैल ::भाजपा कार्यालय बठिंडा में बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती पर उनकी जीवनी पर एक वर्कशॉप का आयोजन जिला अध्यक्ष श्री सरुप चंद सिंगला जी के नेतृत्व में किया गया। जिसमें



भाजपा के प्रदेश महासचिव श्री जगमोहन राजू जी, श्री दयाल सोढी जी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री इंद्र इकबाल सिंह अटवाल जी और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री दर्शन सिंह नैनेवाल जी मुख्य वक्ता के इलावा श्री अशोक भारती जी पूर्व चेयरमैन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट बठिंडा, श्री अशोक बलियांवाली जी जिला महासचिव, श्री नरेंद्र मित्तल जी प्रदेश सदस्य, श्री विजय सिंगला जी प्रदेश सदस्य, जिले की सीनियर लीडरशिप, जिला, मंडल और मोर्चों की टीमें शामिल हुई। फोटो में किसान मोर्चा पंजाब के अध्यक्ष श्री दर्शन सिंह नैनोवाल को सम्मानित करते लाजपत राय गोयल प्रदेश सदस्य कोर कमेटी भाजपा किसान मोर्चा पंजाब तथा अन्य।

# भीख मांगकर देश चला रहे पाकिस्तानी भारत से नफरत नहीं उससे बराबरी करें

**अजय कुमार,लखनऊ**

1947 में पाकिस्तान की बुनियाद हिन्दुओं से नफरत के कारण पड़ी थी। आज करीब 77 वर्षो के बाद भी पाकिस्तान हिन्दुओं के प्रति ऐसा ही रवैया लेकर आगे बढ़ रहा है। पाकिस्तान में जितने भी प्रधानमंत्री या सेना प्रमुख हुए वह भारत के खिलाफ हमेशा जहर उगलते और आतंकवादियों को संरक्षण देते रहें। आज भी यह सिलसिला जारी है। इसी परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए पाक की फौजी हुकूमत एक बार फिर पुराना राग अलाप रही है। इस्लामाबाद में हाल ही में हुए प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कश्मीर के मुद्दे पर उकसाने वाले बयान दिए, जिनसे न केवल क्षेत्रीय शांति को नुकसान हुआ है, बल्कि यह भी साफ हो गया कि पाकिस्तान की सत्ता संरचना अब भी नफरत और विघटन की राजनीति को अपनी ताकत मानती है। मौजूदा जनरल मुनीर का हाल ही में दिया गया बयान, जिसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की 'गले की नस' बताया,ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पाकिस्तान की सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। यही सब पिछले कई दशकों से पाकिस्तान की फौजी हुकूमत द्वारा लगातार दोहराया जाता रहा है। पाकिस्तान के जनरल यह हमेशा कहते रहे हैं कि कश्मीर पाकिस्तान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसे कभी भी पाकिस्तान से अलग नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन क्या इस विचारधारा ने पाकिस्तान को किसी प्रकार का लाभ पहुंचाया है? पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जर्जर हो चुकी है, आतंकवाद की पोषक छवि बन चुकी है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ा हुआ है।
पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति किसी से छिपी नहीं है। इन्हीं हरकतों के कारण वह आर्थिक रूप से कमजोर होता जा रहा है। आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार 2025 के शुरूआती महीनों में पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार महज 3.1 अरब डॉलर था, जो मुश्किल से कुछ हफ्तों का आयात खर्च चला सकता है। महंगाई दर 30 प्रतिशत के पार जा चुकी है, बेरोजगारी करीब नौ प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और जनता राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से त्रस्त है। ऐसे में पाकिस्तान की फौजी हुकूमत का इस प्रकार का उकसावे भरा बयान यह दशार्ता है कि पाकिस्तान के पास अब कोई दूसरा उपाय नहीं बचा है, सिवाय इसके कि वह अपने लोगों का ध्यान भटकाने के लिए पुराने और साम्प्रदायिक मुद्दों को उछाले। बलूचिस्तान में अलगाववाद की लपटें तेज होती जा रही हैं, और वहां के लोग पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ खुलेआम विद्रोह कर रहे हैं। बलूच विद्रोहियों ने हाल ही में पाकिस्तानी सेना के कई ठिकानों पर हमले किए हैं, जिससे पाकिस्तान के भीतर की अस्थिरता को और भी बढ़ावा मिला है। जनरल मुनीर का यह कहना कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का अभिमान है और कोई इसे नहीं छीन सकता, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उन्हें बलूचिस्तान की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता है। पाकिस्तान के भीतर के लोग यह सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक कश्मीर के नाम पर उन्हें गुमराह किया जाएगा, जब उनके घरों में रोटियां पकने की स्थिति नहीं है? यह सवाल पाकिस्तान की युवा पीढ़ी में और सोशल मीडिया पर गहराई से उठ रहा है, जहां सेना की आलोचना अब आम बात हो गई है। कई लोग खुलकर कह रहे हैं कि भारत के साथ फिर से मिल जाना ही बेहतर होता, जो एक संकेत है कि पाकिस्तान में अब लोग अपनी असल समस्याओं के बारे में गंभीर हो रहे हैं। जनरल मुनीर ने अपने भाषण में विदेशों में बसे पाकिस्तानियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को यह सिखाएं कि पाकिस्तान क्यों बना और हिंदू और मुसलमान कभी एक जैसे नहीं हो सकते। उनका यह बयान पाकिस्तान की संस्कृति और पहचान को हिंदुओं से श्रेष्ठ बताने वाला था, जबकि आज की वैश्विक दुनिया में यह सोच पूरी तरह से अप्रासंगिक हो चुकी है। टू नेशन थ्योरी, जिसकी नींव पर पाकिस्तान बना था, वह 1971 में ही धराशायी हो गई थी, जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान से अलग होकर अपनी स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह विभाजन यह साबित करता है कि धर्म के आधार पर बनी राष्ट्र की अवधारणा टिकाऊ नहीं हो सकती, और पाकिस्तान की असफलता इस सिद्धांत का प्रमाण बन चुकी है।
आज बलूच, सिंधी और पख्तून समुदाय भी अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे हैं, और यही पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जनरल मुनीर को यह डर सता रहा है कि अगर उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ नफरत का एजेंडा नहीं चलाया, तो पाकिस्तान की नई पीढ़ी उनसे सवाल पूछेगी। इसलिए वह कमजोर और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को एक बार फिर दुश्मन के तौर पर पेश कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान में बचे-खुचे हिंदू समुदाय की स्थिति बेहद दयनीय है। 1947 में पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 23 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 3 प्रतिशत रह गई है। या तो वे पलायन कर गए, मारे गए, या फिर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर दिए गए। फिर भी, जनरल मुनीर को इनसे डर क्यों लगता है? क्योंकि वह जानते हैं कि यदि नफरत का यह माहौल समाप्त हो गया, तो पाकिस्तान के सत्ता ढांचे की बुनियाद हिल जाएगी। पाकिस्तान की मशहूर सीरीज जिंदगी गुलजार है में भी यह दिखाया गया था कि पाकिस्तान में हिंदुओं को किस प्रकार हाशिए पर रखा जाता है, और यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति बहुत खराब है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब अल्पसंख्यक समुदाय पहले से ही इतना शोषित है, तो उनके खिलाफ नफरत फैलाने की आवश्यकता क्यों महसूस की जा रही है? अंतरराष्ट्रीय पत्रकार और न्यूयॉर्क टाइम्स के लेखक ताहा सिद्दीकी ने एक्स पर लिखा था कि जनरल असीम मुनीर बच्चों के दिमाग में जहरीली सोच भरना चाहते हैं ताकि उनका ब्रेनवॉश किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुनीर दो राष्ट्र सिद्धांत का प्रचार कर रहे हैं, जो 1971 में ही असफल हो चुका था। यह बयान यह दशार्ता है कि जनरल मुनीर पाकिस्तान के भीतर की अस्थिरता और विघटन को लेकर बेहद चिंतित हैं।

# महिला की हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! थाना लाइनपार पुलिस ने महिला की हुई हत्या में वांछित अभियुक्त को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक



नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में टीमो का गठन कर थाना लाइनपार पुलिस वांछित अपराधियो की तलाश में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र कालीचरन निवासी नगला विष्णु को रेलवे अधिकारी विश्राम गृह के सामने से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया , न्यायालय ने उसे जेल भेजा है।

# गैंगस्टर का अभियुक्त पकड़ा

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वाछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसकी तलाश थी। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ ने हमराह के साथ चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को पकड़ा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे घर से पकड़ा है।
पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का नाम अवधेश कुमार पुत्र राम सुरेश बताया है। वह ग्राम शेखपुरा थाना खेरगढ का रहने वाला है। उसके खिलाफ थाने पर धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था।
गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# परिवेश में मधुर संगीत के वाहक है पक्षी :- संखलेचा

**पेड़ों पर लगाएं मिट्टी के परिण्डे, जीवदया का लिया संकल्प**

बाड़मेर । 18 अप्रैल, 25 । भीषण गर्मी के इस दौर में जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो रखा है, वहीं मूक पक्षियों के हालात भी नाजुक है। ऐसे में पक्षियों को हलक तर के लिए इधर उधर खूब भटकना पड़ता है। जिस कड़ी में पक्षियों की जल सेवा व हल कतर को लेकर महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर की ओर से शुक्रवार को अध्यक्ष बाबुलाल संखलेचा व डिप्टी डायरेक्टर गौतम डूंगरवाल के नेतृत्व में वार्ड संख्या-10 में महावीर जिनालय के सामने की गली रोहिड़ा पाड़ा में पक्षियों की जल सेवा को लेकर पेड़ों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं और मोहल्ले में मिट्टी के परिण्डे वितरित किये गये।
पर्यावरण प्रमुख मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि शुक्रवार को जीवदया पक्षी जलसेवा में वार्ड संख्या-10 में महावीर जिनालय के सामने की गली रोहिड़ा पाड़ा में प्रातः में परिण्डा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मोहल्ले में लगे विभिन्न पेड़ों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए। वहीं मोहल्ले में मिट्टी के परिण्डे वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान 50 से अधिक परिण्डे लगाएं एवं वितरित किये गये। वहीं मोहल्लेवासियों को परिण्डों के संरक्षण व देखभाल का संकल्प दिलाया गया। साथ ही पूर्व में लगे परिण्डों को स्वच्छ करते हुए जल की व्यवस्था की गई। अध्यक्ष बाबुलाल संखलेचा ने कहा कि जीवों के प्रति दया सभी धर्मा का मूल और सार है। जो हमें प्रत्येक प्राणी की सेवा करना सीखाता है। संखलेचा ने कहा कि पक्षियों के मधुर कलरव से परिवेश में प्राण भर जाते है। पक्षी परिवेश में मधुर संगीत के वाहक है। हमें पक्षियों के संरक्षण के लिए भरपूर प्रयास करने चायि।

# ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा 30 अप्रैल को होगा भव्य उपनयन संस्कार एवं भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम

धार्मिक गरिमा और सांस्कृतिक परंपरा से सजा रहेगा पूरा दिन, नगर भ्रमण एवं प्रसाद वितरण सहित कई आयोजन प्रस्तावित।

**समाज जागरण अनूपपुर।**
ब्राह्मण समाज सेवा समिति, अनूपपुर के तत्वाधान में इस वर्ष 30 अप्रैल (बुधवार) को भव्य उपनयन संस्कार संस्कार एवं भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस पवित्र आयोजन की तैयारियाँ जिले के सभी तहसील एवं जनपद मुख्यालयों पर लगातार बैठकों के माध्यम से की जा रही हैं। समिति द्वारा अब तक 45 बटुकों का उपनयन संस्कार हेतु पंजीयन किया जा चुका है, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। आयोजन की जानकारी जिलेभर में अखबारों, सोशल मीडिया, फोन कॉल एवं व्यक्तिगत संवाद के माध्यम से दी जा रही है। कार्यक्रम स्थल - आशीर्वाद मैरिज गार्डन, अमरकंटक तिराहा, अनूपपुर उपनयन संस्कार का शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे से वैदिक पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। समिति द्वारा बटुकों एवं उनके साथ आए हुए अभिभावकों के रुकने और भोजन की व्यवस्था की जा चुकी है, जिससे श्रद्धालुजन किसी प्रकार की असुविधा महसूस न करें। परशुराम जन्मोत्सव एवं नगर भ्रमणः संध्याकाल में भगवान परशुराम जी की चलित झांकी आशीर्वाद गार्डन से प्रारंभ होकर इंदिरा तिराहा तक नगर भ्रमण करेगी। झांकी में बाजे-गाजे, भजन-मंडली, पारंपरिक वेशभूषा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजन की शोभा बढ़ाएँगी। नगर भ्रमण के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच पर वशिष्ठ अतिथियों का स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और अंत में प्रसाद (भोजन) वितरण किया जाएगा।

**समिति की अपील:**
समिति ने समस्त बिप्र माताओं, बहनों एवं बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में सपरिवार पधारकर आयोजन की गरिमा को बढ़ाएं एवं सनातन धर्म की परंपरा को सशक्त बनाएं।

# दिल्ली से लौटीं जिपं अध्यक्ष समीरा व उपाध्यक्ष राजा का स्वागत हुआ



जिपं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का स्वागत करते हुए सदस्य ।

**समाज जागरण**
पेण्ड्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दिल्ली में हुए कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे जीपीएम जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा और उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह का पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। दोनों युवा नेताओं को दिल्ली में हुए विशेष कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में देशभर से युवा राजनीतिक नेतृत्वकताओं को बुलाया गया था। कार्यक्रम में समीरा पैकरा और राजा उपेंद्र बहादुर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का संबोधन प्रत्यक्ष रूप से सुना। शुक्रवार को लौटने पर स्टेशन पर स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य कामता महाराज ने उन्हें आशीर्वाद दिया। स्वागत करने वालों में कल्लू राजपूत, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप जायसवाल, जय प्रकाश शिवदासानी, संतोष तिवारी, विजय राठौर, देव शरण राठौर, तूफान सिंह, जगदेव सिंह, लिखन सिंह पैकरा, दिल प्रसाद पैकरा, विमल मिश्रा, बृजेश सोनी, संतोष विश्वकर्मा, सरिता राठौर, रागिनी, लक्ष्मी राठौर, किरण तुरकेन, भावेश केसरवानी, राहुल रक्षित, यज्ञ तिवारी, कुणाल मिश्रा, दिनेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र पांडे और उदय राम भानू मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं के विरुद्ध हिंसा के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन 19 अप्रैल को

**समाज जागरण अनूपपुर**
केन्द्र सरकार द्वारा देश भर में वक्फ कानून लागू करने के बाद से पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के संरक्षण मे मुसलमानों द्वारा हिन्दुओं के प्रति लगातार लक्षित हिंसा करते हुए उन्हे मारा- पीटा जा रहा है। उनकी हत्याएं , बलात्कार, लूट आगजनी करते हुए हिन्दुओं के घरों, दुकानो, सम्पत्तियों को लूटा,जलाया जा रहा है। स्थिति इतनी खराब है कि अपने ही देश में एक बार फिर हिन्दुओं को अपना घर ,दुकान छोड़ कर पलायन करना पड़ रहा है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार हिन्दुओं के विरुद्ध खड़ी है और वह मुसलमानों को हिंसा के लिये उकसा रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार अपने राज्य की हिन्दु जनता के जान - माल की रक्षा करने में विफल रही है। उल्टे ऐसा लग रहा है कि वह एक और बंग भंग की साजिश में लिप्त है। इसके विरुद्ध विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत जिला अनूपपुर एवं समस्त हिन्दू समाज के नेतृत्व में जिला मुख्यालय अनूपपुर मे 19 अप्रैल, दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे से विशाल धरना - प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।राष्ट्र एवं हिन्दू समाज के हित में* तथा पश्चिम बंगाल में सक्रिय विघनकारी शक्तियों के विरोध में एकजुटता दिखलाते हुए अपने इष्ट मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में कल शनिवार 19 अप्रैल को अनूपपुर में आयोजित विशाल धरना - प्रदर्शन में शामिल हो कर अपना सक्रिय विरोध दर्ज करवाएं।

# बालू खनन से सूख गई बफर जोन की पिपही नदी

वन, राजस्व एवं खनिज विभाग ठेका कंपनी की मनमानी के आगे नतमस्तक



**समाज जागरण विजय तिवारी**
कटनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांधवगढ़ नेशनल पार्क बफर जोन एरिया से निकलने वाली पिपही नदी में बगैर अनुमति रेत का उत्खनन वर्षों से अनवत रूप से जारी है । बताया जाता है कि यह क्षेत्र कटनी जिले के बरही तहसील के जाजागढ़ बफर जोन में आता है। जंगली जानवरों के विचरण का क्षेत्र होने से यहां किसी भी तरह के उत्खनन की अनुमति नहीं है, लेकिन धनलक्ष्मी रेत कंपनी वैखोफ होकर उत्खनन और परिवहन कर रही है। ग्रामीण की मानें तो पिपही नदी साल भर पानी से भरी रहती थी, किंतु अब रेत के अंधाधुंध उत्खनन के बाद सूख गई है।

**ढाल बनी है पुलिस**
सूत्र बताते हैं कि ठेका कंपनी के लिए पुलिस ढाल कर खड़ी हो जाती है। वैसे तो कंपनी रेत खनन एरिया से पहले ही नाका बना रखा है जहां कंपनी द्वारा तैनात भिंड और मुरैना के लठैत पहरेदारी करते हैं और उनकी मर्जी के बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति खनन एरिया में नहीं जा सकता है ।रेत हो या डोलोमाइट, या फिर अन्य गौण खनिज अवैध उत्खनन के लिए कटनी जिला लम्बे अर्से से कुख्यात है। जिस विभाग पर इस खनिज सम्पदा के संरक्षण की जिम्मेदारी है वे ही खुली लूट की छूट दे रहे हैं। जिले में रेत खनन करने वाली एजेंसी धनलक्ष्मी मर्चेंटाइन लिमिटेड द्वारा स्वीकृत स्थलों पर तो नदी के भीतर भारी मशीनरी से रेत निकालकर एनजीटी के निदेर्शों को रौंदा जा रहा है। वहीं बांधवगढ़ नेशनल पार्क बफर जोन में धड़ल्ले से अवैध रूप से रेत का खनन किया जा रहा है।। वहीं यदि ग्रामीण अवैध उत्खनन का विरोध करते हैं या फिर शिकायत करते हैं तो पुलिस द्वारा ग्रामीणों के साथ मारपीट की जाती है और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। मिली जानकारी के अनुसार बांधवगढ़ नेशनल पार्क के सीमा क्षेत्र से निकलने वाली नदी से रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। मनमाने तरीके से नदी के बीच धार से रेत निकाली जा रही है और बाजार में महंगे दाम पर बेची जा रही है।

**लम्बे अर्से से चल रहा खनन**
क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि ठेका कंपनी ने बगैर अनुमति लगभग एक साल से रेत काअवैध उत्खनन कर नदी के अस्तित्व को खत्म कर दिया है। एक ओर जहां नदी खाई में तब्दील हो गई है वहीं जलीय जीव नष्ट हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यहां एनजीटी के निदेर्शों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैंए लेकिन राजस्व, माइनिंग, पुलिस, वन विभाग के जिम्मेदार रेत के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने में नाकाम है। जाजागढ़ के पिपही नदी से रेत बगैर अनुमति रेत निकाल रहे हैं और शासन को राजस्व का चूना लगा रहे है। बताया गया है कि यहां बरसात के पहले जमकर रेत निकाली गई बडे स्तर पर दोहन कर भारी वाहनों से परिवहन किया गया। जिसमें शासन को करोड़ रुपए का राजस्व को चूना लगाया गया।

# खुशियों की दास्तां

# जल गंगा संवर्धन अभियान को गति देने समाज आ रहा आगे

विवाह के निमंत्रण के साथ भेजा जल संरक्षण का संदेश

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया । जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बन गया है , जिसमें हर वर्ग , समुदाय के लोग , जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संस्थाएं, समाजसेवी अभियान मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जल को संरक्षित करने का बीड़ा उठा रहे है एवं जल ही जीवन है, का संदेश दे रहे है । ग्राम बचहा विकासखंड मानपुर में नवांकुर संस्था बचहा ने नवाचार करते हुए विवाह के निमंत्रण के साथ जल संरक्षण का संदेश भेजने का कार्य किया है । ग्राम बचहा के भूतपर्व सरपंच कमला प्रसाद जायसवाल ने अपनी बेटी सुधा जायसवाल के विवाह के निमंत्रण में जल है तो कल है , लोग प्रेम के बिना रह सकते है , मगर पानी के बिना नही , का संदेश दिया। उनकी इस पहल का आम जनों ने स्वागत किया तथा जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। देवेन्द्र कुमार जायसवाल नवांकुर संस्था बचहा के अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री जी व्दारा प्रारंभ किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल का संरक्षण की भावना से प्रेरणा लेकर परिवार के बीच बैठकर चर्चा की। परिवारिक चर्चा में मुख्यमंत्री जी के जल संरक्षण के संदेष को जन जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया और निमंत्रण कार्ड के माध्यम से जल है तो कल है , लोग प्रेम के बिना रह सकते है , मगर पानी के बिना नही , का संदेश दिया। उन्होने बताया कि यह कार्ड 30 ग्रामों तथा 300 लोगों तक पहुंचेगा जिसके माध्यम से भी जल संरक्षण का संदेष भी जन जन तक जाएगा। उन्होने जल के महत्व को समझते हुए जन जन को संदेश दिया कि जल के बिना मानव मानव की कल्पना भी नही जा सकती है । जल का संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए प्रदेश सरकार अभियान का संचालन कर रही है , उसमें सभी का सहयोग आवश्यक है, तभी अभियान की सार्थकता सिध्द होगी और जल की एक एक बूंद को बचा पाएंगे ।

# रेलवे नहीं, सी एस ए ग्राउंड में होगी पीएम मोदी की सभा : अंतिम चरण में तैयारियां

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**
कानपुर। अपने प्रस्तावित दौरे के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां अपनी सभा रेलवे ग्राउंड निराला नगर के बजाय अब सीएसए ग्राउंड में करेंगे ,जिसके लिए सारी तैयारियों को अंतिम रूप देना भी शुरू कर दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा यहां 24 अप्रैल को प्रस्तावित है ,जिसको लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं। वहीं तैयारियों की समीक्षा करने के लिए 20 को मुख्यमंत्री कानपुर दौरे पर आ सकते हैं।कुल मिलाकर कानपुर में पीएम की जनसभा स्थल अब चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार के निरीक्षण के बाद सीएसए ग्राउंड में फाइनल कर दिया गया है। रेलवे ग्राउंड के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किया सभा सी एस ए ग्राउंड में कराने के पीछे सबसे बड़ी वजह पीएम की सिक्योरिटी, दूसरी बड़ी वजह रेलवे ग्राउंड में भीड़ जुटाना थी। अभी बताया गया कि तीसरी कि अगर रेलवे ग्राउंड में जनसभा होती तो बड़ा ट्रैफिक डायवर्जन करना पड़ता। इसके साथ ही तमाम सारी मशक्कत से अफसरों को राहत मिल गई है। अवगत कराते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कानपुर दौरे के दौरान 19 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। वह अपने तीसरे कार्यकाल में पहली बार कानपुर आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी जिले की तीन बड़ी योजनाओं अंडरग्राउंड मेट्रो (सेंट्रल स्टेशन से चुन्नीगंज स्टेशन), नेयवेली पावर प्लांट और पनकी पावर हाउस का शुभारंभ करने के साथ लगभग 19,000 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे।

# अपर जिला जज ने किया जिला नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण, मरीजों की देखभाल को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिशा-निदेर्शों के अंतर्गत संभव सेवा संस्थान द्वारा संचालित जिला नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण गुरुवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पवार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में भर्ती 6 मरीज उपस्थित रहे, साथ ही संस्थान के कर्मचारीगण भी पूरी तत्परता से मौजूद थे। अपर जिला जज ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, चिकित्सकीय देखभाल एवं पुनर्वास प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मरीजों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने विशेष रूप से गर्मी के मौसम में मरीजों की सेहत और सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संस्थान को सलाह दी कि मरीजों को भावनात्मक और मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रेरणात्मक व काउंसलिंग गतिविधियों को और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। संस्थान के प्रतिनिधियों ने अपर जिला जज को आश्वासन दिया कि मरीजों के समग्र विकास और पुनर्वास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। संभव सेवा संस्थान के प्रयासों से जिले में नशा उन्मूलन की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इस निरीक्षण को जिला प्रशासन की सतर्कता और समाज में नशा मुक्ति के प्रति बढ़ते जागरूकता प्रयासों की एक मजबूत कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान संस्थान के प्रबंधक, लेखाकार, रसोइया एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

# जिलाधिकारी ने राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा की

स्टाम्प में बड़े बकायेदारों से सख्ती के साथ वसूली करायी जाये-डीएम



**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**
प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में गुरूवार को देर सायांकल कैम्प कार्यालय के सभागार में राजस्व प्रशासन एवं कर-करेत्तर राजस्व संग्रह की समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त की। बैठक में डीएम ने नई आबकारी दुकानों के सत्यापन के सम्बन्ध में जानकारी ली तो जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दुकानों का सत्यापन करा लिया गया है और दुकाने निर्धारित स्थल पर स्थित है। परिवहन विभाग की समीक्षा में कामर्शियल बसों की परमिट के रूट के बारे में जानकारी ली गयी तो एआरटीओ द्वारा कोई स्पष्ट जवाब न देने पर डीएम ने एआरटीओ को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि अगली बैठक में मण्डलीय कार्यालय से सूची मंगाकर उपलब्ध करायें। वाणिज्य कर अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मैरेज हाल, आरा मशीन, भट्ठों, कामर्शियल वाहन मालिकों की सूची, विद्युत विभाग से 10 किलोवाट ऊपर के कनेक्शन की सूची, श्रम विभाग से जिन संस्थानों में 20 लेबर कार्य कर रहे है उनकी सूची, उद्यान विभाग से कोल्ड स्टोरेज की सूची, कोचिंग सेन्टर आदि की सूची प्राप्त कर नियमानुसार जीएसटी की वसूली की जाये जिससे आय को बढ़ाया जा सके। वन विभाग की समीक्षा में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी उपस्थित न रहने व उनके द्वारा अपने अधीनस्थ को भेजे जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और जनपद में संचालित आरा मशीनों के नाम व पता सहित सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये और अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सूची प्राप्त होने पर उपजिलाधिकारी से सत्यापन कराया जाये, सत्यापन में अनियमितता पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन की समीक्षा में एआईजी स्टाम्प से स्टाम्प वाद के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी उनके द्वारा स्पष्ट जानकारी न देने पर अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी कार्यालय में स्टाम्प वाद के जितने भी प्रकरण लम्बित है उसे निस्तारित कराया जाये। स्टाम्प में बड़े बकायेदारों की जो आरसी जारी है उन बड़े बकायेदारों से सख्ती के साथ वसूली करायी जाये। मण्डी सचिव से जानकारी ली गयी कि महुली मण्डी में बनी समस्त दुकानें संचालित हो रही है या नही एवं सभी के नवीनीकरण हुये कि नही तो बताया गया कि सभी दुकानें संचालित हो रही है एवं नवीनीकरण करा लिये गये है। नगरीय निकाय से हाउस टैक्स और वाटर टैक्स के बारे में जानकारी प्राप्त की तो अवगत कराया गया कि 2011 के बाद अभी तक कर में बढ़ोत्तरी नही की गयी है, हाउस टैक्स एवं वाटर टैक्स की बढ़ोत्तरी की पत्रावली प्रक्रिया में है जल्द ही करा ली जायेगी। खनन विभाग की समीक्षा में निर्देशित किया कि कितने भट्टे क्रियाशील है और कितनों का नवीनीकरण नही हुआ है उसकी जांच कर ली जाये और अवैध खनन कदापि न होने पाये। उन्होने निर्देशित किया कि अवैध टैक्सी स्टैण्ड, अवैध बस स्टैण्ड एवं अवैध होर्डिंग को चिन्हित कर कार्रवाई की जाये। अन्त में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यो एवं दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें, लापरवाही कदापि न बरते, अन्यथा की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में आयोजित किया सम्मान समारोह

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**
प्रतापगढ़। बाबागंज ब्लॉक क्षेत्र के बी आर सी सेंटर बहोरिकपुर मे सेवानिवृत शिक्षक शिक्षिकाओं के विदाई समारोह का किया गया आयोजन । इस दौरान शिक्षक महेश नारायण शुक्ल,तीरथ राज यादव,इंद्र देव मौर्या,एवं शिक्षिकाएं नमिता त्रिपाठी, सुमिता त्रिपाठी, कमलेश कुमारी जानकी देवी को सेवानिवृत्त होने पर बीईओ आशीष मिश्र,उपाध्यक्ष संतलाल,ब्लॉक अध्यक्ष संगीता, ममता, सहित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। बीईओ आशीष मिश्र ने कहा कि शिक्षक विद्यालय से भले ही सेवानिवृत हो जाय लेकिन समाज से आजीवन सेवानिवृत नहीं होता है वह अपने जीवनपर्यंत समाज के उत्थान के लिए करता रहता है कार्य। सेवानिवृत शिक्षकों को विद्यालय परिवार उनके किये कार्यो के लिए सदैव याद रखेगा और उनकी कुशल कार्य क्षमता व उत्कृष्ट योगदाम हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे । कार्यक्रम का कुशल संचालन महामंत्री प्रभाकर नाथ पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक अरुणपति, आलोक त्रिपाठी, अरुण द्विवेदी, देवराज शुक्ल, जे पी सिंह, राजेश पाण्डेय, कमलेश गौतम, अजय शुक्ल, ओम प्रकाश मिश्रा,प्रियंका सिंह, अनामिका सिंह,संजीत सरोज,विनोद सरोज आदि शिक्षक गण रहे मौजूद ।

# बिरसिंहपुर से उमरिया में थर्ड लाइन की औपचारिकता पूर्ण कर निकल गये मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त*

अभी भी तीसरी लाइन का कार्य अपूर्ण

**समाज जागरण**

उमरिया --- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मध्य बिरसिंहपुर पाली से उमरिया के मध्य निर्मित तीसरी रेलवे लाइन का सी आर एस निरीक्षण 31 मार्च व 1 अप्रैल को महज दिखावा कर औपचारिकता निभाते हुए निकल गये । विदित होवे कि कही भी नयी रेलवे लाइन का काम होने पर या कि बडी रेल दुर्घटना होने पर सी आर एस का निरीक्षण किये जाने का प्रावधान है । सी आर एस एक स्वतंत्र एजेंसी है, जो कि रेल विभाग से अलग सीधे गृह विभाग से जुडी एजेंसी है । जिसमें मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त निरीक्षण /जांच करते हैं मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ही नयी रेलवे लाइनो पर रेल गाड़ियां चलने के लिए उपयुक्त है कि नहीं इस विषय पर विस्तृत, सूक्ष्मतम निरीक्षण कर रेल गाड़ियों के परिचालन की अनुमति प्रदान करते हैं, अनुपयुक्त /कमियां पाये जाने पर मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त कदापि रेल गाड़ियां परिचालन की अनुमति नहीं दी जाती ,लेकिन सी आर एस जैसी महत्वपूर्ण एजेंसी ने जिस तरह निरीक्षण के दौरान संरक्षा के निर्धारित मानकों की अनदेखी की गयी है , इस वजह से सी आर एस निरीक्षण सवालों के घेरे में बताया जा रहा है ।बताया जाता है कि निर्मित तीसरी रेलवे लाइन के ट्रैक पैरामीटर जो संरक्षा के होने चाहिए , उनकी अनदेखी की गई है। रेल पुलों का कार्य हो, पुलों पर गार्ड रेल, चेकरेड प्लेट, लेवल क्रॉसिंग में नॉन स्टैण्डर्ड चैक रेल, चैक रेल क गैप स्टैंडर्ड नहीं रखा गया, रोड यूजर के लिए प्रॉपर सड़क नहीं बनाई गई, यार्ड में प्वाइंटों के नीचे जर्जर स्लीपर को नहीं बदला गया, पुराने स्लीपरो को नहीं बदला गया, स्लीपर के नीचे कुशन नहीं है। इत्यादि रेल लाइन का काम अपूर्ण रहा, फिर भी मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त ने इन सब बारीकियों को नजर अंदाज करके मामूली निर्देश देते हुए ट्रैक को रेलगाड़ियों के परिचालन हेतू अनुमति दे दी। बताया जाता है नई रेलवे लाइन में जो ट्रैक पैरामीटर होने चाहिए, वह नहीं है। जानकार सूत्रों का मानना है कि ट्रैक में स्लीपर की फिटिंग्स बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन चाभियां तक अपूर्ण है बैलास्ट प्रोफाइल तक नहीं बनाई गई। इसके बाबजूद भी रेलगाड़ियों के परिचालन की अनुमति मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। इस नई रेलवे लाइन के घटिया पन की शिकायत तो यहां तक बतलाया जाता है कि सेक्शन में बने बड़े पुलों पर निर्धारित मापदण्ड की धज्जियां उड़ाते हुए निर्धारित मात्रा से कम लोहे की सरिया पिलर में लगाए जाने का मामला पहले ही प्रकाश में आया था, इस गंभीर मसले पर निचले स्तर के अधिकारियों को चार्जशीट जारी कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया है । तीसरी नई रेलवे लाइन पर यार्ड मे जर्जर हालत में पॉइंट्स एंड क्रॉसिंग स्लीपर लगे हुए है। उनको तक बदली नहीं किया गया। पुलों के आस पास बिना कंपेक्शन के मिट्टी के ऊपर कंक्रीट ब्लॉक दिखने के लिए लगा दिए गए है। इसी प्रकार एंबंकमेंट में भी कंपैक्शन नहीं किया गया, जो एक बरसात में बह जाएगी। पूर्ण रूप से संरक्षा का उल्लंघन किया गया है, जो नियमानुसार कार्य होना चाहिए उसका किया जाना भी उचित नहीं समझा गया ।जानकार सूत्रों का मानना है उसके अपूर्ण होने पर रेल गाड़ियां चलाने की अनुमति नहीं दी जा सकती थी लेकिन इस बार के सी एस आर में इन सबकी धज्जियां उड़ाई गयी है ।रेलवे लाइन अपूर्ण होने की स्थिति में प्रथम दिन मोटर ट्रॉली निरीक्षण के दौरान जगह - 2 कार्य होते हुए स्वयं सी आर एस टीम ने देखा, दूसरे दिन सुबह आठ बजे से होने वाला सी आर एस निरीक्षण स्पेशल ट्रेन शाम तीन बजे से शुरू किया गया और मुख्य संरक्षा आयुक्त को छह घंटे तक इंतजार करना पड़ा । तीसरी रेलवे लाइन में इसी घटिया पन को छिपाने के लिए सी आर एस स्पेशल ट्रेन 120 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रायल होने वाली 90 किलोमीटर की रफ्तार पर चलाकर जिम्मेदार अधिकारियों ने औपचारिकता पूरी कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर लिया गया । जबकि आज भी रेलवे लाइन में गिट्टियां डालने , पुलों का कार्य , टो वॉल, नालियां बनाने में मजदूर लगे हुए है। मशीनों से पैकिंग का काम जारी है । तीसरी रेलवे लाइन के आधे अधूरे बने काम पर जिस तरह से रेल गाड़ियां दौड़ाने का सिलसिला जारी कर दिया गया है , वह बड़ी रेल दुर्घटना को अंजाम न दे जाये , इसके लिए उच्च रेल प्रशासनिक अधिकारियों को समय रहते आवश्यक कदम उठाने चाहिए ,नही तो गत वर्ष की भांति शहडोल बंधवा वारा, घुन घुटी के मध्य बीच बरसात में जिस तरह रेल लाइन का सेस कई जगह बह गया था। इस बरसात में उसकी नौबत न आ जाए,समय रहते इससे उबरने का प्रयास किया जाना चाहिए । खेद जनक कहा जाये कि इस बार के सी आर एस में पहुंचे अधिकारियों ने बांधवगढ़ में सफारी का लुतफ लेते हुए भारतीय आतिथ्य में स्वागत सत्कार और बिदाई में थैली भेंट ले आधे अधूरे तीसरी रेलवे लाइन को हरी झंडी दिखाकर रवाना हो गए ।

# सिद्ध बाबा व एकादशमुखी हनुमान मंदिर तक हुई प्रकाश व्यवस्था

**समाज जागरण**
अमलाईःबरगवा (अमलाई) नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 मे स्थित सिद्ध बाबा धाम व नव निर्मित एकादशमुखी हनुमान मंदिर तक नगर परिषद द्वारा विद्युत पोल लगाकर स्ट्रीट लाइट लगवाइ गयी है जिससे शाम के समय भी भक्तो को पहुँचने मे आसानी हो रही है इसके पूर्व मे बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर के सामने भी लाइट की व्यवस्था की गयी थी,ज्ञात हो की डोंगरिया टोला मे पूरे मध्य प्रदेश के इकलौते एकादशमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। इस कार्य की स्थानीय निवासियो द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही थी। यह कार्य हो जाने और लोगो द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष श्री मती गीता गुप्ता,सी एम ओ भूपेंद्र सिंह व पार्षद दीपक कोल का आभार व्यक्त किया गया है।

# जनप्रतिनिधि सहकार ग्लोबल के खिलाफ नतमस्तक होने को मजबूर!?

सत्ता के नेता तो चुप्पी साधे हैं, विपक्ष भी नहीं उठा रही आवाज
महंगा रेत खरीदने को लोग हो रहे हैं मजबूर, फिर भी दबी है सभी की जुबानें

**समाज जागरण**
**गौरव द्विवेदी सीधी।**

जिले में सहकार ग्लोबल का टेंडर नवंबर महीने में हुआ था लेकिन आज तक रेत की खदान शुरू नहीं कराया गया। कारण यह कि बहानेबाजी कर कहीं विभाग के खिलाफ तो कहीं हाई कोर्ट में याचिका दायर किया गया। अब स्थिति यह है कि उनकी दो खदानें सिंगरौली एवं शहडोल में संचालित हैं। उसी के मार्फत सीधी में भी चोरी-छिपे रेत की निकासी करने में कोई कसर नहीं छोंड़ रहे हैं। जबकि सत्ता एवं विपक्ष के नेता कंपनी के सामने नतमस्तक होने को मजबूर हैं।
सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य कराने के लिए राशि जारी की जा रही है। लेकिन राशि इतनी ज्यादा नहीं है कि उस पर भवन निर्माण हो पाएगा। उस पर रेत न मिलना एवं महंगे दर पर रेत खरीदी से लोग तंग आ चुके हैं। ऐसे में सत्ता के नेताओं की बोलती तो बंद ही है वहीं विपक्ष पार्टी के नेता भी मौन साधे हुए हैं। कंपनी के खिलाफ आखिर पक्ष विपक्ष के नेताओं की मेहरबानी क्यों है यह समझ से परे मानी जा सकती है। इस मामले में निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि सहकार ग्लोबल के सामने सब नतमस्तक होने को मजबूर हैं।

**बाक्स सांसद एवं विधायक भी नहीं कर रहे पहल**

इस मामले में तेज-तर्राट सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को भी मालूम है कि जिस कंपनी ने करीब 83 करोड़ रुपए का खदान सीधी जिले में लिया है वह रेत का संचालन नहीं कर रहा है। जबकि वही कंपनी समीपस्थ जिला शहडोल एवं सिंगरौली से रेत खदान संचालित कर रहा है एवं सीधी से भी चोरी-छिपे रेत की खदान चलाने में माहिर है। इसके बाद भी उनके द्वारा कोई पहल न किया जाना समझ से परे माना जा सकता है। वहीं सीधी एवं सिहावल तथा धौहनी एवं चुरहट विधायक द्वारा भी इस मामले में कोई पहल नहीं किया जा रहा है। जिस वजह से रेत खदान संविदाकार के हौंसले बुलंद हैं। यही वजह है कि आज तक सीधी जिले में रेत को लेकर हाहाकार मचा हुआ है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। बाक्स कब तक रहेगी अंधेरगर्दी, जनता का दुख कौन करेगा दूर देखा जाए तो रेत को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना में तो हितग्राही परेशान ही हैं आम जनता भी जो मकान बना रहे हैं उन्हें भी रेत के लिए दिक्कतें हो रही हैं। दुगने रेट पर रेत खरीदने के लिए लोग मजबूर हैं। इसके अलावा सरकारी एजेंसियां जहां निर्माण कार्य कर रही हैं उन्हें भी रेत के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। जिस वजह से अधिकतर निर्माण एजेंसी रेत की जगह राखड़ का उपयोग ज्यादा करना शुरू कर दिए हैं। ऐसे में गुणवत्ता की अनदेखी भी हो रही है। परंतु शासन-प्रशासन इस मामले में कोई पहल नहीं कर पा रही है।

# अलौनी नदी के बरहा घाट पर श्रमदान कर किया बोरी बंधान

**समाज जागरण**
कटनी । विकासखण्ड रीठी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण- शीर्ण पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री तेज सिंह केशवाल एवं ब्लाक समन्वयक अरविंद शाह के मार्ग दर्शन में जिले की नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समितियां भी जल गंगा अभियान में बढ़- चढ़ कर कार्य कर रही है। अभियान के तहत सेक्टर बिलहरी क्रमांक 4 के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरयारपुर द्वारा नवापटटी से मगरधा होते हुए निकलने वाली अलौनी नदी के बरहा घाट पर सभी ने श्रमदान के माध्यम 30 बोरी का बोरी बंधान कार्य एवं नदी में साफ सफाई का कार्य किया गया एवं नदी की साफ सफाई कर आम जनो को प्रेरित किया गया

## नबीनगर में मृत्युंजय कुमार उपाध्याय जबकि नरारी कला खुर्द में दिनेश कुमार को मिला नए थानाध्यक्ष का कमान

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने जिले के पांच थाना में थानाध्यक्ष को बदलकर नये थानाध्यक्ष बनाया है जिसमे नबीनगर प्रखंड में नबीनगर थाना सहित नरारी कला खुर्द थाना में नए थानाध्यक्ष को पदस्थापित किया गया है।पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार पुलिस निरीक्षक मृत्यंजय कुमार उपाध्याय प्रभारी जिला आसूचना इकाई को थानाध्यक्ष नबीनगर तथा पुलिस अवर निरीक्षक बन्देया दिनेश कुमार को नरारी कला खुर्द का थानाध्याध्यक्ष का कमान सौंपा गया है ।सभी थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से अपने अपने नवपदस्थापित थानों में योगदान करने का आदेश दिया गया है।



## छापेमारी के दौरान छुपाकर रखी शराब पुलिस ने किया बरामद, तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सुरार जंगल से पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब बरामद किया है। हालांकि तस्कर पुलिस के हाथ नहीं लग सका। मामले में एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर कार्रवाई की गयी।पता चला की अवैध शराब का कारोबार हो रहा है। जिसमें सुरार गांव के जंगल से छापेमारी कर छुपाकर रखे 20 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब बरामद किया गया। हालांकि इस क्रम में कारोबारी पुलिस के हाथ नही लगा। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। वही छापेमारी अभियान में पी एस आई ब्रजेश यादव समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि शराब तस्करी के लिए छुपाकर रखी गयी थी। जिसमें पुलिस ने कार्रवाई कर तस्कर के मंसूबे को नाकाम कर दिया। वही फरार शराब तश्कर नवीनगर थाना क्षेत्र के शिव सागर गांव निवासी रोहित कुमार पिता मोहन चौहान के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## महिला संवाद का शुरूआत करेंगे सीएम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार से 2 करोड़ महिलाओं से संवाद का नया अभियान शुरू कर रहे हैं। 2 महीने तक यह कार्यक्रम चलेगा। चुनावी साल में नीतीश सरकार का यह बड़ा अभियान है। मुख्यमंत्री आवास संकल्प से अभियान शुरू हो रहा है, जिसमें बिहार सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री 50 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 600 जगह पर पहले दिन महिला संवाद कार्यक्रम होगा, लेकिन अगले दिन से 1200 जगह पर इसका आयोजन होने लगेगा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के अनुसार सभी 38 जिले में महिला संवाद का कार्यक्रम करने जा रहे है। बिहार के 48000 गांव में महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। बड़े गांव में एक से अधिक संवाद करने की तैयारी है। ऐसे में कुल 70000 से अधिक जगहों पर महिला संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इसमें 135000 जीविका दीदी भी शामिल होंगी। बिहार के सभी गांव में महिला संवाद का कार्यक्रम होगा और जो गांव बड़ा है वहां एक से अधिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 600 गाड़ियां भी पूरे बिहार में घूमेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम करने के पीछे मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाएं, कार्यों के विषय में महिलाओं को जानकारी प्रदान करना है। महिलाओं को अपने गांव या टोलों की समस्याओं और आकांक्षाओं को चिह्नित कर उसकी प्राथमिकता निर्धारण करने के लिए अवसर प्रदान करना, संवाद के दौरान प्राप्त समस्याओं का विभिन्न स्तर पर त्वरित समाधान करना, प्राप्त सूचनाओं के आधार पर सरकार की योजनाओं के सूत्रण एवं नीति निर्धारण में महिलाओं की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से समाहित करना है।

## देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार, बाईक जप्त, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बेनी गंजहर गांव के समीप से एक बाइक पर सवार तीन लोगो को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान औरंगाबाद जिला के टंडवा थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी निखिल कुमार सिंह,मंजीत कुमार सिंह तथा दिनेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। मामले में टंडवा थानाध्यक्ष धन्जय कुमार ने बताया शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है और तिनों व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त सड़क से बाइक सवार तीन व्यक्ति देसी चुलाई शराब के साथ गुजरने वाला है। सूचना का सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई के दौरान बेनी गंजहर गांव के समीप बाइक पर प्लास्टिक बैग में रखे 2.5 लीटर देसी शराब बरामद की गई व एक बाईक जप्त की गई और तीनो व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर तीनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वही छापेमारी अभियान में पी एस आई संजय कुमार यादव समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पुलिस ने शराब के नशे में दो लोगो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नवीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के बेनी गंजहर गांव से दो शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए रंगाबाद जिला के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी मुन्ना कुमार चौधरी तथा रणधीर कुमार तिवारी शराब के नशे में हंगामा कर रहा था जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची और दोनों शराबी को गिरफ्तार कर थाने लाई। मामले में टंडवा थानाध्यक्ष धनजय कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र के बेनी गंजहर गांव के समीप से उक्त दोनो व्यक्ति शराब के नशे में धुत्त था। गुप्त सुचना के आधार पर तत्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से गिरफ्तार किया गया है। जिसकी मेडिकल जांच कराया गया जहां चिकित्सकों ने शराब पिने की पुष्टि की है।इसके बाद पकड़े गए शराबी के विरुद्ध बिहार राज्य मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उक्त दोनो शराबी को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वही इसकारवाई में पी एस आई संजय कुमार यादव सहित सशसत्र बल के जवान शामिल थे।

## राहुल सोनिया पर चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं का प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार की राजधानी पटना एक बार फिर राजनीतिक हलचल का केंद्र बन गई, जब युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दायर किए जाने का विरोध किया। इस विरोध प्रदर्शन ने तब तूल पकड़ा जब कार्यकताओं ने सचिवालय हॉल्ट स्टेशन पर ट्रेन को रोककर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों की इस कार्रवाई से न केवल यातायात प्रभावित हुआ बल्कि पुलिस और प्रशासन को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नेशनल हेराल्ड केस कांग्रेस पार्टी के लिए लंबे समय से चिंता का विषय रहा है। इस मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने से कांग्रेस कार्यकताओं में गहरा आक्रोश फैल गया है। युवा कांग्रेस ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताते हुए खुला विरोध जताया। उनका कहना है कि यह कार्रवाई केवल राजनीतिक दबाव बनाने और गांधी परिवार की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता पटना के सचिवालय हॉल्ट स्टेशन पहुंचे और वहाँ से गुजरने वाली एक ट्रेन को रोक दिया। कुछ कार्यकर्ता सीधे ट्रेन के सामने जाकर लेट गए, जिससे ट्रेन को तत्काल रोका गया। यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुआ था लेकिन ट्रेन रोकने की घटना ने इसे उग्र रूप दे दिया। यात्रियों को असुविधा हुई और रेलवे प्रशासन को भी काफी परेशानी झेलनी पड़ी। प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। ट्रेन के सामने लेटे कार्यकताओं को हटाने में पुलिस को खासी मेहनत करनी पड़ी। कई बार स्थिति तनावपूर्ण भी हो गई, लेकिन पुलिस ने संयम के साथ कार्रवाई की। अंततः सभी प्रदर्शनकारियों को हटाया गया और ट्रेन को फिर से रवाना किया गया। हालांकि इस दौरान यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा और यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। उनका आरोप है कि गांधी परिवार को टारगेट कर एक सोची-समझी रणनीति के तहत उन्हें बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर सरकार ने इस तरह की कार्रवाई जारी रखी तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर और भी बड़े स्तर पर विरोध करेगी। पटना प्रशासन ने इस पूरे घटनाक्रम पर नजर रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश की। प्रशासन ने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान किया जाएगा, लेकिन किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ट्रेन रोकने जैसी घटनाएं आम लोगों को प्रभावित करती हैं और प्रशासन ऐसी गतिविधियों को गंभीरता से ले रहा है। यह घटना बताती है कि नेशनल हेराल्ड केस केवल एक कानूनी मामला नहीं, बल्कि एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है, जिसमें कांग्रेस पार्टी और उसके समर्थक इसे सत्ता पक्ष की रणनीति मान रहे हैं। युवा कांग्रेस के इस प्रदर्शन ने साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में विपक्ष का रुख और अधिक आक्रामक हो सकता है। साथ ही, सरकार और प्रशासन के सामने यह चुनौती होगी कि विरोध को कैसे नियंत्रित किया जाए, बिना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किए

# 23 अप्रैल को बन्द रहेगी जेपी गंगा पथ

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ पटना के लोगों को 23 अप्रैल को ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव के कारण कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस दिन राजधानी में भारतीय वायुसेना का भव्य एयर शो आयोजित होने वाला है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने जेपी गंगा पथ का एक हिस्सा बंद रखने का निर्णय लिया है। प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 23 अप्रैल को जेपी गंगा पथ का एक लेन पूरी तरह बंद रहेगा। दूसरे लेन से सिर्फ आवश्यक वाहनों को गुजरने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही, गंगा नदी में जेपी सेतु से गंगा सेतु के बीच नावों के परिचालन पर भी रोक लगा दी गई है। यह कदम एयर शो की सुरक्षा और सुचारु संचालन के लिए उठाया गया है। यह पहली बार है जब पटना के आसमान में सूर्य किरण एरोबैटिक टीम अपनी कला का प्रदर्शन करेगी। इस विशेष अवसर पर नौ हॉक-132 जेट विमान आसमान में रोमांचक करतब दिखाएंगे। एयर शो का आयोजन बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती, जिसे शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है, के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। एयर शो 23 अप्रैल को सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक चलेगा। यह कार्यक्रम जेपी सेतु और गांधी सेतु के बीच गंगा नदी के ऊपर आयोजित होगा। मुख्य आयोजन स्थल सभ्यता द्वार के पास गंगा के किनारे होगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी और आम लोगों के लिए कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला प्रशासन ने एयर शो के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती के आदेश दिए हैं। मौके पर अस्थायी नियंत्रण कक्ष, मोबाइल अस्पताल, अग्निशमन सेवा, जल टैंकर, मोबाइल वाटर एटीएम और पिंक टॉयलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम के लिए स्कूल और कॉलेज के छात्रों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। यह एयर शो सिर्फ एक मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को भारतीय वायुसेना की कार्यशैली, अनुशासन और देश सेवा की भावना से जोड़ना भी है। छात्रों को इस रोमांचक प्रदर्शन के जरिए वायुसेना में करियर के अवसरों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर पटना में उत्साह का माहौल है, हालांकि ट्रैफिक और आवाजाही में होने वाली असुविधा से बचने के लिए प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवारी युवक की मौत, परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले के मस्तान चौक पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवारी युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम के लिए किशनगंज मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल लाया गया।मृतक युवक पहचान नवेद आलम पिता अताउर रहमान किशनगंज जिले चकला निवासी के रूप में हुआ। मिली



जानकारी के अनुसार मृतक युवक पहचान नवेद आलम अपने साथी के साथ काम करने के लिए बरबट्टा जा रहा था।इस दौरान मस्तान चौक के समीप ट्रैक्टर से टकरा गया। जिस कारण घटनास्थल पर ही नवेद आलम की मौत हो गई। मौत की सूचना परिवार वालों को दी गई।परिवार वाले सदर अस्पताल पहुंचकर मृत अवस्था में पड़ा हुआ नवेद आलम के शव को देख परिवार वाले रोने-बिलाखने लगे।

## वक़्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ़्रेंस आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




18 अप्रैल रविवार को लहर मैदान में वक्फ संशोधन एक्ट के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक़्फ संशोधन एक्ट 2025 को सख़्त लहजे में खारिज किया और इसे "काला कानून" बताया। उन्होंने कहा कि यह संशोधन एक्ट वक़्फ संपत्तियों की हिफाजत की बजाय उसे समाप्त करने की दिशा में एक खतरनाक कदम है। मौलाना शमीम रियाज नदवी ने कहा कि वक़्फ संपत्तियाँ मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और सामाजिक धरोहर हैं और यह संविधान के तहत संरक्षित हैं। ऐसे में वक़्फ कानून में संशोधन करके सरकार न केवल समुदाय की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है, बल्कि यह संविधान की आत्मा के भी खिलाफ है। अख्तरुल इमान और अन्य विधायकों ने कहा कि वे विधानसभा के भीतर और बाहर इस कानून के खिलाफ पूरी ताकत से आवाज उठाएंगे और जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जनता से अपील की गई कि वह मजहब या फिर किसी भी विचारधारा की दीवार को तोड़कर एकजुट होकर 20 अप्रैल को लहरा मैदान पहुंचे और इस ऐतिहासिक आंदोलन को सफल बनाएँ। नेताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी पार्टी या संगठन के लिए नहीं, बल्कि वक़्फ की हिफाजत के लिए है, और इसमें हर वर्ग के लोगों की भागीदारी जरूरी है। प्रशासन से भी अपील की गई कि वह क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने के लिए सजगता बनाए रखे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कार्यक्रम को लेकर जोश और उम्मीद का माहौल पैदा कर दिया है और उम्मीद की जा रही है कि 20 अप्रैल को लहरा मैदान में भारी संख्या में लोग जुटेंगे और वक़्फ की हिफाजत के लिए आवाज बुलंद करेंगे।प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य के कई प्रमुख जनप्रतिनिधियों और सामाजिक-धार्मिक नेताओं ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम में सदर विधायक इजहारुल हुसैन, विधायक अख्तरुल इमान, विधायक इजहार असफी, चेयरमैन फयाज, मौलाना शमीम रियाज नदवी (कन्वीनर वक़्फ प्रोटेक्शन मूवमेंट)، मजहरुल हसन, तथा कोर कमेटी के सभी सदस्यगण मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय शतरंज के आयुवर्ग में सुरोनोय बने चैंपियन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



संबोधि रेजॉर्ट, बांका में आयोजित दो दिवसीय बनवारीलाल अग्रवाल स्मृति ओपन अंतरराष्ट्रीय फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में अपने जिले के होनहार बाल खिलाड़ी सुरोनोय दास ने अंडर-11 आयु वर्ग में चैंपियन बनकर जिले का नाम गर्व से ऊँचा किया। प्रतियोगिता में बिहार सहित झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों से कुल 191 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अपने जिले से भाग लेने वाले दो बाल खिलाड़ियों– सुरोनोय दास और धान्वी कर्मकार– में से सुरोनोय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 में से 6 अंक अर्जित किए। इस प्रदर्शन के आधार पर उन्हें अपने अंडर-11 आयु वर्ग में विजेता घोषित किया गया। उन्होंने वरीयता सूची में 34वां स्थान भी प्राप्त किया। विदित हो कि सुरोनोय मिलनपल्ली निवासी एवं जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष राजेश कुमार दास और श्रीमती सुनीता दत्ता के पुत्र हैं। वे बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 5 के छात्र हैं। जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव, अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रशिक्षक तथा इन खिलाड़ियों के कोच कमल कर्मकार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सुरोनोय की लगन और नियमित अभ्यास ही उनकी सफलता की कुंजी है। इन्होंने संघ के लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। इस सफलता पर सुरोनोय को बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष--श्रीमती अमृता साव, सोमनाथ पांडे, डॉ. अशोक प्रसाद, डॉ. के. के. कश्यप, हृदय रंजन घोष, दिनेश पारीक, रफी अहमद, मोहम्मद तारिक अनवर, अविनाश अग्रवाल, श्रीमती रिंकी झा, बासुकीनाथ गुप्ता, विशाल जैन, सुरोजित दास, पूर्ण कुमार सिंह, निशान सिंह, मनीष दफ्तरी ,पंकज भार्गव, अतुल रौशन, तहफीमूर रहमान, सुजय मिश्रा, अभिषेक मंडल सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## पौआखाली नगर पंचायत चेयरमैन बोर्ड लगे कार से 6 लीटर विदेशी शराब बरामद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

मध निषेध अधिनियम के तहत गुप्त सूचना के आधार पर रामपुर चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग टीम के द्वारा जांच अभियान चलाया गया।जांच अभियान के दौरान हलीम चौक पर उत्पाद विभाग के उत्पाद निरीक्षक सुनील कुमार साव के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पौआखाली नगर पंचायत चेयरमैन का बोर्ड लगा हुआ कार से 6 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। उत्पादन निरीक्षक सुनील कुमार साव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल विदेशी शराब लेकर एक ऑल्टो कार जिस पर नगर पंचायत चेयरमैन का बोर्ड लगा था।जिसे रामपुर चेक पोस्ट के पास रोकने का प्रयास किया लेकिन हम लोगों को देख चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी।जिसे हम लोगों के द्वारा पीछा करते हुए हलीम चौक के पास वाहन को पकड़ लिया।चालक मौके से फरार हो गया।कार की जांच की गई जिसमें 6 लीटर विदेशी शराब लदे थे। विदेशी शराब को बरामद करते हुए कार को जप्त कर लिया गया है।




# भारत ने तकनीक एवं स्टार्टअप से संबंधित अफ्रीका के सबसे बड़े कार्यक्रम गीटेक्स अफ्रीका 2025 में हिस्सा लिया

ज्ञान का हस्तांतरण और प्रौद्योगिकी का साझाकरण सामूहिक विकास के प्रमुख स्तंभ हैं: राज्यमंत्री जयंत चौधरी तकनीक एवं स्टार्टअप से संबंधित अफ्रीका का सबसे बड़ा कार्यक्रम गीटेक्स नीति निमार्ताओं, परिवर्तनकताओं और दूरदर्शी लोगों को सामूहिक रूप से चर्चा एवं सहयोग करने तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था के समावेशी व न्यायसंगत विकास की अनिवार्यता को आगे बढ़ाने के अवसरों पर विचार-विमर्श करने का एक मंच प्रदान करता है। तीन-दिवसीय यह कार्यक्रम हाल ही में मोरक्को की राजधानी मारकेश में संपन्न हुआ। कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्यमंत्री श्री जयंत चौधरी ने इस शिखर सम्मेलन में भारत गणराज्य का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने विभिन्न उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठकों, पैनल चचाओं में भाग लिया तथा अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने वाले भारतीय स्टार्टअप से बातचीत की। चचाओं के दौरान, श्री जयंत चौधरी ने कहा, भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) ने खासकर डिजिटल पहचान (आधार), डिजिटल भुगतान (यूपीआई), ई-कॉमर्स (ओएनडीसी) और स्वास्थ्य सेवा के विकास के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। और हम अपने कौशल से जुड़े इकोसिस्टम में उन्नत तकनीकों झ एआई, साइबर सुरक्षा, फिनटेक और डिजिटल अवसंरचना को तेजी से एकीकृत कर रहे हैं। स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), जोकि कौशल से जुड़े इकोसिस्टम के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है, ने डेढ़ वर्ष में एक करोड़ से अधिक उपयोगकताओं को जोड़ा है। ये ऐसे क्षेत्र हैं, जो हमारे अफ्रीकी भागीदारों के साथ सहयोग की संभावनाओं से भरपूर हैं और हम निरंतर साझेदारी के जरिए सामूहिक रूप से अपनी अर्थव्यवस्थाओं को विकसित कर सकते हैं। श्री जयंत चौधरी ने कहा, "भारत, जहां डिजिटलीकरण की गति कुछ अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेज है, स्थापित ओपन-सोर्स डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना प्रणाली के साथ सहयोग और ज्ञान के साझाकरण के जरिए ऐसे प्रणाली विकसित करने के इच्छुक अन्य विकासशील देशों में डिजिटलीकरण की गति को उत्प्रेरित करने की क्षमता रखता है।ह्व इसके अलावा, भारत एआई से जुड़े पेशेवरों के लिए एक प्रमुख संसाधन प्रतिभा केन्द्र है और एआई स्टैनफोर्ड इंडेक्स 2025, जो एआई को अपनाने हेतु एक वातावरण का विकास करने के सरकार और उद्योग जगत के प्रयासों का एक स्पष्ट संकेतक है, के अनुसार एआई से जुड़ी प्रतिभाओं की भर्ती में वर्ष - दर झ वर्ष के आधार पर 33.39 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अग्रणी है। इस शिखर सम्मेलन के दौरान, केन्द्रीय मंत्री ने डिजिटल बदलाव एवं प्रशासनिक सुधार मंत्री सुश्री अमल एल फल्लाह सेघ्रोचनी, उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचार मंत्री प्रोफेसर अजेदीन एल मिदौई, आर्थिक समावेशन, लघु व्यवसाय, रोजगार एवं कौशल मंत्री श्री यूनुस सेकौरी और राष्ट्रीय शिक्षा, प्रीस्कूल एवं खेल मंत्री श्री मोहम्मद साद बेराडा के साथ सार्थक द्विपक्षीय बैठकें कीं। श्री जयंत चौधरी ने अपनी संबोधन में एआई, अनुसंधान और क्षमता में तालमेल की खोज पर व्यापक रूप से चर्चा की। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि कैसे डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना समावेशन, नवाचार एवं न्यायसंगत विकास के लिए उत्प्रेरक साबित हो सकती है।

# संकट मोचन बजरंगबली मंदिर में 216 घंटे का महाअष्टयाम शुरू, नानु बाबा की रही विशेष उपस्थिति

1972 से लगातार हो रहा आयोजन, महिला कीर्तन मंडली और भक्ति झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**समाज जागरण अररिया।**



शहर के मारवाड़ी पट्टी स्थित संकट मोचन बजरंगबली मंदिर में 12 अप्रैल से 216 घंटे का महाअष्टयाम आरंभ हो चुका है। यह भव्य धार्मिक आयोजन 21 अप्रैल तक चलेगा। हर साल की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। गुरुवार को मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर के साधक नानु बाबा ने मंदिर पहुंचकर भक्तों को आशीर्वाद दिया। उनकी उपस्थिति से श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान महिला कीर्तन मंडली द्वारा "हरे राम, हरे कृष्ण" के मधुर भजनों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। साथ ही आकर्षक भक्ति झांकियों और विशेष सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया है। मुख्य पुजारी राम नारायण ओझा ने बताया कि यह परंपरा वर्ष 1972 से लगातार चली आ रही है, जिसमें नवाह संकीर्तन और महाअष्टयाम का आयोजन पूरे श्रद्धा व विधि-विधान से किया जाता है।

# मुख्यमंत्री ने दिखाई महिला संवाद रथ को हरी झंडी, अब हर गांव में पहुंचेगी योजनाओं की बात

राज्यभर में महिलाओं से संवाद स्थापित कर योजनाओं की जानकारी देने और सुझाव जुटाने की अनूठी पहल

**समाज जागरण अररिया ।**



महिलाओं को सशक्त बनाने और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को महिला संवाद रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस संवाद रथ अभियान के तहत पूरे राज्य में महिलाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी जरूरतें, सुझाव और समस्याएं एकत्र की जाएंगी, ताकि सरकार की योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। अररिया जिले के लिए कुल 18 महिला संवाद रथ रवाना किए गए हैं, जो जिले के 9 प्रखंडों में प्रतिदिन दो-दो पंचायतों में भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी देंगे और महिलाओं से फीडबैक लेंगे। यह हाईटेक संवाद रथ जीपीएस टैगिंग, ऑडियो-वीडियो प्रस्तुतिकरण, और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी सुविधाओं से लैस है। रथ के माध्यम से न केवल योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, बल्कि संवाद के दौरान महिलाओं की राय को डिजिटल रूप से दर्ज कर राज्य सरकार को भेजा जाएगा। शुक्रवार को अररिया के 18 पंचायतों में संवाद रथ का भव्य प्रदर्शन हुआ, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार ने अररिया सदर के कोदरकट्टी गांव में इस पहल का उद्घाटन किया और महिलाओं से सीधा संवाद करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। यह अभियान राज्य सरकार की नारी सशक्तिकरण की सोच को जमीनी स्तर पर लागू करने का प्रयास है, जिसमें महिलाओं की भागीदारी से विकास को नई दिशा देने का लक्ष्य रखा गया है।

# पूर्ण वेतनमान, प्रोन्नति और पुरानी पेंशन की बहाली के लिए संघर्ष जारी रहेगा: प्रदीप कुमार पप्पू

संघ के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मधेपुरा में भव्य सम्मान समारोह, राज्य सरकार की नीतियों पर जमकर बरसे शिक्षक नेता

**समाज जागरण मधेपुरा ।**




बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार पप्पू को बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के 23वें राज्य अधिवेशन में संघर्ष कोष परिषद का राज्याध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर वेदव्यास महाविद्यालय, मधेपुरा में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भुवन कुमार ने की, जबकि संचालन जिला प्रधान सचिव संजय कुमार ने किया। सम्मान समारोह में श्री पप्पू का फूलमाला, शॉल एवं बुके के साथ गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघीय पदाधिकारी, प्रतिनिधि शिक्षकगण और कर्मचारी महासंघ से जुड़े अनेक नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सरकारी तानाशाही के खिलाफ निर्णायक लड़ाई होगी- पप्पू सभा को संबोधित करते हुए प्रदीप कुमार पप्पू ने स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। वेतनमान, प्रोन्नति, सेवा स्थायित्व और पुरानी पेंशन की बहाली जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार की उदासीनता चिंताजनक है। उन्होंने कहा: "अब समय आ गया है कि हम सभी शिक्षक और कर्मचारी मिलकर सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़ें। पुरानी पेंशन, समान वेतनमान, सेवा स्थायित्व और सम्मानजनक प्रोन्नति हमारा हक है और इसे लेकर कोई समझौता नहीं होगा।" उन्होंने बताया कि अनुबंध और आउटसोर्सिंग की प्रथा से कर्मियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। एक ही विद्यालय में विभिन्न नामों से नियुक्त शिक्षकों के बीच सेवा शर्तों की भिन्नता से शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर भी श्री पप्पू ने नाराजगी जताई और कहा कि यह व्यवस्था शिक्षकों-कर्मचारियों पर बोझ बन चुकी है और जल्दबाजी में कई बार हादसे भी हो रहे हैं। पुरानी पेंशन बहाली और स्थानांतरण नीति पर विशेष जोर उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली न केवल एक आर्थिक अधिकार है, बल्कि रिटायर्ड शिक्षकों-कर्मचारियों के जीवन की गरिमा से भी जुड़ा हुआ मुद्दा है। इसके लिए राज्यव्यापी संघर्ष तेज किया जाएगा। स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता और प्रोन्नति से जुड़ी अड़चनों को समाप्त करना भी संघ की प्राथमिकता में शामिल है। सम्मान समारोह में जुटे सैकड़ों शिक्षक-कर्मी नेता इस मौके पर संघ के अनेक पदाधिकारियों और शिक्षक नेताओं ने श्री पप्पू के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया और ऐलान किया कि शिक्षकों और कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई में वे पूरी मजबूती से साथ खड़े रहेंगे। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से बिनोद कुमार, नीलम कुमारी, ऐशुर रहमान, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, सुनील चौरसिया, रितेश सिन्हा, रत्नेश कुमार, अशोक साह, विमलेश कुमार विमल सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया। जिला संघ अध्यक्ष भुवन कुमार ने कहा कि यह लड़ाई अस्थायीकरण के खिलाफ स्थायीत्व की है। जिला प्रधान सचिव संजय कुमार ने मंच संचालन करते हुए कहा कि प्रोन्नति, स्थानांतरण और पेंशन बहाली संघ की प्राथमिक प्राथमिकताओं में हैं। कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) के जिला सचिव रविन्द्र कुमार और संयुक्त सचिव सत्येन्द्र कुमार ने भी एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान किया।

# केंद्र ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अंतर्गत 'वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण' के लिए नियम अधिसूचित किए

1 जुलाई 2025 से लागू होंगे नियम; सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और यातायात परिचाल में निष्पक्षता सुनिश्चित करना है सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात परिचालन में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उपभोक्ता मामले विभाग ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अंतर्गत 'वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण' के लिए नियम अधिसूचित किए हैं। ये नियम 1 जुलाई 2025 से लागू होंगे जिससे उद्योगों और प्रवर्तन एजेंसियों को प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इन नियमों के अनुसार सभी रडार-आधारित गति मापक उपकरणों विधिक माप विज्ञान अधिकारियों द्वारा सत्यापित और मुहर लगाए हुए होने चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि ऐसे उपकरण सही हैं, कैलिब्रेटेड हैं और कानूनी रूप से नियमानुसार हैं जिससे पारदर्शिता, जनता में विश्वास और नियमों का पालन करने में ईमानदारी बढ़ेगी। सत्यापित रडार सिस्टम वाहनों की गति की निगरानी, दुर्घटना की रोकथाम और सड़क के पर हुई टूट-फूट को कम करने जैसे अनुप्रयोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन नियमों का प्रारूपण अंतर्राष्ट्रीय मानक ओआईएमएल आर 91 पर आधारित तकनीकी इनपुट वाली समिति द्वारा किया गया था। नियमों को अंतिम रूप देने से पहले राज्य विधिक माप विज्ञान विभागों, क्षेत्रीय संदर्भ मानक प्रयोगशालाओं (आरआरएसएल), निमार्ताओं और उपभोक्ता संगठनों सहित हितधारकों से प्रस्तुतियों और सार्वजनिक फीडबैक के माध्यम से परामर्श किया गया था। इन नियमों के क्रियान्वयन से सभी हितधारकों को महत्वपूर्ण लाभ मिलता है। आम नागरिकों के लिए, रडार-आधारित गति माप उपकरणों का अनिवार्य सत्यापन, गति सीमाओं के सटीक प्रवर्तन को सुनिश्चित करेगा, जिससे अनुचित दंड को रोका जा सकेगा और सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नागरिक यह जानकर अधिक आत्मविश्वास के साथ गाड़ी चला सकते हैं कि इन नियमों का अनुपालन वैज्ञानिक रूप से मान्य और कानूनी रूप से प्रमाणित उपकरणों पर आधारित है। उद्योगों के लिए, विशेष रूप से रडार-आधारित गति मापक उपकरणों के विनिर्माण में शामिल उद्योगों के लिए, नए नियम ओआईएमएल आर 91 जैसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक स्पष्ट तकनीकी और नियामक ढांचा स्थापित करते हैं। यह न केवल घरेलू नवाचार और अनुपालन को प्रोत्साहित करता है

# छातापुर से सत्ता पलट की हुंकार: वीआईपी की पंचायत स्तरीय बैठक में गरजे संजीव मिश्रा

छातापुर में बदलाव अब विकल्प नहीं, जरूरत है - और वीआईपी इस जरूरत की सबसे सशक्त आवाज बन चुकी है
अब बिचौलियों की नहीं, जनसेवकों की होगी सरकार - मिशन 2025 के लिए गांव-गांव की तैयारी शुरू

**समाज जागरण बीरपुर/डा. रूद्र किंकर वर्मा।**



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की रणनीति को लेकर विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) ने छातापुर में बिगुल फूंक दिया है। शुक्रवार को सुपौल जिले के बीरपुर मुख्यालय स्थित एक प्रतिष्ठित होटल परिसर में आयोजित पंचायत स्तरीय बैठक में वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री संजीव मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में एलान किया -अब छातापुर को बिचौलियों, भ्रष्टाचार और जातिवाद की राजनीति से मुक्त कराना हमारा लक्ष्य नहीं, जनादेश बन चुका है। बैठक की अध्यक्षता छातापुर विधानसभा के प्रवक्ता विकास कुमार ने की। इस कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आम जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अब नहीं सहेंगे छातापुर का राजनीतिक अपमान - संजीव मिश्रा अपने जोशीले संबोधन में संजीव मिश्रा ने कहा: छातापुर की जनता वर्षों से विकास के नाम पर छल की राजनीति सह रही है। इस बार नारा नहीं, परिवर्तन होगा। दलालों और ठेकेदारों की सरकार को अब घर बैठाने का वक्त आ गया है। हम नेता नहीं, सेवक बनकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से पंचायत और वार्ड स्तर पर बूथ कमेटियों का गठन, सदस्यता अभियान, और जनसंपर्क यात्रा को तेज करने का आह्वान किया। जमीनी रणनीति और संगठन की मजबूती पर जोर बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 2025 में वीआईपी की जीत सुनिश्चित करने के लिए संगठन को हर गांव तक पहुंचाना होगा। हर पंचायत में नियमित बैठकें घर-घर जाकर विचारधारा का प्रचार, महिला और युवा नेतृत्व को प्राथमिकता, जाति और वर्ग के बंधन से ऊपर उठकर जनभागीदारी । महिलाओं की भागीदारी होगी निर्णायक संजीव मिश्रा ने कहा कि वीआईपी की लड़ाई सिर्फ सत्ता की नहीं, सामाजिक न्याय और प्रतिनिधित्व की है। "अब मंच पर भी महिलाएं होंगी, निर्णय में भी। युवा सिर्फ नारों तक सीमित नहीं रहेंगे, संगठन का चेहरा बनेंगे।" कार्यकताओं को मिला स्पष्ट संदेश मिश्रा ने कार्यकताओं को स्पष्ट रूप से संदेश दिया: "वीआईपी सिर्फ चुनाव लड़ने नहीं, छातापुर का राजनीतिक डीएनए बदलने आई है। अब वो राजनीति नहीं चलेगी जो सिर्फ वादा करती है, अब वो चलेगी जो हिसाब देगी।" बैठक में मौजूद प्रमुख चेहरे इस अहम बैठक में इन प्रमुख नेताओं की उपस्थिति रही: संजीव मिश्रा (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), विकास कुमार (विधानसभा प्रवक्ता), विनय मंडल, मोनू मिश्रा, सौरव कुमार मंडल, बिरेन्द्र मंडल, चंदन राउत, सूरज कुमार, मनोज राम, राहुल सिंह, मुकेश पाठक, मो. सदरे आलम, ललन कुमार, मौलाना शमीम अख्तर, मुफ्ती मो. हशमतुल्लाह, मो. शमशाद आलम सहित कई पंचायत स्तरीय पदाधिकारी। हर पंचायत में अगला पड़ाव अंत में विकास कुमार ने कहा कि यह बैठक संगठन के लिए नई शुरूआत है। अब अगला पड़ाव हर पंचायत में कार्यकर्ता सम्मेलन और गांव-गांव जनसंवाद अभियान होगा।

# समय पर पहचान और प्रबंधन से बचाई जा रही मां और नवजात की जिंदगी

अररिया में हाई रिस्क प्रेगनेंसी मामलों की रोकथाम में स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता ला रही रंग

**समाज जागरण अररिया ।**



मां और नवजात की सुरक्षा को लेकर अररिया जिला स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) के मामलों पर फोकस बढ़ा दिया है। समय पर पहचान और वैज्ञानिक प्रबंधन से जच्चा-बच्चा की जान को खतरे से बचाने में अब उल्लेखनीय सफलता मिल रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, गर्भवती महिलाओं में हर 100 में से लगभग 10 महिलाएं हाई रिस्क प्रेगनेंसी की श्रेणी में आती हैं। ऐसे मामलों में सामान्य प्रसव की तुलना में जटिलताएं अधिक होती हैं, जिससे मां और शिशु दोनों की जान खतरे में पड़ सकती है। एचआरपी: मातृ-शिशु मृत्यु का एक बड़ा कारण सदर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक एवं एनसीडीओ डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि कम उम्र में गर्भधारण, दो बच्चों के बीच कम अंतर, एनीमिया, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, पूर्व में सिजेरियन या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हाई रिस्क प्रेगनेंसी की वजह बनती हैं। ऐसे मामलों में समय रहते पहचान और समुचित देखभाल बेहद जरूरी होती है। डॉ. कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA) जैसे कार्यक्रम एचआरपी मामलों की समय पर पहचान और ट्रैकिंग में मददगार साबित हो रहे हैं। इसके जरिए गांव स्तर पर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच में जागरूकता बढ़ी है। मार्च महीने में 233 हाई रिस्क मामले चिह्नित जिला कार्यक्रम प्रबंधक (DPM) संतोष कुमार के अनुसार, मार्च 2025 में जिले भर से 233 हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामले चिह्नित किए गए, जिनमें से 177 महिलाओं का सुरक्षित प्रसव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इनमें से 161 महिलाएं संस्थागत प्रसव से लाभान्वित हुईं, जिसमें अधिकतर सामान्य प्रसव ही रहे। संतोष कुमार ने बताया कि 94 महिलाओं को निःशुल्क एंबुलेंस सेवा के जरिए अस्पताल तक पहुंचाया गया, वहीं 130 प्रसव उपरांत माताओं को एंबुलेंस सेवा से उनके घर सुरक्षित छोड़ा गया। सर्विलांस और ट्रैकिंग से बनी स्थिति पर पकड़ सिविल सर्जन डॉ. केके कश्यप ने बताया कि विभाग की प्राथमिकता एचआरपी मामलों की पहली तिमाही में ही पहचान करना और उचित प्रबंधन सुनिश्चित करना है। इसके लिए वीएचएसएनडी (VHSND), आशा कार्यकताओं की सतत निगरानी, और गर्भवती महिलाओं की चार बार जांच (ANC Check-up) पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकताओं और चिकित्सा स्टाफ के सहयोग से हाई रिस्क मामलों को समय पर ट्रैक कर बेहतर परिणाम हासिल किए जा रहे हैं। अररिया जिले में समय रहते एचआरपी की पहचान और उसका समुचित प्रबंधन मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने में एक बड़ी उपलब्धि साबित हो रहा है। यह पहल आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित मातृत्व की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# सिकटी से चुनावी समर में उतर सकते हैं ई. मनोज झा, राजद की ब्राह्मण कार्ड पर निगाह

लोहा ही लोहे को काटेगा, सीमांचल में भाजपा के किले में सेंध की तैयारी

**समाज जागरण पटना।**



2025 विधानसभा चुनाव को लेकर सीमांचल की सियासत गरमाने लगी है और इस बार सिकटी विधानसभा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की रणनीति साफ नजर आने लगी है। राजद की नजर इस बार प्रतिष्ठित ब्राह्मण चेहरा इंजीनियर मनोज झा पर टिकी हुई है, जिन्हें टिकट देकर पार्टी बीजेपी के वोट बैंक में सेंधमारी और सीमांचल में ब्राह्मण समुदाय को गोलबंद करने की कोशिश में है। ई. मनोज झा, जो सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक सभी मोर्चों पर मजबूत माने जाते हैं, को टिकट देकर राजद ए टू जेड समीकरण को धरातल पर उतारने का संकेत दे रही है। पार्टी सूत्रों की मानें तो "लोहा ही लोहे को काटेगा" की रणनीति के तहत मनोज झा को मैदान में उतारने की चर्चा जोरों पर है, ताकि भाजपा के मजबूत ब्राह्मण वोट बैंक को सीधी चुनौती दी जा सके। गौरतलब है कि इस सीट से पूर्व में बालकृष्ण झा जैसे ब्राह्मण नेता विधायक रह चुके हैं, ऐसे में मनोज झा को उतारकर राजद एक बार फिर उसी सामाजिक वर्ग में पकड़ मजबूत करने की कोशिश करेगी। मनोज झा की छवि एक शिक्षित, सजग और सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्ति की रही है, जो उन्हें सीमांचल के अन्य जातिगत समीकरणों के बीच एक सर्वमान्य उम्मीदवार बनाती है। राजद का यह दांव अगर सही बैठा, तो सिकटी में समीकरणों का उलटफेर तय माना जा रहा है।

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में तकनीकी दक्षता पर आनलाइन वर्कशॉप शुरू

देशभर के विभिन्न संस्थानों से 200 प्रतिभागी हुए शामिल।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**




हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के शिक्षकों और प्रशिक्षुओं का दो दिवसीय आनलाइन वर्कशॉप शुक्रवार को शुरू हो गया। इसमें डेवलपमेंट इफेक्टिव मेथड आफ टेक्निकल असेस्मेंट एंड इवैल्यूएशन पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें झारखंड, केरल, गुजरात, उत्तराखंड, त्रिपुरा, ओडिशा, पंजाब समेत देशभर के विभिन्न संस्थानों के 200 प्रतिभागी शामिल हुए। अंडर इंटरनल क्वालिटी असोरेंस सेल (आइक्यूएसी) के तत्वावधान में काउंसिल फॉर टीचर्स प्रोफेशनल डेवलपमेंट (सीटीपीडी) इंडिया के सहयोग से आयोजित वर्कशॉप में तकनीकी मूल्यांकन और आकलन की प्रभावी विधियों के विकास पर जानकारी दी गई। इस कार्यशाला के माध्यम मुख्य अतिथि प्रोग्राम डायरेक्टर, सीटीपीडी डीन, फैकल्टी आफ एजुकेशन मदरहूड यूनिवर्सिटी, रूड़की उत्तराखंड प्रोफेसर एसपी पचौरी ने भी अपनी बातें रखीं और वर्तमान दौर में इसकी उपयोगिता को महत्वपूर्ण बताया। वहीं हेड एंड एसोसिएट प्रोफेसर डिपार्टमेंट आफ एजुकेशन स्कूल आफ लिबरल आर्ट्स जीडी गोयनका यूनिवर्सिटी गुरुग्राम व सर्किल डायरेक्टर डिजिटल सर्किल सीटीपीडी इंडिया डॉ प्रवेश लता ने आनलाइन प्रभावी तकनीकी मूल्यांकन प्रणाली, प्रश्न और टूल्स तकनीकी दक्षताओं की बेहतर परख, डिजिटल युग में ऑनलाइन मूल्यांकन को विश्वस्नीय बनाने आदि के बारे में बताया। वहीं गूगल के माध्यम से आनलाइन क्लासरूम विकसित करने, परीक्षा लेने, मूल्यांकन कर नंबर देने तक की जानकारी उपलब्ध कराई। आइक्यूएसी को-आर्डिनेटर डॉ अनुरंजन कुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि आज के तेजी से बदलते तकनीकी युग में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि हम तकनीकी क्षमताओं और दक्षताओं का सही और सटीक मूल्यांकन करें। चाहे बात किसी शैक्षणिक संस्थान की हो, उद्योग जगत की या सरकारी क्षेत्र की। सभी के लिए यह जरूरी है कि तकनीकी ज्ञान और कौशल का आकलन आधुनिक, वैज्ञानिक और निष्पक्ष तरीकों से किया जाए। इस ऑनलाइन वर्कशॉप का उद्देश्य प्रतिभागियों को तकनीकी मूल्यांकन और आकलन की प्रभावी विधियों से अवगत कराना है। इसमें हम विभिन्न मूल्यांकन उपकरणों, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और मूल्यांकन के मापदंडों की चर्चा करेंगे, ताकि तकनीकी परीक्षण अधिक सटीक, पारदर्शी और उपयोगी बन सके। इससे पहले प्राचार्या डॉ वसुंधरा कुमारी ने गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का इतिहास बताया। सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि ने अतिथियों का स्वागत, वर्षा कुमारी ने अतिथियों का परिचय और डॉ पुष्पा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। शनिवार को डॉ बलबीर कौर, प्रोफेसर, स्कूल आफ एजुकेशन श्री गुरु राम राय यूनिवर्सिटी देहरादून, उत्तराखंड और प्रोग्राम डायरेक्टर डिजिटल सर्किल सीटीपीडी इंडिया का सत्र होगा।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया कृषा इंडस्ट्री के शुद्ध पेयजल उत्पादन प्लांट का किया उद्घाटन

हमारा लक्ष्य है कि हजारीबागवासियों को गुणवत्तापूर्ण शुद्ध जल सुलभ हो। साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए : प्रदीप प्रसाद

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग के पंचशील कॉलोनी में स्थित कृषा इंडस्ट्री द्वारा स्थापित शुद्ध पेयजल ड९ील्ल उ४ल्ल’ल्ॅ हं३१ निर्माण प्लांट का भव्य उद्घाटन हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधिवत रूप से फीता काटाकर व स्विच दबाकर प्लांट की उत्पादन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना के साथ कार्य प्रारंभ हुआ। यह शुद्ध पेयजल उत्पादन प्लांट 200 एम एल से लेकर 1 लीटर तक की बोतलों में पेयजल का निर्माण करेगा, जो आमजन को सुलभ एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल न केवल स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी लेकर आई है। उद्घाटन समारोह के दौरान कृषा इंडस्ट्री की ओर से सदर



विधायक प्रदीप प्रसाद का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उन्हें सम्मानस्वरूप एक स्मृति चिह्न (मोमेंटो) भेंट किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, उद्यमीगण उपस्थित थे। प्लांट के संचालक विशाल कुमार सिन्हा ने जानकारी दी कि इस उद्योग के माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि कृषा इंडस्ट्री का मुख्य उद्देश्य है आम जनता को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल सुलभ कराना तथा स्थानीय जनसमुदाय को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि उत्पादन की पूरी प्रक्रिया में स्वच्छता, गुणवत्ता और मानकों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की शुद्ध पेयजल कृषा इंडस्ट्री स्थापित करना न केवल सराहनीय कदम है, बल्कि यह हजारीबाग की जनता के स्वास्थ्य, रोजगार और स्वच्छता की दिशा में एक सशक्त पहल है। मैं इस प्रयास के लिए विशाल कुमार सिन्हा एवं उनकी पूरी टीम को हृदय से बधाई देता हूँ और अपेक्षा करता हूँ कि आने वाले समय में यह बेहतर सेवा देगा व उज्जवल भविष्य का कामना करता हूँ।

# दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार हुआ घायल

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता पदमा, दैनिक समाज जागरण**

पदमा-पदमाओपी क्षेत्र के लाटी स्थित हजारीबाग इटखोरी मुख्य मार्ग में मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोटरसाइकिल क्रमांक जे एच 02 ए एक्स9238का चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।घायल को ओपी पुलिस के अवर निरीक्षक विपिन बिहारी सिंह संदल बल पुलिस वाहन में लेकर अस्पताल पहुंचाया।दुर्घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है।घायल का नाम दीपक सिंह पिता मनोज सिंह टोना टांड इटखोरी चतरा बताया जाता है।



## एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना सिकरी साइड कार्यालय के बाहर युवा विस्थापित संघर्ष समिति के द्वारा एक दिवसीय धरना का होगा प्रदर्शन

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना सिकरी साइड कार्यालय के बाहर 21 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को युवा विस्थापित संघर्ष समिति बड़कागांव के द्वारा एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है ' जिसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग से अनुमति ली गई है ' एक दिवसीय धरना का मुख्य मांग कट ऑफ डेट मे सुधार करना है ' युवा विस्थापित संघर्ष समिति कि इस एकदिवसीय धरना प्रदर्शन में विस्थापन को लेकर जो कट ऑफ डेट अप्रैल 2016 निर्धारित किया गया है उसे हटाकर जब लोगों को विस्थापित किया जाए उस वक्त का कट ऑफ डेट निर्धारित करने की मांग की जा रही है । युवा विस्थापित संघर्ष समिति के द्वारा कट ऑफ डेट में बदलाव की मांग को लेकर पिछले एक साल से लगातार धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जा रहा है और इनकी मांग को संगायन में लेते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने संसद में भी आवाज उठाई है परंतु एनटीपीसी के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है ' विस्थापित क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीण और युवा ने कहा है कि जब तक कट ऑफ डेट में बदलाव नहीं हो जाता तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा '

## भाकपा माले का जिला सम्मेलन किया गया कई प्रखंड के कार्यकर्ता हुए शामिल

**दैनिक समाज जागरण। कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**




बड़कागांव गुरु चट्टी कुशवाहा धर्मशाला में दो दिवसीय भाकपा माले चौथा जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मिथिलेश कुमार सिंह एवं संचालन रामकुमार भार्गव ,शिव सिंह, सुधीर यादव, शेर मोहम्मद, घनश्याम पाठक ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन में हजारीबाग जिला के तमाम सभी प्रखंडों से वरिष्ठ क्रियाशील मेंबर लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि भाकपा माले के राज्य समिति सदस्य उस्मान अंसारी ने कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने गांव में जाएं भाकपा माले को मजबूत करें। मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले हमेशा मजदूरों की समस्याओं को दूर करने के लिए हमेशा लड़ती आई है। जहां भी मजदूरों पर शोषण अत्याचार होगा भाकपा माले हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं भाकपा माले के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी पेरू प्रताप ने कार्यकताओं से कहा कि हमें संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। संगठन के मजबूती से ही पार्टी आगे बढ़ेगी । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं लोगों को पार्टी से जोड़ें। इसके अलावा कई प्रखंडों से पहुंचे क्रियाशील सदस्यों ने भी अपनी-अपनी बातों को रखा एवं संगठन की मजबूती पर जोर दिया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पैरू प्रताप, सफदर इमाम, करुणा कुमारी, खुर्शीद आलम, मदन सिंह, सरवन कुमार ,बद्री सिंह, अशोक गुप्ता, अशोक चौधरी, मुबारक अंसारी ,अरुण कुमार ,कृष्ण राणा, दिलीप वासके के अलावा दर्जनों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माले के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जलवायु परिवर्तन और हम: एक पहल समाधान की ओर

### स्टेकहोल्डर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**



पसई पंचायत भवन में शुक्रवार को झारखंड सरकार के वन विभाग द्वारा "जलवायु परिवर्तन और हमः एक पहल समाधान की ओर" विषय पर एक दिवसीय स्टेकहोल्डर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पसई पंचायत भवन में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से जुड़े मुद्दों पर स्थानीय समुदाय, किसानों, महिलाओं एवं जनप्रतिनिधियों को जागरूक करना तथा समाधान की दिशा में सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था।

यह आयोजन असर, पंच सफर एवं सिद्धा संस्थाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान नेशनल मिशन ऑन स्ट्रेटेजिक नॉलेज फॉर क्लाइमेट चेंज के तहत जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों पर गहन चर्चा की गई।प्रमुख सत्र एवं गतिविधियां प्रशिक्षण का संचालन विशेषज्ञ गुलाब चंद्र प्रजापति, ओमकार एवं उज्ज्वल सहाय द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की अवधारणा, इसके कारणों, प्रभावों और समाधान के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में सामुदायिक सवाल-जवाब सत्र का भी आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय समस्याओं और उनके समाधान पर संवाद किया गया। प्रतिभागियों ने प्रश्नावली भरकर लिखित सुझाव भी दिए। प्रमुख प्रतिभागी इस कार्यक्रम में पसई, वानादाग और बांका पंचायतों से सहिया, किसान, मजदूर, जनप्रतिनिधि एवं अन्य स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थिति में प्रमुख रूप से शामिल रहे । मुखिया परमेश्वर गोप, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष इंद्रनारायण कुशवाहा, पसई के पूर्व पंसस कुमारी किरण वर्मा आदि ने जलवायु परिवर्तन के कारण व समाधान पर विचार दिया। मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, पृथ्वीराज चौहान, दिलचंद प्रसाद, धीरज राणा, संजीत दिवाला तुफानी, जागेश्वर प्रसाद, संजय प्रजापति, महेश प्रसाद, शकुंतला देवी, द्रौपदी देवी, प्रभा वर्मा, जरीना खातून, उषा देवी, महेंद्र प्रसाद, तपेश्वर प्रजापति, लक्ष्मी देवी, संजू देवी, गणेश प्रसाद सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रभाव कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में मिले ज्ञान और विचारों को अपने समुदाय में लागू करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सशक्त पहल के रूप में देखा गया।

# असम में बिहारीयो की दुर्दशा रोहिंग्या मुसलमान से भी बद्तर।

**दैनिक समाज जागरण**

असम के विभिन्न जिलों में बिहारियों समुदाय के लोग निवास कर रहे हैं। उनकी पीढ़ी दर पीढ़ी यही की मिट्टी में रस बस गए हैं। उसके बावजूद भी उन्हें बहिरागत कहा जा रहा है। आज असम में बिहारी शब्द मानो शब्दकोश में गाली हो गई है। बिहारी समुदाय के लोग मेहनतकश इंसान होने के बावजूद आज उनका असम में कोई अस्तित्व नहीं है। बिहार यूपी के लोग का ना कोई विवाह भवन है ना कोई कम्युनिटी हॉल ना कोई छठ पूजा के लिए कोई व्यवस्थित घाट। सदियों से असम के भूमि में निवास कर यहां की संस्कृति तथा जीवनचार्य में सम्मिलित है उसके बावजूद भी यहां में रह रहे अन्य चाय जनजाति, नेपाली समुदाय बंगभाषी , बंगभाषी मुसलमान से पिछड़े हुए हैं आज उनके पास सही समय में उनकी आवाज बनकर उभरते नेता है । इसका मुख्य कारण है बिहारी समुदाय के नेता है सिर्फ अपनी जेब भरने के लिए वे लोग अपने समुदाय के नेता बनकर अपने ही समुदाय को उपेक्षित करने में लगे है और सरकार की वंदना कर वाह वाह ही लूटने तथा बड़े शीर्ष नेताओं के साथ फोटो खींच कर फेसबुक में अपलोड कर अपने जाति की प्रतिनिधि बताने में लगे हुए। आज यह बात आ पड़ी है यूपी बिहार में जन्मे लोग क्या श्रापित है क्या ?आछूत है ? आज जो यूपी बिहार अन्न उत्पादन के क्षेत्र में आगे है और पूरे भारतवर्ष के लोगों के लिए उन का उपज कर देशवासियों का पेट भरता है आज वही यूपी बिहार के लोग बिहार शब्द के गली से अन्य प्रदेश में परिचित होते हैं। अभी बिहारी की एक जुट नहीं हुई है कहा गया है कि बाटोगे तो काटोगे यह बात बिहारी के ऊपर चिर्तराथ होती है । आज असम में विशेष कर बिहार यूपी के लोग बिहारियों के ऊपर आए दिन मानसिक रूप से उत्पीड़न तथा बैईजत किया जा रहा है।

## मारपीट कर घायल करने व अमर्यादित व्यवहार का आरोप।

### अल्पिटो पंसस प्रतिनिधि समेत आठ से दस लोगों पर महिला ने लगाए आरोप।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के चौथा में राम राज मेला में महिला ने साथ अमर्यादित व्यवहार कराने का आरोप लगाया है ।जिसकी शिकायत पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। दर्ज कराई शिकायत में महिला ने कहा कि परिजनों के साथ मेला देखने आई थी।अचानक वहां आए मिथिलेश यादव एवं अर्जुन यादव अमर्यादित व्यवहार करने लगे ।जिस पर बचाव को ले महिला के आवाज लगाने पर पास में खडे परिजन सामने आए ।जिसके साथ आरोपियो ने मारपीट कर घायल कर दिया ।किसी तरह बचकर घर जाने के दौरान रास्ते में रोककर मारपीट किया गया एवं जान से मारने की धमकी दी गई ।नामजद आरोपियो से पुछने पर बताया गया कि हमारे उपर मनगंढत आरोप लगाया गया है ।आरोप बेबूनियाद एवं निराधार है ।पुरानी रंजिश के तहत परेशान करने को ले हम पर आरोप लगाया गया है ।उनका कहना है हमारे साथ गई घर की महिलाओ के साथ अमर्यादित किया गया। उपर से हमारे उपर आरोप लगाया गया है ।यह गलत है। दूसरे पक्ष की 26 बर्षीय महिला ने पहले पक्ष के संतोष, लखन, दीपक, भीखन रविदास के अलावा अज्ञात 8-10 लोगों पर मारपीट कर घायल करने एवं अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया है ।महिला का कहना है वह पति एवं रिश्तेदार के साथ मेला देखने आई थी ।वहां आरोपियो ने उसके साथ अमर्यादित व्यवहार करने लगे ।जिसे देख पति एवं रिश्तेदार के मना करने पर आरोपियो ने उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया ।महिला की इस शिकायत पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। कुछ महीनों से लगातार चर्चा का विषय बना अल्पिटो पंचायत।

## मारपीट कर घायल करने व अमर्यादित व्यवहार का आरोप।

### अल्पिटो पंसस प्रतिनिधि समेत आठ से दस लोगों पर महिला ने लगाए आरोप।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड के चौथा में राम राज मेला में महिला ने साथ अमर्यादित व्यवहार कराने का आरोप लगाया है ।जिसकी शिकायत पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। दर्ज कराई शिकायत में महिला ने कहा कि परिजनों के साथ मेला देखने आई थी।अचानक वहां आए मिथिलेश यादव एवं अर्जुन यादव अमर्यादित व्यवहार करने लगे ।जिस पर बचाव को ले महिला के आवाज लगाने पर पास में खडे परिजन सामने आए ।जिसके साथ आरोपियो ने मारपीट कर घायल कर दिया ।किसी तरह बचकर घर जाने के दौरान रास्ते में रोककर मारपीट किया गया एवं जान से मारने की धमकी दी गई ।नामजद आरोपियो से पुछने पर बताया गया कि हमारे उपर मनगंढत आरोप लगाया गया है ।आरोप बेबूनियाद एवं निराधार है ।पुरानी रंजिश के तहत परेशान करने को ले हम पर आरोप लगाया गया है ।उनका कहना है हमारे साथ गई घर की महिलाओ के साथ अमर्यादित किया गया। उपर से हमारे उपर आरोप लगाया गया है ।यह गलत है। दूसरे पक्ष की 26 बर्षीय महिला ने पहले पक्ष के संतोष, लखन, दीपक, भीखन रविदास के अलावा अज्ञात 8-10 लोगों पर मारपीट कर घायल करने एवं अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया है ।महिला का कहना है वह पति एवं रिश्तेदार के साथ मेला देखने आई थी ।वहां आरोपियो ने उसके साथ अमर्यादित व्यवहार करने लगे ।जिसे देख पति एवं रिश्तेदार के मना करने पर आरोपियो ने उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया ।महिला की इस शिकायत पर थाने में मामला दर्ज किया गया है। कुछ महीनों से लगातार चर्चा का विषय बना अल्पिटो पंचायत।

## राहुल राणा की स्थिति नाजुक बनी हुई है ,अब तक होश नहीं

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**

बड़कागांव : बुधवार की शाम हजारीबाग रोड स्थित आईडीबीआई बैंक के पास आपस में दो मोटरसाइकिल की टक्कर में घायल हुए तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसमें एक की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। गंभीर रूप से घायल राहुल राणा को 24 घंटा से अधिक समय बीत जाने



के बावजूद अब तक होश नहीं आया है। जानकारी के अनुसार स्थिति नाजुक बताई जा रही है । राहुल का इलाज रांची के अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं गुड्डन राणा का इलाज हजारीबाग के आरोग्य हॉस्पिटल में किया जा रहा है। गुड्डन अब पूरी तरह से होश में है बातचीत कर रहा है। घायलों को माथे में गंभीर चोट आई थी । मामले को लेकर थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि बुधवार की देर शाम सड़क बाइक दुर्घटना में तीनों घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया था। अभी तक किसी के द्वारा आवेदन दिया नहीं गया है । आवेदन प्राप्त होते ही जांच पड़ताल कर करवाई की जाएगी।

## मिशन होस्पिटल में आज निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर

### ब्रेन, स्पाइन एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विराट हर्ष निशुल्क जांच एवं परामर्श में देंगे अपना योगदान

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

हजारीबाग रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आज शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया है। जिसमें ब्रेन, स्पाइन एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विराट हर्ष निशुल्क जांच एवं परामर्श में अपना योगदान देंगे। शिविर में ब्रेन स्ट्रोक/लकवा/ब्रेन हेमरेज, सर एवं रीढ़ में चोट, सिरदर्द या माइग्रेन, मिर्गी के दौरे/फरका, चेहरे के नसों में दर्द, चेहरे का लकवा, हैड्रोकिपहलस, पार्किंसन, अल्जामडर, स्पाइनल ट्यूमर, गर्दन, पीठ या कमर दर्द, साइटिका या स्लिप डिस्क, सिर और पैर का सुन्न होना, रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, कार्पल टनल सिंड्रोम, न्यूरोपैथी, हाथ पैर कापना, हाथ पैर में सूनापन या झनझनाहट, ब्रेन या स्पाइन की जन्मजात विकृति एवं याददाश्त में कमी पर निशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर पूरी तरह से निशुल्क है। मिशन होस्पिटल में ब्रेन, स्पाइन एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. विराट हर्ष प्रत्येक शनिवार को दोपहर 2:00 से 3:00 बजे तक बैठते हैं और मरीजों की सेवा में अपना योगदान देते आ रहें हैं।

## उपायुक्त तथा पुलिस कप्तान का सम्मान श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति ने किया

### जिला तथा पुलिस प्रशासन का व्यवहार काफी सकारात्मक ; टोनी जैन

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**




श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने हजारीबाग की उपयुक्त श्रीमती नैंसी सहाय को कार्यालय में तथा पुलिस कप्तान श्री अरविंद कुमार सिंह को एसपी कोठी निवास स्थान पर मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान किया, उपयुक्त श्रीमती नैंसी साहब ने अपने वक्तव्य में कहा की हमारा हजारीबाग में यह चतुर्थ रामनवमी पर्व है यहां के राम भक्तों का उत्साह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत अधिक थी इस बार प्रचंड गर्मी होने के बावजूद भी राम भक्तों की उत्साह में कोई कमी नहीं आई, और काफी धूमधाम के साथ उन्होंने यह पर्व का आनंद लिया/ पुरुषों के साथ-साथ इस बार महिला विंग भी काफी सक्रिय दिखी और रामनवमी महापर्व की शोभा को बढ़ा रही थी ,यह एक सकारात्मक पहल है, पुलिस कप्तान श्री अरविंद कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सारे समिति कमेटी का सहयोग प्रशासन को भरपूर मिला सभी ने पुलिस के साथ मिलकर व्यवस्थित झांकी आगे बढ़ाने का कार्य किया मुस्लिम समुदाय के लोगों भी प्रशासन का हर संभव मदद कर रहे थे, और झांकी तथा राम भक्तों को कोई व्यवधान नहीं पड़े इसका हर संभव ध्यान रख रहे थे ,इस रामनवमी महापर्व में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हुई ,पुलिस कप्तान ने कहा राम भक्त पूरे सोहादपूर्ण वातावरण में रामनवमी महापर्व का आनंद ले रहे थे हम लोग सिर्फ सहयोगी की भूमिका में कार्य कर रहे थे टोनी जैन ने दोनों अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों के दिशा निर्देश में यह रामनवमी महापर्व काफी अच्छी तरीके से संचालित हो पाई ,पुलिस का सहयोग बहुत ही सकारात्मक था, पुलिस के जितने भी जवान अधिकारी महिला अधिकारी सभी की जितनी तारीफ की जाए कम है, एक सहयोगी के साथ-साथ दोस्त की भूमिका में भी पुलिस अधिकारी अपने फर्ज को निभा रहे थे ,राम भक्तों के साथ-साथ आम जनमानस के प्रति भी पुलिस ने अच्छी मिसाल पेश की ,हजारीबाग की जनता को आप जैसे अधिकारी से बहुत उम्मीद है /इस मौके पर स्वागत समिति के सोनू गुप्ता अमित पांडे शेखर गुप्ता निशिकांत सिंह उपस्थित थे

## यासीन खान बने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति सदस्य

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**

हजारीबाग : यासीन खान को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केन्द्रीय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण दायित्व उन्हें पार्टी के 13वें केन्द्रीय महाधिवेशन में राँची में सौंपा गया। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन, नवनिर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, केबिनेट मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, मंत्री हफिजुल हसन, मंत्री योगेन्द्र महतो, दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा, वरीय नेता विनोद कुमार पाण्डेय, हजारीबाग जिला अध्यक्ष



संजीव कुमार बेदिया एवं जिला सचिव नीलकंठ महतो सहित सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया। यासीन खान ने कहा कि यह नियुक्ति उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन की ओर से जो भरोसा जताया गया है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता के साथ निभाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर तक मजबूत करना और जनसमस्याओं को प्राथमिकता देना उनका प्रमुख उद्देश्य रहेगा। उन्होंने हेमन्त सोरेन के नेतृत्व को युवा और जनहितकारी बताया। जैसे ही यासीन खान की नियुक्ति की खबर फैली, उन्हें बधाई देने वालों की भीड़ लग गई। पार्टी कार्यकताओं, समर्थकों और समाज के विभिन्न वर्गों से उन्हें बधाइयाँ मिल रही हैं। सभी ने इस नियुक्ति को संगठन को और मजबूती प्रदान करने वाला कदम बताया है। यासीन खान की वर्षों की निष्ठा, समर्पण और संगठन के प्रति सक्रिय भागीदारी को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा 21 अप्रैल को निकाली जाएगी विशाल आक्रोश रैली

### संविधान सर्वोपरि है, किसी भी हालत में शरिया नहीं चलेगा - प्रदीप प्रसाद. हफीजुल हसन का बयान राष्ट्रविरोधी है, जनता जवाब देगी 21 अप्रैल को :- प्रदीप प्रसाद. संविधान के अपमान पर चुप नहीं बैठेगी भाजपा :- विवेकानंद सिंह

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग जिला द्वारा दिनांक 21 अप्रैल को एक विशाल आक्रोश रैली एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शुक्रवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय स्थित सभागार में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि बैठक में मुख्य रूप से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को आह्वान किया गया कि 21 अप्रैल को आयोजित रैली में अधिक से अधिक संख्या में आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे सरकार को यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि देश संविधान से चलेगा, न कि किसी मजहबी कानून से।

**रैली का उद्देश्य**

भारतीय जनता पार्टी की यह आक्रोश रैली झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन द्वारा दिए गए विवादित और संविधान विरोधी बयान पहले शरिया फिर संविधान के विरोध में आयोजित की जा रही है। भाजपा नेताओं का मानना है कि यह बयान भारतीय संविधान, लोकतंत्र, और बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की विचारधारा का घोर अपमान है। यह बयान केवल एक समुदाय को तुष्ट करने की राजनीति का हिस्सा है, जो देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सौहार्द को खतरे में डालता है। 21 अप्रैल को आयोजित इस रैली एवं गोष्ठी में कई वरिष्ठ और प्रतिष्ठित नेता उपस्थित रहेंगे, जिनमें प्रमुख से दीपक प्रकाश, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,भोला सिंह, लोकसभा सांसद, बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) एवं भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री,सुरेश साहू, संयोजक शामिल रहेंगे. रैली के उपरांत डॉ. भीमराव अंबेडकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाबा साहब के संविधान निर्माण में योगदान, उनके विचार एवं वर्तमान सामाजिक-सांस्कृतिक चुनौतियों पर विचार विमर्श किया जाएगा। वक्ताओं के माध्यम से संविधान की रक्षा एवं समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व जैसे मूल मूल्यों को जनमानस तक पहुँचाया जाएगा। भाजपा ने जनता से अपील की है कि वे संविधान की गरिमा की रक्षा एवं राष्ट्र की एकता के समर्थन में 21 अप्रैल की रैली में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हों और मंत्री के बयान के विरोध में एकजुट होकर लोकतांत्रिक आवाज बुलंद करें। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन द्वारा दिया गया बयान ह्यपहले शरिया फिर संविधान न केवल संविधान का अपमान है, बल्कि यह राष्ट्र की एकता और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, जहाँ संविधान सर्वोच्च है, न कि कोई मजहबी कानून। बाबा साहब अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया, वह हर भारतीय की अस्मिता और अधिकारों की गारंटी है। ऐसे विचार हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे के खिलाफ हैं। हम इस सोच को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जनता जाग चुकी है और 21 अप्रैल को हजारीबाग की धरती से इसका जवाब दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा की हफीजुल हसन का बयान संविधान विरोधी और विभाजनकारी है। भाजपा चुप नहीं बैठेगी। 21 अप्रैल को हजारीबाग की जनता संविधान के समर्थन में एकजुट होकर उसे करारा जवाब देगी। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य के.पी ओझा, हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, टुन्नु गोप, जिला उपाध्यक्ष रेणुका साहू, जिला मंत्री कुणाल किशोर, प्रदेशकार्य समिति सदस्य एससी मोर्चा विशाल वाल्मीकि, प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा मनमीत अकेला, महिला मोर्चा अध्यक्ष साक्षी राणा,मूलचंद साहू, मंडल अध्यक्ष सदर पूर्वी रणधीर पांडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा,दीपक पांडे सहित कई लोग मौजूद रहें.

# बडा अखाड़ा में श्रीमद भागवत महापूराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह गुरू दिक्षा समारोह का हुआ आयोजन

### सांसद मनीष जायसवाल एवं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सम्मिलित होकर सभी की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**

**दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**

शहर के बडा अखाड़ा परिसर में श्री राधा रानी भक्त मण्डली एंव धर्म सभा के अध्यक्ष महंत विजयानन्द दास के संयुक्त तत्वावधान में वैष्णव परंपरा का निर्वहन कर श्रीमद भागवत महापूराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ सह गुरू दिक्षा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं भाजपा नेत्री सहे ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। श्री राधा रानी भक्त मण्डली एंव धर्म सभा के अध्यक्ष महंत विजयानन्द दास ने सहृदय स्वागत एवं अभिनंदन



किया। समारोह की शुरूआत कलश स्थापना, वेदी पूजन, वैदिक पूजन एवं मुल पाठ कथा प्रवचन के साथ हुई। बड़ी संख्या में इसमें महिला एवं पुरूष कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने यज्ञ कार्यक्रम के संध्या आरती में सम्मिलित होकर सभी की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की। इस मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है। जिससे आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है और विश्व की कल्याण होती है।